12 फरवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 115

मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड के लिए काम कर रहा भारत : संजय सेठ



**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## झारखंड में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया अवैध

**सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट का फैसला बरकरार रखा**

**2010 में हुई थी परीक्षा, आदेश के बाद नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया निरस्त**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार द्वारा आयोजित चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की 2010 की भर्ती प्रक्रिया को अवैध और असंवैधानिक घोषित कर दिया है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से नियुक्ति की पूरी प्रक्रिया निरस्त हो गयी है। अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को छह महीने में उक्त पदों के लिए नया विज्ञापन जारी करने और नये सिरे से नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस संदीप मेहता की खंडपीठ ने सभी पक्षों को सुनने के बाद झारखंड हाइकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवारों को उनकी बात सुनने का अवसर दिये बिना बर्खास्त करने का फैसला सही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि असंवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से की गयी नियुक्तियों को संरक्षित नहीं किया जा सकता, भले ही उम्मीदवारों ने वर्षों तक काम किया हो और उनकी नियुक्ति रद्द करने से पहले उनकी बात नहीं सुनी गयी हो। यदि नियुक्ति प्रक्रिया अमान्य है, तो नियुक्तियों को रद्द किया जा सकता है, भले ही व्यक्ति सेवा में शामिल हो गया हो।

### क्या है मामला

दरअसल 29 जुलाई, 2010 के विज्ञापन के तहत अमृत यादव और अन्य कई लोगों की नियुक्ति चतुर्थवर्गीय पद पर की गयी थी। बाद में नियुक्ति के लिए किया गया विज्ञापन रद्द कर दिया गया। इसके बाद नियुक्त हुए लोगों ने पहले हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की। हाइकोर्ट से राहत नहीं मिलने के बाद उन लोगों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। वहां भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली।

## कानून तोड़नेवाले कानून कैसे बना सकते हैं : सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। क्या दोषी सांसदों और विधायकों के चुनाव लड़ने पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगना चाहिए? सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से इस पर तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा कि अगर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग तय समय में जवाब नहीं भी देते हैं, तो वह मामले को आगे बढ़ायेगा। कोर्ट ने अगली सुनवाई 4 मार्च के लिए निर्धारित की है। कोर्ट ने कहा कि दोषी नेताओं पर केवल छह साल तक चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने का कोई औचित्य नहीं है। जस्टिस मनमोहन और दीपांकर दत्ता ने कहा कि अगर किसी सरकारी कर्मचारी को दोषी ठहराया जाता है, तो वह जीवन भर के लिए सेवा से बाहर हो जाता है। फिर दोषी व्यक्ति संसद में कैसे लौट सकता है? कानून तोड़ने वाले कानून बनाने का काम कैसे कर सकते हैं?

## चुनाव आयोग इवीएम से डाटा डिलीट नहीं करेः सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) के सत्यापन के लिए नीति बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सीजेआइ संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने तक इवीएम में कोई डाटा रिलोड नहीं किया जाये, न कोई डाटा हटाया जाये। चुनाव आयोग को अब सुप्रीम कोर्ट में इवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर डिलीट करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देनी होगी। सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल और पांच बार के विधायक लखन कुमार सिंगला ने लगायी थी। उन्होंने कोर्ट से इवीएम की जांच के लिए मजबूत सिस्टम बनाने की मांग की थी।

### न्यूज रील्स

**पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगी ममता**

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में हार के बाद एक बार फिर इंडिया ब्लॉक की एकजुटता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दिल्ली के नतीजों के बाद ममता बनर्जी ने भी कहा कि वे 2026 में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेंगी। इस पर शिवसेना उद्धव गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने दिल्ली में कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी की पार्टी राज्य में विधानसभा और लोकसभा चुनाव हमेशा अकेले लड़ती आ रही हैं। लेकिन मेरा मानना है कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में इंडिया ब्लॉक से नाता तोड़ लिया है। हालांकि, केंद्र में वे गठबंधन का हिस्सा हैं। इस नाते उन्हें कांग्रेस पार्टी से एक बार जरूर बात करनी चाहिए। कांग्रेस गठबंधन का सबसे बड़ा दल है।

# एआइ मानवता के कोड लिख रहा : नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री फ्रांस के एआइ समिट में हुए शामिल

**एजेंसी**

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) इस सदी के लिए मानवता के कोड लिख रहा है। इसमें दुनिया बदलने की ताकत है। यह समाज-सुरक्षा के लिए जरूरी है। यह दिखाता है कि एआइ की सकारात्मक क्षमता असाधारण है। प्रधानमंत्री मंगलवार को पेरिस में एआइ समिट में बोल रहे थे। प्रधानमंत्री का मंगलवार को फ्रांस दौरे का दूसरा दिन था। यहां से वह अमेरिका जायेंगे।




**एआइ से नयी नौकरियों के अवसर पैदा होंगेः** प्रधानमंत्री ने कहा कि एआइ लाखों लोगों की जिंदगियां बदल रहा है। वक्त के साथ-साथ रोजगार का स्वरूप भी बदल रहा है। एआइ से रोजगार के संकट पर ध्यान देना होगा। इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती। एआइ से नयी नौकरियों के अवसर पैदा होंगे।

**भारत ने कम लागत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कियाः** मोदी ने कहा कि भारत ने सफलतापूर्वक कम लागत में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है। डाटा सशक्तिकरण के जरिये डाटा की ताकत को अनलॉक किया है। ये विजन भारत के राष्ट्रीय एआइ मिशन की नींव है। भारत अपने अनुभव और विशेषज्ञता को साझा करने के लिए तैयार है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भविष्य अच्छा और सभी के लिए हो।

### एआइ समाज को नया आकार दे रहा

मोदी ने समिट में अपनी बात की शुरुआत एआइ को लेकर एक उदाहरण देकर की। उन्होंने कहा कि मैं एक सरल उदाहरण देना चाहता हूं। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआइ ऐप पर अपलोड करते हैं, तो यह सरल भाषा में, आपके स्वास्थ्य के लिए इसका क्या मतलब है, समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि एआइ पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को नया आकार दे रहा है।

## तकनीकी कारण बता कर म्यूटेशन खारिज किया, तो कार्रवाईः बिरुआ

**सीओ को 50 शब्दों में अस्वीकार करने का ठोस कारण बताना अनिवार्य होगा**

**भू-राजस्व मंत्री ने की विभागीय समीक्षा, दिये निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि अंचलों में तकनीकी कारणों का हवाला देकर रैयतों के दाखिल खारिज आवेदनों को बेवजह अस्वीकार करने पर चिन्हित सीओ पर अब कार्रवाई होगी। साथ ही अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित मामलों पर आवेदनों की अस्वीकृत या आपत्ति के कारणों को सीओ को 50 शब्दों में ठोस बातें लिखकर स्पष्ट कारण बताना अनिवार्य है। दीपक बिरुआ मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में भू राजस्व, भूमि सुधार विभाग की समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

बिरुआ ने कहा कि कई बार तकनीकी कारणों से झारभूमि साइट नहीं खुलने की बातें लिख कर अंचल अधिकारी आवेदनों को अस्वीकार करने का बहाना बनाते हैं। अब ऐसा नहीं चलेगा। जमीन मामले में अंचलों में कई गड़बड़ियां हैं, जिसका नुकसान सरकार को उठाना पड़ता है। इसलिए सभी अंचल अधिकारी सचेत होकर इमानदारी से अपने कार्य दायित्व का निर्वहन करें।

**खतियान निकालने में न हो रैयतों को परेशानीः** भू-राजस्व मंत्री ने कहा कि कई मॉडर्न रिकॉर्ड रूम से खतियान निकालने पर सही छपाई नहीं होती। खतियान फोटो कॉपी में नहीं दिखता है। ऐसी विसंगतियों को दुरुस्त किया जाये। स्पष्ट स्कैनिंग नहीं होने पर रैयतों को अपने जमीन की सही जानकारी नहीं मिलती। खतियान निकालने के बाद रैयतों को परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मॉडर्न रूम में कैथी और बंगला भाषा में लिखी खतियान को ट्रांसलेट करने की सुविधा देने की आवश्यकता है।

**सचिव ने राजस्व संग्रहण पर दिया बलः** बैठक में विभागीय सचिव चंद्रशेखर ने कहा कि राजस्व संग्रहण का वार्षिक लक्ष्य के तहत कार्य किया जाये। कमजोर प्रदर्शन करनेवाले अंचलों की समीक्षा कर सुधारात्मक रणनीति अपनायी जायेगी। उन्होंने एलआरडीसी और एसी को अंचलों में लगनेवाले कैंप की विशेष निगरानी करने का खास निर्देश दिया। इस मौके पर भू राजस्व विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव ने दाखिल खारिज आवेदन अस्वीकार करने के अनुचित कारणों और इसके अद्यतन स्थिति, वेब पीएन की सुविधा दिलाने, जिलों में भू-लगान के निर्धारण एवं ऑनलाइन भुगतान करने, भूमि सीमांकन के लंबित मामलों की स्थिति समेत अन्य विभागीय कार्यों को विस्तार से बताया।



### आरओबी बनाने में ग्रामीण सड़कों पर दें ज्यादा ध्यान

एनएचएआइ कार्य परियोजना को लेकर मंत्री ने दो टूक कहा कि जहां-तहां आरओबी बनाने के चक्कर में ग्रामीण सड़कों को छोड़ दिया जाता है, जो गलत है। आरओबी ऊपर में बनने और नीचे जगह छूटने से आमजनों को परेशानियां होती है। उन्होंने भूमि अधिग्रहण को लेकर समय पर मुआवजा दिलाने की बात कही। बिरुआ ने कहा कि एनएचएआइ की जिम्मेवारी है कि पदाधिकारी भूमि अधिग्रहण से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान करें।

## महाकुंभः माघी पूर्णिमा पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़

**सुबह आठ बजे श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से बरसाये जायेंगे फूल**

**मुकेश अंबानी अपने बेटे और मां के साथ महाकुंभ पहुंचे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रयागराज।** माघी पूर्णिमा के मौके पर बुधवार को संगम में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ इससे एक दिन पहले यानी मंगलवार से ही पहुंचने लगी है। सरकार ने भी श्रद्धालुओं के स्वागत और सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की है। संगम पर सुबह 8 बजे श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूल बरसाये जायेंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी अपने बेटे अनंत, बहू राधिका मर्चेंट और मां कोकिलाबेन अंबानी के साथ मंगलवार को महाकुंभ पहुंचे।




उधर, भारी संख्या में विदेशी श्रद्धालु भी पहुंचे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी भक्ति में लीन हैं। सेक्टर-17 स्थित शक्ति धाम शिविर में विदेशी श्रद्धालुओं ने गुरुदीक्षा ली। संगम में मंगलवार को भी जबरदस्त भीड़ रही। हर जगह लोग ही लोग नजर आ रहे थे। शहर में जाम जैसे हालात हैं। मंगलवार को महाकुंभ का 30वां दिन था। शाम 4 बजे तक 1.09 करोड़ श्रद्धालुओं संगम में स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक 45.74 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। माघ पूर्णिमा स्नान को लेकर प्रयागराज में नयी ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गयी है। मंगलवार शाम से बुधवार तक मेले में कोई भी वाहन नहीं चलेगा। प्रशासन ने माघी पूर्णिमा के दिन भीड़ को संभालने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। बुधवार को और अधिक लोगों के स्नान की उम्मीद जतायी जा रही है।

## आइपीएस संजय आनंद लाठकर जायेंगे परमाणु ऊर्जा विभाग

**झारखंड कैडर के हैं आइपीएस, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैडर के 1995 बैच के आइपीएस संजय आनंद लाठकर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जायेंगे। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने संजय लाठकर को परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन आइजी (सुरक्षा) के पद पर एडीजी के स्तर और वेतन पर नियुक्त करने के विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह नियुक्ति संजय लाठकर के पदभार ग्रहण करने की तिथि से उनकी सेवानिवृत्ति तक, यानी 30 सितंबर 2028 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, दो वर्ष की अवधि के लिए की जायेगी।



इस दौरान उनका वेतन मैट्रिक्स स्तर 14 से स्तर 15 तक अस्थायी रूप से अपग्रेड किया जायेगा। आइपीएस संजय आनंद लाठकर वर्तमान में झारखंड पुलिस में एडीजी (अभियान) के पद पर कार्यरत हैं।


# बिहार में बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं तो चप्पल पहन कर आना होगा

**बोर्ड ने परीक्षा में जूता-मोजा पहनने पर लगायी पाबंदी**

**17 फरवरी से शुरू हो रहीं हैं 10वीं की परीक्षाएं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा के लिए ड्रेस कोड, परीक्षा समय और अतिक्रमण पर प्रतिबंध के बारे में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। परीक्षा का आयोजन 17 फरवरी से 25 फरवरी तक होगा। इस बार परीक्षा केंद्र पर कुछ नये नियम लागू किये गये हैं। बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड (बीएसइबी) ने कहा है कि परीक्षा केंद्र पर जूता-मोजा पहनकर आना प्रतिबंधित होगा। परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थियों को चप्पल पहनकर आना होगा और यदि कोई छात्र जूता-मोजा पहनकर आता है, तो उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।



### परीक्षा केंद्र पर देरी से पहुंचने पर होगी कार्रवाई

बिहार बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्र पर देरी से पहुंचने वाले छात्र अगर जबरदस्ती अवैध रूप से परीक्षा परिसर में प्रवेश करेंगे, तो उन्हें दो वर्ष के लिए परीक्षा से निष्कासित कर दिया जायेगा। बोर्ड ने कहा है कि ऐसे छात्रों को आपराधिक ट्रेसपास के तहत रखा जायेगा। उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। इसके अलावा, यदि कोई छात्र केंद्राधीक्षक की अनुमति से अवैध रूप से परीक्षा केंद्र में प्रवेश करता है, तो केंद्राधीक्षक के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी।

### आधे घंटे पहले बंद होंगे केंद्र के गेट

बिहार बोर्ड 10वीं परीक्षा 17 फरवरी 2025 से शुरू होगी। परीक्षा 25 फरवरी तक चलेगी। पहली पाली की परीक्षा 9:30 बजे से शुरू होगी और केंद्र पर प्रवेश 8:30 बजे से शुरू होगा। दूसरी पाली की परीक्षा 2:00 बजे से होगी। जिसके लिए प्रवेश 1:30 बजे तक ही मिलेगा। परीक्षा केंद्र पर छात्रों को समय पर पहुंचने के लिए उचित समय दिया जायेगा। केंद्र के गेट आधे घंटे पहले बंद कर दिये जायेंगे।

### 15 लाख से अधिक छात्र होंगे शामिल

बिहार बोर्ड 10वीं परीक्षा 2025 में इस बार राज्यभर से 15 लाख से अधिक छात्र शामिल होंगे। बोर्ड ने यह भी सुनिश्चित किया है कि परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा और व्यवस्था बनाये रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जायेगा।

## साहेबगंज के तत्कालीन डीसी रामनिवास पर 50 हजार जुर्माना

**हाइकोर्ट ने खनन पट्टा रद्द किये जाने के मामले में दिया आदेश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने एक खनन संचालक के खनन पट्टे को अवैध बताते हुए उसे रद्द करने के लिए साहेबगंज के तत्कालीन डीसी रामनिवास यादव पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। मंगलवार को हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की बेंच ने यह आदेश दिया। अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा कि उपायुक्त के पास याचिकाकर्ता को दिये गये खनन पट्टे को समय से पहले रद्द करने की कोई शक्ति नहीं है, फिर भी उन्होंने खनन पट्टा रद्द कर दिया। अदालत ने आइएएस रामनिवास यादव को 50 हजार रुपये के जुर्माना देने के अलावा याचिकाकर्ता को 8 सितंबर 2023 से आज तक खनन कार्य करने से रोकने के लिए प्रतिवादियों से नुकसान का दावा करने के लिए सिविल कोर्ट जाने की स्वतंत्रता दी है। इस संबंध में प्रकाश यादव के स्वामित्व वाले मेसर्स हिल मूवमेंट द्वारा हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी ने बहस की।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 79,900 रु./10 ग्राम
चांदी 98,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 12 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# आप की हार से क्षेत्रीय दलों के सामने पैदा हुई नयी चुनौती

## सीखः राष्ट्रीय आकांक्षाओं की बजाय अपने राज्य पर ही फोकस करना होगा क्षेत्रीय दलों को

**दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम ने जहां नये सियासी समीकरण के पुख्ता संकेत पैदा किये हैं, वहीं एक बड़ी चुनौती भी पेश की है। यह चुनौती उन क्षेत्रीय दलों के सामने पैदा हुई है, जो अपने-अपने राज्यों से बाहर निकलने का सपना देखने लगे थे, यानी उनकी आकांक्षाएं केंद्रीय सत्ता के इर्द-गिर्द मंडराने लगी थीं। दिल्ली विधानसभा चुनाव के दौरान क्षेत्रीय दलों ने जो रवैया अपनाया, उससे यह भी साफ हो गया कि ये दल अलग-अलग रह कर अपनी राष्ट्रीय आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकते हैं। अतीत में भी ऐसा ही हुआ है, लेकिन उससे किसी क्षेत्रीय दल ने सबक नहीं सीखा है। चाहे ममता बनर्जी हों या तेलंगाना के चंद्रशेखर राव, लालू-तेजस्वी हों या अरविंद केजरीवाल और उमर अब्दुल्ला या अखिलेश यादव या फिर शरद पवार-उद्धव ठाकरे हों, किसी में भी इतनी ताकत नहीं है कि भाजपा और कांग्रेस में से किसी को भी चुनौती दे सके। दिल्ली चुनाव ने यह साफ संदेश दिया है कि राष्ट्रीय राजनीति के मुख्य खिलाड़ियों में भाजपा और कांग्रेस ही रहेगी। बाकी के दल केवल साइड रोल में रह सकते हैं। दिल्ली चुनाव परिणाम का दूसरा अहम संदेश यह है कि क्षेत्रीय दलों को अब तीसरा मोर्चा बनाने का प्रयास हमेशा के लिए छोड़ देना चाहिए, क्योंकि इस तरह के प्रयोग कम से कम भारत में नहीं चल सकते हैं। कुल मिला कर दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम देश की सियासी धारा में पिछले कुछ समय से चल रहे अनुप्रयोगों के संभावित परिणाम, चाहे वह सकारात्मक हो या नकारात्मक, को फिल्टर करने में काफी हद तक सफल रहा है और अब आगे आनेवाले दिनों में इसी परिणाम के इर्द-गिर्द सियासत की गाड़ी दौड़ेगी। दिल्ली चुनाव परिणाम के बाद क्या होगा क्षेत्रीय दलों का भविष्य और उनकी रणनीति, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

दिल्ली विधानसभा के चुनाव परिणाम ने देश की सियासत में कुछ नये सवाल पैदा कर दिये हैं। इन सवालों में सबसे प्रमुख यह है कि अब इंडी गठबंधन का क्या होगा और दूसरा महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या दिल्ली चुनाव ने क्षेत्रीय दलों के लिए भी कोई सबक दिया है। इन दो सवालों में से पहले का जवाब तो यही है कि इंडी गठबंधन अब अतीत की बात हो चुकी है, क्योंकि दिल्ली चुनाव से पहले ही तेजस्वी से लेकर उमर अब्दुल्ला और संजय राउत तक ने इसका एलान कर दिया था। रही दूसरे सवाल की बात, तो यह एक कठिन सवाल है, क्योंकि अरविंद केजरीवाल की जिस सियासी जिद ने दिल्ली में उनकी लुटिया डुबोयी है, उससे तो यही लगता है कि क्षेत्रीय दलों को अब संभल जाना चाहिए।

### कांग्रेस पर लग रहे आरोप

दिल्ली चुनाव के बाद कुछ नेता खुले तौर पर कांग्रेस को दोषी ठहरा रहे हैं। ये आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस को आम आदमी पार्टी को जितवाने में मदद करनी चाहिए थी, लेकिन इसने चुनाव-प्रचार के दौरान सबसे ज्यादा आप और केजरीवाल पर हमला किया। इन आरोपों पर कांग्रेस का कहना है कि आप को जितवाने में मदद करना उसकी जिम्मेदारी नहीं थी। कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली चुनाव के नतीजे अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी पर जनमत संग्रह से ज्यादा कुछ नहीं दिखाते हैं।

क्या कहते हैं दिल्ली के नतीजे

दिल्ली चुनाव के नतीजे साफ तौर पर दिखाते हैं कि भाजपा की मजबूत और लगभग अपराजेय चुनाव मशीनरी का मुकाबला केवल एकजुट, वैचारिक और राजनीतिक मोर्चे के जरिये ही प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। यह इंडी ब्लॉक में सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस और अन्य प्रमुख क्षेत्रीय दलों के लिए एक चेतावनी है। साथ ही क्षेत्रीय दलों के लिए एक सबक भी, जिसके अनुसार राष्ट्रीय और क्षेत्रीय राजनीति को एक नहीं किया जा सकता है। क्षेत्रीय राजनीति में भले ही क्षेत्रीय दलों का वर्चस्व हो, राष्ट्रीय राजनीति में उनकी आकांक्षाएं अब दो राष्ट्रीय दल, यानी भाजपा या कांग्रेस के सहारे ही पूरी हो सकती हैं।

### भाजपा से मुकाबले के लिए एकजुटता जरूरी

दिल्ली के नतीजों ने बता दिया है कि भाजपा से मुकाबले के लिए एकजुटता जरूरी है। यही बात अब इंडी ब्लॉक में शामिल दलों को चिंता में डाल रही है। कांग्रेस का सहयोगी दलों के प्रति रवैया और नेतृत्व के प्रति उसके अगंभीर रुख ने इंडी ब्लॉक को पहले ही विभाजित कर रखा है। दरअसल विपक्षी दल तब एकजुट होने शुरू हुए थे, जब उनको एहसास हुआ कि मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को हराना मुश्किल है। इन दलों को यह भी लग रहा था कि भाजपा विपक्ष को खत्म करना चाहती है और इसी के तहत उसके नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही थी और उनको गिरफ्तार भी किया जा रहा था। इसी बीच विपक्षी दलों के नेता भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए एकजुट हुए। इसमें कांग्रेस के अलावा आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, आरजेडी, जेडीयू, एनसीपी समेत कई पार्टियां शामिल थीं। कांग्रेस ने इसका नेतृत्व किया और क्षेत्रीय दलों ने उसकी मदद की। लेकिन इस गठबंधन में दरार तब पैदा होने लगी, जब लोकसभा चुनाव के बाद क्षेत्रीय दलों ने अपने-अपने राज्यों से बाहर निकलने के सपने देखने शुरू किये। वे यह भूल गये कि भाजपा को रोकने के लिए राज्यों में भी एकजुटता जरूरी है।




### महत्वाकांक्षाओं ने किया बंटाधार

इस बीच महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव हुए। इंडी ब्लॉक के दो प्रमुख घटकों, नेशनल कांफ्रेंस और आप ने अकेले लड़ने का फैसला किया। हरियाणा में आप के कारण कांग्रेस सत्ता से दूर रह गयी, तो महाराष्ट्र में स्थानीय कारकों ने इंडी ब्लॉक की संभावनाओं में पलीता लगा दिया। इनमें केवल झारखंड ऐसा राज्य रहा, जिसने एकजुटता की कीमत समझी और हेमंत सोरेन की सियासी रणनीति कामयाब हुई। लेकिन दिल्ली चुनाव आते-आते आप की महत्वाकांक्षाएं फिर हिलोरें मारने लगीं और नतीजा सबके सामने है।

### इस तरह चौड़ी हुई खाई

दरअसल यह सब कुछ अनायास नहीं हुआ, बल्कि क्षेत्रीय दलों की महत्वाकांक्षाओं में आये उफान इसके पीछे थे। अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन बनाने के चक्कर में आप और कांग्रेस आपस में उलझ गयीं। दूसरे क्षेत्रीय दलों ने भी आप और कांग्रेस के बीच लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों के बाद से दिल्ली-पंजाब में चौड़ी हो रही सियासी खाई को पाटने में दिलचस्पी नहीं दिखायी, बल्कि आप की खुली तरफदारी करके कांग्रेस को नीचा दिखाया। इससे भी बात बनते-बनते बिगड़ गयी।

### क्षेत्रीय दलों को मिली सीख

अब दिल्ली का चुनाव खत्म हो चुका है और इस साल के अंत में बिहार का चुनाव होना है। ऐसे में विपक्षी दलों के नेताओं को समझना होगा कि राष्ट्रीय राजनीति में जगह बनाने के लिए उन्हें पहले किसी मजबूत सहारे की जरूरत है। अभी ममता बनर्जी ने बंगाल में अकेले लड़ने का एलान कर दिया है, लेकिन वह भूल गयी हैं कि यह उनकी सियासी गलती भी साबित हो सकती है। चाहे ममता हों या तेजस्वी, अखिलेश हों या शरद पवार-उद्धव ठाकरे, सभी क्षेत्रीय नेताओं को समझना होगा कि अब अलग-अलग रह कर काम नहीं चल सकता है।

इन क्षेत्रीय दलों के पास कांग्रेस या भाजपा की शरण में जाने के अलावा अब कोई चारा नहीं बचा है, अन्यथा जो इनके साथ रहेगा, वह उन्हें खत्म कर देगा। ये लोग बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू आलाकमान नीतीश कुमार से यह बखूबी सीख सकते हैं कि कांग्रेस या भाजपा से कितना संतुलन भरा रिश्ता रखना है, ताकि उनकी राजनीतिक अहमियत राज्य विशेष और अखिल भारतीय स्तर दोनों जगह पर समान रूप से बनी रहे।

---

## एयरो इंडिया के दूसरे दिन कई सेमिनार में शामिल हुए रक्षा राज्य मंत्री

# मेक इन इंडिया के साथ मेक फॉर वर्ल्ड के लिए काम कर रहा भारत : संजय सेठ

- आयातक की स्थिति से प्रमुख निर्यातक बनने की ओर अग्रसर है भारत
- कई देशों के रक्षा मंत्रियों और रक्षा उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से रक्षा राज्य मंत्री की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु/रांची।** एयरो इंडिया शो के दूसरे दिन मंगलवार को बेंगलुरु में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भारतीय वायुसेना और डीआरडीओ के सेमिनार को संबोधित किया। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री ने विभिन्न देशों के रक्षा क्षेत्र से जुड़े मंत्री और प्रतिनिधियों से मुलाकात की और भारतीय रक्षा उद्योग की विशेषताओं और दुनिया में भारत के रक्षा उद्योग से जुड़े कार्यों के बढ़ते प्रभाव से उन्हें अवगत कराया।

रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत का रक्षा मंत्रालय आत्मनिर्भर भारत की तरफ तेजी से कदम बढ़ा रहा है। विकसित भारत 2047 हर भारतीय का लक्ष्य है और रक्षा मंत्रालय इसमें तेजी से समर्पित भाव से काम कर रहा है। अब भारत मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के लिए भी काम कर रहा है। भारतीय वायुसेना के सेमिनार को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने कहा कि रक्षा जगत की चुनौतियां बहुआयामी बन चुकी हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में स्वदेशी रक्षा विकास और विनिर्माण के क्षेत्र में वायुसेना ने सक्रियता दिखाकर, वैश्विक स्तर पर पहचान बनायी है। यह सराहनीय है। स्वदेशी प्रयासों के माध्यम से भारतीय वायुसेना के दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता पर हम सबको गर्व है। आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भारतीय वायुसेना नेतृत्वकर्ता की भूमिका में है। भारतीय वायुसेना जिस मॉडल पर काम कर रही है, उसके तहत भारत आसमानी सुरक्षा के क्षेत्र में आने वाले दिन में और भी मजबूत होगा। वैश्विक स्तर पर हम उद्योग, शिक्षा जगत और सशस्त्र बलों में साझेदारी को और भी बढ़ा रहे हैं ताकि हम दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते रहें।




वहीं डीआरडीओ की परिचर्चा में संजय सेठ ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य के साथ डीआरडीओ मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड के लिए काम कर रहा है। भारत एक आयातक की वर्तमान स्थिति से एक प्रमुख रक्षा निर्यातक बनने की राह पर है। मित्र देशों को भारत की अत्याधुनिक रक्षा क्षमताओं से अवगत कराने का यह अच्छा अवसर है। साथ ही उन्हें 'मेक इन इंडिया-मेक फॉर द वर्ल्ड' के हिस्से के रूप में उपलब्ध कराने के लिए, डीआरडीओ ने डीआरडीओ प्रोडक्ट्स फॉर एक्सपोर्ट शीर्षक से एक अद्यतन संग्रह का अनावरण किया है। इस सार-संग्रह का विमोचन रक्षा निर्यात के क्षेत्र में रक्षा मंत्रालय की नीति का समर्थन करने में डीआरडीओ के प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसमें 180 से अधिक प्रणालियों, प्लेटफार्मों और विभिन्न अन्य रक्षा उत्पादों का विवरण शामिल है। यह रक्षा निर्यात के लिए भारत के नये द्वार खोलेगा।

---

# इडी के नाम पर वसूली केस में अब 6 मार्च को सुनवाई

- पीड़क कार्रवाई पर रोक जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी के अधिकारियों को मैनेज करने के कथित आरोपों की जांच के लिए दाखिल याचिका पर अब हाइकोर्ट 6 मार्च को सुनवाई करेगा। मंगलवार को इस मामले की सुनवाई स्थगित कर दी गयी है। कोर्ट ने इडी के अधिकारियों के विरुद्ध पीड़क कार्रवाई पर रोक के आदेश को अगली सुनवाई तक विस्तार दिया है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। दरअसल रांची के पंडरा ओपी में पिछले वर्ष कांड संख्या 507/2024 और 508/2024 दर्ज की गयी थी। पहली प्राथमिकी में अधिवक्ता सुजीत कुमार ने रंगदारी की मांग कर अपहरण करने संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होंने संजीव कुमार पांडेय, रवि कुमार, प्रशांत, दीवाकर व अन्य पर आरोप लगाया था।

## हेमंत कैबिनेट की बैठक 18 फरवरी को

**रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 18 फरवरी को होगी। झारखंड मंत्रालय में आयोजित इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जा सकते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और मंत्री शामिल होंगे। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी और निर्णय लिये जायेंगे। यह बैठक राज्य के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर केंद्रित होगी।**

---

# आज पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 2025 का आयोजन

## राज्यपाल संतोष गंगवार और सीएम हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्वी कमान अलंकरण समारोह बुधवार 12 फरवरी 2025 को दीपाटोली मिलिट्री स्टेशन, रांची में आयोजित किया जायेगा। इसमें वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जायेगा।

लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी, पीवीएसएम, यूवाइएसएम, एवीएसएम, एसएम, जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान, इस अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। इस समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे।

### 39 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जायेगा, इसमें ये शामिल हैं

- 20 सेना पदक (वीरता)
- 04 सेना पदक (विशिष्ट सेवा)
- 01 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा)
- 02 युद्ध सेवा पदक
- 01 बार टू विशिष्ट सेवा पदक
- 11 विशिष्ट सेवा पदक
- इसके अतिरिक्त, 45 सैन्य यूनिटों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान यूनिट प्रशंसा से सम्मानित किया जायेगा।

---

# केंद्र की बड़ी योजनाओं को धरातल पर उतारने के प्रति राज्य सरकार उदासीन : प्रतुल शाहदेव

## मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री केंद्र पर उदासीनता का आरोप लगाते हैं, पर मिले पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट भी नहीं दे पाते

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर केंद्र की योजनाओं को धरातल पर उतारने के प्रति उदासीन होने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि दिखावा के लिए मुख्यमंत्री और राज्य वित्त मंत्री केंद्रीय मंत्रियों को मांग पत्र सौंपते हैं। लेकिन पहले से चल रही केंद्रीय योजनाओं का राज्य में बुरा हाल है।

प्रतुल ने कहा कि सर्वप्रथम मनरेगा में केंद्र सरकार के हिस्सेदारी के पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट राज्य ने नहीं सौंपा। जिसके कारण लंबे समय तक केंद्र के अंशदान पर ग्रहण लग गया था। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना में भी केंद्र और राज्य का संयुक्त योगदान होता है। केंद्र ने इस योजना में जो पैसा दिया उसका राज्य सरकार ने फिर से समय पर यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं दिया। जिसके कारण प्रधानमंत्री आवास योजना में भी झारखंड काफी नीचे के पायदान पर है। प्रतुल ने कहा कि प्रधानमंत्री की



महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान योजना में केंद्र से अंशदान मिल जाने के बावजूद राज्य सरकार ने अनेक निजी अस्पतालों को समय पर भुगतान नहीं किया था। जिसके कारण सैकड़ों निजी अस्पतालों ने आयुष्मान कार्ड धारी मरीजों का दाखिला लेना बंद कर दिया। प्रतुल ने कहा कि हर घर में नल से जल योजना का झारखंड में हेमंत सरकार ने बुरा हाल कर दिया। इस योजना में एक समय झारखंड नीचे से एक पायदान ऊपर था। आज भी राज्य के 28 लाख घरों में नल से जल नहीं पहुंच पाया है। केंद्र की यह स्कीम भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी थी और तत्कालीन मंत्री के करीबियों सहित अनेक लोगों के यहां छापा पड़ा था। प्रतुल ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। परंतु राज्य सरकार केंद्र के पैसे का हिसाब नहीं देती। जिसके कारण पूरा मामला खटाई में फंस जाता है। प्रतुल ने मुख्यमंत्री से अपील की कि वह केंद्र के पैसे का सदुपयोग करें। क्योंकि प्रधानमंत्री, अमित शाह, नितिन गडकरी समेत कई मंत्रियों ने अनेक बार कहा है कि वह राज्यों को पैसे की कमी नहीं होने देंगे बशर्ते नियम कानून का पालन हो।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.6 °c | 14.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.42 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.24 बजे |



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया : बाबूलाल

**पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत : डॉ रवींद्र कुमार राय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को बूथ स्तर पर समर्पण दिवस के रूप में मनाया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा एवं चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गयी और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक, महान कर्मयोगी पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अपना संपूर्ण जीवन जरूरतमंदों की सेवा और राष्ट्रोत्थान के लिए समर्पित कर दिया। पंडित दीनदयाल का बलिदान कार्यकर्ताओं को राष्ट्र सेवा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। उनका आदर्श जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

**ये रहे मौजूद :** प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में विधायक सीपी सिंह, प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, किशुन दास, सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदीप सिन्हा, शिवपूजन पाठक, वरुण साहू, प्रेम मित्तल, शोभा यादव, संदीप वर्मा, वसंत मित्तल, मुकेश मुक्ता, संजय जायसवाल, संजय चौधरी सहित कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।



## 'गांव, गरीब, किसान भारत के हैं प्राण'

प्रदेश कार्यालय में स्व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल हमसभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा पुरुष हैं। आज देश भारी मन से उनकी जीवनलीला की असामयिक हत्या को याद कर रहा है। आज भी उनकी हत्या का रहस्य देश के लिए चुनौती है। कहा कि पंडित दीनदयाल का चिंतन एकांगी नहीं था बल्कि उनके चिंतन में शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा का समावेशी चिंतन है। एक व्यक्ति का संपूर्ण विकास इन चारों पर आधारित है। कहा कि इस चिंतन के द्वारा धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति के साथ व्यक्ति, समाज, परिवार, राष्ट्र के साथ संपूर्ण ब्रह्मांड का कल्याण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दीनदयाल के चिंतन में अंत्योदय के साथ एकात्म मानव दर्शन समाहित है। गांव, गरीब, किसान भारत के हैं प्राण। इनकी उन्नति ही अंत्योदय है। कहा कि भारत सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इसी चिंतन पर तेजी से कार्य कर रही है। कहा कि भारत को विश्वगुरु बनाने, फिर से सोने की चिड़िया बनाने तक भाजपा कार्य करती रहेगी। कहा कि पंडित दीनदयाल का विचार युगों-युगों तक कार्यकर्ताओं को अनुप्राणित करता रहेगा।

# मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मिला जनाधिकार महासभा का प्रतिनिधिमंडल

## पेसा कानून में त्रुटियों को दूर करने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड जनाधिकार महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात की। संगठन के सदस्यों ने पेसा के सभी जरूरी नियमों के अनुरूप झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 को संशोधित करने की मांग की और इससे संबंधित संलग्न पत्र सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव भी शामिल थीं। इस दौरान पंचायती राज मंत्री ने आश्वासन दिया कि सभी के सुझावों को लेते हुए इस प्रक्रिया को मिलकर आगे बढ़ाया जायेगा।

**झारखंड पंचायती राज अधिनियम में पेसा के अनुरूप कई प्रावधान नहीं :** मंत्री के समक्ष अपनी बात रखते हुए झारखंड जनाधिकार महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पेसा के मूल कानून के मुताबिक अनुसूचित क्षेत्र में त्रि-स्तरीय पंचायत व्यवस्था के प्रावधानों की बात कही गयी है। आदिवासी सामुदायिकता, स्वायत्तता और पारंपरिक स्वशासन यह पंचायत व्यवस्था का मुख्य केंद्र बिंदु होगा। लेकिन झारखंड पंचायती राज अधिनियम 2001 के तहत इसमें पेसा के अनुरूप ग्राम सभा और पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था संबंधित अनेक प्रावधान नहीं हैं। जेपीआरए मुख्यतः पंचायत केंद्रित है जबकि पेसा के अनुसार अनुसूचित क्षेत्र में इसे ग्राम सभा केंद्रित होना होता है।



## झारखंड जनाधिकार महासभा ने त्रुटियों के बारे में बताया

झारखंड जनाधिकार महासभा प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को विभाग द्वारा बनाये गये पेसा नियमावली के ड्राफ्ट में भी कई गंभीर त्रुटियों के विषय के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि नियमावली आदिवासी स्वायत्तता और प्राकृतिक संसाधनों पर सामुदायिक अधिकार को सुनिश्चित और सुरक्षित नहीं करती है। उन्होंने यह भी कहा कि सामुदायिक संसाधनों पर ग्राम सभा का मालिकाना अधिकार की स्पष्ट व्याख्या नहीं है। साथ ही, पेसा नियमावली ड्राफ्ट में कई प्रावधानों का वर्तमान कानूनों के रेफरेंस में व्याख्या किया गया है, जिसके कारण वे पेसा के मूल भावना के विपरीत सामूहिक अधिकारों को सीमित करते हैं। मुलाकात के दौरान झारखंड जनाधिकार महासभा के सदस्यों ने चुनाव के दौरान किये गये वादों पर आवश्यक कार्रवाई करने की अपील की। साथ ही यहां के जनाकांक्षाओं के आधार पर स्थानीयता और नियोजन नीति को लागू करने की मांग की। मौके पर दिनेश मुर्मू, सिसिलिया लकड़ा, एलिना होरो, रिया तुलिका पिंगुआ समेत कई लोग शामिल थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** — रोजी-रोजगार के उचित अवसर मिलेंगे, नवीन कार्य की शुरूआत करने के लिए समय ठीक है।

**वृष** — प्रयास व उत्साह से कई बिगड़े काम संवर जायेंगे,क्रोध व आवेश पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन** — नौकरी में प्रमोशन के अवसर मिल सकता है,महत्वपूर्णकार्य में सफलता मिलेगी।

**कर्क** — नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन हो सकता है,जो भविष्य में लाभकारी सिद्ध होगा।

**सिंह** — नया काम इस समय हाथ में न लें, कोई अप्रिय समाचार मिलेगा, जिससे मन एकदम परेशान व आप भयभीत हो उठेंगे।

**कन्या** — व्यापार व कार्यक्षेत्र की चिन्ताओं से आप मुक्त हो जायेंगे, जीवन साथी से व्याप्त मतभेदों का निराकरण होगा।

**तुला** — रोजी-रोजगार में अवरोध-विरोध का सामना हो सकता है,विरोधी प्रबल होकर हावी होंगे।

**वृश्चिक** — बिगड़ा हुआ कार्य सुधरेगा तथा धन प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों में बराबर सफलता मिलेगी।

**धनु** — कारोबार व कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रशस्त होंगे, आपके अपने परिश्रम का पूरा पूरा फल मिलेगा।

**मकर** — आस-पड़ोस व मित्रों का सहयोग मिलेगा,कारोबार के हालात पुछले दिनों से कुछ बेहतर होंगे।

**कुंभ** — विघ्न बाधाओं के वाबजूद सफलता तथा धन प्राप्ति के साधन बनेंगे,परिश्रम सफल होगी।

**मीन** — मिले-जुले परिणाम प्राप्त होंगे, आय में कुछ कमी रहेगी, फिर भी आय के साधन निर्वाह योग्य बने रहेंगे।

# झारखंड में सत्ता मजबूत है, लेकिन जनता मजबूर है: सुदेश कुमार महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने शहीद वीर तिलका मांझी की जयंती पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में सत्ता मजबूत है, लेकिन जनता मजबूर है। उन्होंने यह भी कहा है कि आजसू पार्टी मजबूर जनता की बुलंद आवाज बनेगी और उनके अधिकारों की लड़ाई को और तीव्र करेगी। इसी कड़ी में, उत्तरी छोटानागपुर के जिला अध्यक्षों और प्रमुख नेताओं के साथ मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। जिसमें संगठन के विस्तार और आगामी रणनीतियों पर चर्चा हुई है। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि उत्तरी छोटानागपुर स्तरीय संगठन की एक अहम बैठक 21 तारीख को मधुवन में होगी, जिसमें जिला, प्रखंड और केंद्रीय नेतृत्व के साथ क्षेत्र के प्रमुख नेताओं की भागीदारी होगी।



# पंडित दीनदयाल उपाध्याय को सांसद प्रदीप वर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि 'समर्पण दिवस' पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सांसद प्रदीप वर्मा ने कहा कि पंडित जी एक कुशल संगठनकर्ता, विचारक एवं राजनेता थे। उन्होंने एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत को प्रतिपादित करते हुए समाज के अंतिम पायदान में खड़े वंचित वर्ग गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित और आदिवासियों के विकास एवं कल्याण की बात कही। पंडित जी का विश्वास था कि जबतक वंचित वर्ग तक विकास की किरण नहीं पहुंचेगी तबतक समाज खुशहाल व देश विकसित नहीं होगा। 'समर्पण दिवस' पर हम सभी पंडित जी के दिखाये मार्ग पर चलने और वंचित वर्ग के कल्याण के प्रति सतत प्रयत्नशील रहे।

# पैनम कोल के खिलाफ याचिका में झारखंड सरकार के जवाब से हाइकोर्ट असंतुष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पैनम कोल माइंस के अवैध खनन की सीबीआइ जांच और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाइकोर्ट में सुनवाई हुई।

मंगलवार की सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट ने राज्य सरकार के जवाब से असंतुष्टि जाहिर करते हुए दोबारा बिंदुवार और स्पष्ट जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब हाइकोर्ट 19 फरवरी को इस मामले में सुनवाई करेगा। पैनम माइंस नाम की कंपनी को वर्ष 2015 में सरकार ने पाकुड़ और दुमका जिले में कोयला खनन का लीज दिया था, लेकिन उस पर यह आरोप है कि उसने लीज से ज्यादा खनन किया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है।

इस संबंध में हाइकोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने हाइकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है।

हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच इस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही है।




**ओबीसी सर्वेक्षण में अनियमितता, सीएम को लिखा पत्र**

# ओबीसी का फर्जी सर्वे बंद हो : राजेंद्र प्रसाद

**उपायुक्तों के माध्यम से सर्वेक्षण कराने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने ओबीसी के सर्वेक्षण में अनियमितता और फर्जीवाड़ा को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मंगलवार को पत्र लिखा है। राजेंद्र प्रसाद ने अपने पत्र में लिखा है कि ओबीसी के सर्वेक्षण में घोर अनियमितता और फर्जीवाड़ा किया जा रहा है, जो ओबीसी समुदाय के साथ धोखा और उनके अधिकारों से खिलवाड़ है। राजेंद्र प्रसाद ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री को जानकारी दी है कि रघुवर सरकार में ही पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कर तत्संबंधी प्रतिवेदन देने को लेकर प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग झारखंड रांची ने सभी जिलों को पत्र निर्गत किया था। जिसका पत्रांक संख्या 26 दिनांक 2 .1. 2019 है। सभी जिलों को पत्र भेज कर पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित कर तत्संबंधी प्रतिवेदन विभाग को भेजने के लिए कहा गया था। राजेंद्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने भी पिछड़ी जातियों की जनसंख्या के आंकड़ों के संग्रहित करने को लेकर दिनांक 28 .12 .2018 को राज्य सरकार को एक पत्र भेजा था। प्रसाद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित करने के लिए कार्मिक विभाग ने 2019 में ओबीसी का सर्वेक्षण कराकर रिपोर्ट मांगी थी, ऐसे में सभी उपायुक्तों से सरकार को जानकारी लेनी चाहिए कि उस पत्र के आलोक में पिछड़ी जातियों का जनसंख्या का सर्वेक्षण हुआ है या नहीं? यदि नहीं हुआ है, तो क्यों नहीं हुआ? उन्होंने ओबीसी को लेकर उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। राजेंद्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री से पिछड़ी जातियों का जनसंख्या आंकड़ा संग्रहित उपायुक्तों के माध्यम से ही कराने का आग्रह किया है।



## राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को भी दी सलाह

राजेंद्र प्रसाद ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को सलाह देते हुए कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ओबीसी के सर्वेक्षण के लिए सीधे सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग को पत्र लिखकर उपायुक्तों के माध्यम से पिछड़ी जातियों की संख्या का सर्वेक्षण कराने के लिए कहे। राजेंद्र प्रसाद ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग को सीधे प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग द्वारा प्रेषित पत्रांक 26 दिनांक 2.1.2019 के आलोक में उपायुक्तों की देखरेख में ही ओबीसी का सर्वेक्षण करने को निर्देशित करने सुझाव दिया है।


नालको NALCO
एक नवरत्न कंपनी

नेशनल एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड
(भारत सरकार का एक उद्यम)
नालको भवन, पी/1, नयापल्ली, भुवनेश्वर-751 013, ओड़िशा
सीआईएन : L27203OR1981GOI000920

अतुल्य एल्यूमिनियम... आम जन से अंतरिक्ष तक

31दिसम्बर, 2024 को समाप्त तिमाही एवं नौ माह के लिए वित्तीय परिणामों के उद्धरण (₹ करोड़ में)

| क्रम सं | विवरण | एकल | | | | | | समेकित | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह हेतु | | समाप्त वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्त नौ माह हेतु | | समाप्त वर्ष |
| | | 31/12/2024 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/2024 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2023 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2024 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2023 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/2024 (लेखापरीक्षित) | 31/12/2024 (अलेखापरीक्षित) | 30/09/2023 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2023 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2024 (अलेखापरीक्षित) | 31/12/2023 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/2024 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | परिचालन से कुल आय | 4,662.22 | 4,001.48 | 3,347.58 | 11,519.80 | 9,570.10 | 13,149.15 | 4,662.22 | 4,001.48 | 3,347.58 | 11,519.80 | 9,570.10 | 13,149.15 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्धलाभ (करपूर्व, अपवाद और/ या असाधारण मद) | 2,121.90 | 1,436.55 | 668.21 | 4,375.46 | 1,414.09 | 2,356.76 | 2,121.90 | 1,436.55 | 668.21 | 4,375.46 | 1,414.09 | 2,356.76 |
| 3. | करपूर्व अवधि के लिए शुद्धलाभ (अपवाद और/ या असाधारण मद के पश्चात) | 2,121.90 | 1,436.55 | 668.21 | 4,375.46 | 1,414.09 | 2,783.57 | 2,105.32 | 1,420.34 | 650.35 | 4,329.87 | 1,361.69 | 2,712.08 |
| 4. | कर पश्चात अवधि के लिए शुद्धलाभ (अपवाद और/ या असाधारण मद के पश्चात) | 1,582.90 | 1,062.18 | 488.47 | 3,246.30 | 1,044.12 | 2,059.95 | 1,566.32 | 1,045.97 | 470.61 | 3,200.71 | 991.72 | 1,988.46 |
| 5. | अवधि के लिए कुल समेकित आय जिसमें अवधि के लिए लाभ/हानि शामिल है अवधि (कर पश्चात) और अन्य वृहद आय (कर पश्चात) | 1,576.98 | 1,048.35 | 487.59 | 3,228.53 | 1,041.50 | 2,067.86 | 1,560.40 | 1,032.14 | 469.73 | 3,182.94 | 989.10 | 1,996.37 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 |
| 7. | भंडार (पुन मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित तुलन-पत्र में दिखाया गया है | | | | | | 13,653.34 | | | | | | 13,469.77 |
| 8. | प्रतिशेयर आय(असाधारण मदों से पूर्व) (प्रत्येक रुपये ₹ 5 का) (वार्षिक नहीं) | | | | | | | | | | | | |
| | 1. मूल | 8.62 | 5.78 | 2.66 | 17.68 | 5.68 | 11.22 | 8.53 | 5.70 | 2.56 | 17.43 | 5.40 | 10.83 |
| | 2. मिश्रित | 8.62 | 5.78 | 2.66 | 17.68 | 5.68 | 11.22 | 8.53 | 5.70 | 2.56 | 17.43 | 5.40 | 10.83 |

उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों, www.nseindia.com और www.bseindia.com; और कंपनी की वेबसाइट, www.nalcoindia.com पर उपलब्ध है।

टिप्पणियाँ:

1. लेखापरीक्षा समिति की अनुपस्थिति में, वित्तीय परिणाम 10 फरवरी, 2025 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में प्रस्तुत और अनुमोदित किए गए हैं। सेबी (सूची बद्धता दायित्व और प्रकटी करण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत आवश्यक सीमित समीक्षा कंपनी के संयुक्त वैधानिक लेखापरीक्षकों द्वारा की गई है।
2. कंपनी की चार संयुक्त उद्यम कंपनियाँ हैं:-1)मैसर्स अनुगुल एल्यूमिनियम पार्क प्राइवेट लिमिटेड, 2)मैसर्स जीएसीएल-नालको अल्कलीज एंड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, 3)मैसर्स खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड, 4)मैसर्स उत्कर्ष एल्यूमिनियम धातु निगम लिमिटेड। जिन चार संयुक्त उद्यम कंपनियों की वित्तीय स्थिति समेकित की गई उन में से मैसर्स अनुगुल एल्यूमिनियम पार्क प्राइवेट लिमिटेड की वित्तीय स्थिति रिपोर्टिंग तिथि तक प्रबंधन द्वारा प्रमाणित वित्तीय स्थिति के आधार पर समेकित की गई है, जिसका प्रभाव भौतिक नहीं है।
3. तिमाही के दौरान, मैसर्स जीएसीएल - नालको अल्कलीज एंड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, एक संयुक्त उद्यम कंपनी, ने 91 दिनों के टी बिल प्लस 2.03% के प्रसार पर कूपन दर के साथ 500 करोड़ के अनिवार्य परिवर्तनीय डिबेंचर (सीसीडी) जारी किए हैं, जिस में तिमाही रीसेट और 5 साल की अवधि है। प्रमोटरों (कंपनी और मैसर्स गुजरात अल्कलीज एंड केमिकल्स लिमिटेड), मैसर्स पीएनबीइ न्वेस्टमेंट सर्विसेज लिमिटेड (डिबेंचरट्रस्टी) और मेसर्स जीएसीएल - नालको अल्कलीज एंड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड (जारीकर्ता) के बीच एक विकल्प समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें प्रायोजकों (प्रवर्तकों) ने निवेशक को अनिवार्य पुट ऑपशन और त्वरित पुट विकल्प प्रदान किया है और त्वरित बाय आउट विकल्प और अनिवार्य बाय आउट विकल्प को बरकरार रखा है।
4. निदेशक मंडल ने 13 नवंबर 2024 को आयोजित अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ₹ 4/- प्रति इक्विटी शेयर (₹ 5/- प्रत्येक के अंकित मूल्य पर 80%) के अंतरिम लाभांश का अनुमोदन किया है, जो 734.65 करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रति गुणवत्ता शेयर (प्रत्येक ₹ 5/- अंकित मूल्य पर 80%) का दूसरा अंतरिम लाभांश 10 फरवरी, 2025 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
5. बोर्ड की सिफारिश के आधार पर, कंपनी के शेयरधारकों ने 27 सितंबर, 2024 को आयोजित 43वीं वार्षिक साधारण बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ₹ 2/- प्रति इक्विटी शेयर (प्रत्येक ₹ 5/- अंकित मूल्य पर 40%) का अंतिम लाभांश 367.33 करोड़ रुपये स्वीकृत किया है और इस का भुगतान 24 अक्टूबर, 2024 को किया गया। वित्तवर्ष 2023-24 के लिए कुल लाभांश भुगतान ₹ 5/- प्रति इक्विटी शेयर (₹3/- प्रति शेयर का अंत रिम लाभांश और ₹ 2/- प्रति शेयर का अंतिम लाभांश) है, जो 918.32 करोड़ रुपये है।
6. कंपनी ने 01.04.2019 से नए विद्युत क्रय करार (पीपीए) के निष्पादन नहोने और कंपनी द्वारा दायर रिट याचिका के आधार पर इस तरह का मामला राजस्थान के माननीय उच्चन्यायालय के समक्ष विचाराधीन होने के कारण राजस्थान राज्य में स्थित अपने दो पवनऊर्जा संयंत्रों (डब्ल्यूपीपी) से राजस्व को मान्यता नहीं दी है। पीपीए के निष्पादन के लिए लंबे समय से चलरहे विवादों को देखते हुए, लुधरवा और देवीकोट, राजस्थान में पहले किए गए डब्ल्यूपीपी की हानि का पुनर्मूल्यांकन किया गया है और तिमाही के दौरान ₹ 106 करोड़ के अतिरिक्त हानि प्रावधान पर विचार किया गया है। इसी तरह, डब्ल्यूपीपी-गांडीकोटा, आंध्रप्रदेश के लिए पीपीए के निष्पादन न होने के कारण, उत्पादित बिजली को आंतरिक खपत के लिए ओडिशा के अनुगुल में कैप्टिव पावरप्लांट में लेजाया जाता है।
7. ओडिशा सरकार ने ओडिशा राजपत्र असाधारण अधिसूचना दिनांक 31-01-2005 के तहत "ओडिशा ग्रामीण अवसंरचना और सामाजिक-आर्थिक विकास अधिनियम 2004 (ओआरआईएसईडी अधि नियम)" को 01-02-2005 से लागू किया था, जिसमें खनिज युक्त भूमि पर कर लगाया गया था। कंपनी द्वारा माननीय ओडिशा उच्चन्यायालय के समक्ष ओआरआईएसईडी अधिनियम, 2004 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी। माननीय ओडिशा उच्चन्यायालय ने दिनांक 05.12.2005 के अपने फैसले के तहत उक्त अधिनियम को यह कहते हुए रद्दकर दिया था कि राज्य सरकार के पास खनिजों पर कर लगाने का कोई विधायी अधिकार नहीं है। परिणाम स्वरूप, ओडिशा राज्य ने माननीय ओडिशा उच्चन्यायालय के फैसले को माननीय सर्वोच्चन्यायालय के समक्ष चुनौती दी थी। इसके बाद, उक्त अपील के लंबित रहने के दौरान, मामले को माननीय सर्वोच्चन्यायालय के नौन्यायाधीशों की संविधानपीठ को भेज दिया गया था। माननीय सर्वोच्चन्यायालय के नौन्यायाधीशों की संविधान पीठ ने दिनांक 25-07-2024 के अपने निर्णय में माना कि खनिज अधिकारों पर कर लगा ने की विधायी शक्ति राज्य विधान मंडल में निहित है। संविधान पीठ के निर्णय और माननीय ओडिशा उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध माननीय सर्वोच्चन्यायालय की नियमित पीठ द्वारा अपील की सुनवाई लंबित रहने तक, कंपनी 31.12.2024 तक किसी भी दायित्व का आकलन कर ने की स्थिति में नहीं है।
8. पिछली अवधि से संबंधित आंकड़े जहां भी आवश्यक हो, पुन: समूहीकृत, पुन र्व्यवस्थित और पुन क्रमिक किए गए हैं।

स्थान: भुवनेश्वर
दिनांक: 10फरवरी, 2025

(बृजेन्द्र प्रताप सिंह)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

वित्तीय परिणाम देखने / डाउनलोड करने के लिए इस क्यूआर कोड को स्कैन करें

नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड
" संभावनाओं को साकार करना, नई सीमाओं को आकार देना "

• बॉक्साइट खनन • एल्यूमिनियम परिशोधक • एल्यूमिनियम प्रद्रावक • ग्रहीत विद्युत संयंत्र
• ग्रहीत कोल ब्लॉक • समर्पित पत्तन सुविधाएँ • अनुसंधान एवं विकास • नवीकरणीय ऊर्जा





आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 12 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in



झारखंड में आयुष्मान भारत 'मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना' की नयी बीमा अवधि शुरू

# लाभुक सभी सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में नि:शुल्क इलाज करवा सकेंगे

**पुरानी बीमा की अवधि 10 फरवरी को समाप्त हो गयी थी, झारखंड में सूचीबद्ध सभी निजी और सरकारी अस्पतालों में नयी बीमा अवधि को कर दिया गया है लागू**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आयुष्मान भारत 'मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना' के तहत 10 फरवरी 2025 को झारखंड राज्य में सूचीबद्ध सभी निजी और सरकारी अस्पतालों में पुरानी बीमा की अवधि के समाप्त होते ही, झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के माध्यम से ससमय राज्य में इस योजना की नयी बीमा अवधि को लागू कर दिया गया है। अब इस बीमा अवधि के दौरान राज्य के सभी सुपात्र लाभुक लाभ ले सकेंगे और पूर्व की भांति सभी सूचीबद्ध निजी और सरकारी अस्पतालों में अपना निशुल्क इलाज करवा सकेंगे।

झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी और स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इसके तहत राज्य के 66 लाख से अधिक लाल, पीला एवं हरा राशन कार्डधारी परिवार इस योजना का लाभ ले सकेंगे। साथ ही विभाग द्वारा नयी बीमा अवधि से एचबीपी 2022(हेल्थ बेनिफिट पैकेज) लागू की गयी है। इसके अंतर्गत 534 नये पैकेज भी शामिल किये गये हैं एवं पुराने पैकजों के रेट रिवाईज किये गये हैं। नये पैकेज के आने से अस्पताल नये रोगों का भी इलाज इस योजनांतर्गत कर सकेंगे। एचबीपी 2022(हेल्थ बेनिफिट पैकेज) में प्रशासक देखभाल पैकेज (पैलिएटिव केयर पैकेज), उच्च अंत प्रक्रियाएं (हाइ एंड प्रोसेस) जैसे बोन मैरो ट्रांसप्लांट और कोक्लियर इंप्लांट सर्जरी, उच्च अंत दवा (हाइ एंड ड्रग्स) के पैकेज और उच्च अंत निदान (हाइ एंड डायग्नोस्टिक्स) की प्रक्रियायें भी शामिल की गयी हैं।

इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, नयी दिल्ली द्वारा टीएमएस (ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम) के नया वर्जन को भी झारखंड राज्य में लागू किया गया है।

झारखंड राज्य में योजना हाइब्रिड मोड में संचालित है एवं देश भर में हाइब्रिड मोड में संचालित प्रदेश में झारखंड राज्य सबसे पहला राज्य है, जहां टीएमएस 2.0 को लागू किया गया है।

कार्यकारी निदेशक, झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी ने कहा कि अब अस्पतालों को भी काम करने में काफी सुविधा होगी। टीएमएस 2.0 में डॉक्यूमेंट का साइज अब 500 केबी से बढ़ाकर 1 एमबी कर दिया गया है। इससे अस्पताल अब अधिक डॉक्यूमेंट्स अपलोड कर सकेंगे। इस वर्जन के आने से इस योजना का दुरुपयोग नहीं हो सकेगा। झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी द्वारा सभी सूचीबद्ध लगभग 566 अस्पतालों को नये सॉफ्टवेर एवं पैकेजस का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया है।

# झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और टाटा पावर के बीच एमओयू

**पीएम सूर्य घर बिजली योजना योजना से रोशन होंगे घर**

**लोगों को सस्ती और हरित ऊर्जा मिल सकेगी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और टाटा पावर के बीच मंगलवार को पीएम सूर्य घर बिजली योजना के तहत समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। इस समझौते का उद्देश्य राज्य में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है, जिससे लोगों को सस्ती और हरित ऊर्जा मिल सके।

पीएम सूर्य घर बिजली योजना के तहत, प्रधानमंत्री ने देशभर के नागरिकों को उनके घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस योजना के अंतर्गत, सरकार उपभोक्ताओं को सोलर पैनल की स्थापना के लिए सब्सिडी प्रदान करती है, जिससे सौर ऊर्जा की स्थापना का खर्च कम हो जाता है और यह उपभोक्ताओं के लिए सस्ती हो जाती है। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक और टाटा पावर के बीच समझौता ज्ञापन के तहत, बैंक ग्राहकों को सस्ती ब्याज दर पर ऋण प्रदान करेगा, ताकि वे अपनी छतों पर सौर पैनल स्थापित कर सकें। इस ऋण का उद्देश्य लोगों को सौर ऊर्जा से जुड़ी तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस समझौते से सौर ऊर्जा की लोकप्रियता बढ़ेगी और लोग अपनी ऊर्जा की जरूरतों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा स्रोत से पूरा कर सकेंगे। इसके साथ ही, यह पहल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी और भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यह एमओयू झारखंड राज्य के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि इसे लेकर वे अब सौर ऊर्जा के लाभों को प्राप्त कर सकते हैं, जो उनके लिए दीर्घकालिक आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ प्रदान करेगा।

इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष मदन मोहन बरियार, महाप्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में फ्लैग ऑफ असेंबली का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सफल शैक्षणिक सत्र के औपचारिक समापन के लिए सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के प्रांगण में फ्लैग ऑफ असेंबली का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने एक सफल और समृद्ध सत्र के समापन की घोषणा की। असेंबली की शुरूआत प्रार्थना से हुई, जिसके बाद आज का विचार और एक प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया गया। इस प्रेरक संबोधन ने छात्रों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद सत्र की सर्वश्रेष्ठ कक्षा की घोषणा की गयी। यजुर्वेद इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ सदन बनकर उभरा। इस अवसर पर स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों ने पौधरोपण अभियान भी चलाया। जिससे उन्होंने इस सफल सत्र के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। यह असेंबली अत्यंत उत्साहजनक रही, जिसने विद्यार्थियों और शिक्षकों में नवीन ऊर्जा और उमंग भर दिया।

इस आयोजन ने उच्च मानदंड स्थापित किये और सभी को आने वाले सत्र की एक नयी, सफल यात्रा के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्या परमजीत कौर ने सभी को एक सफल सत्र के लिए बधाई दी और विद्यार्थियों को अपने प्रदर्शन पर आत्मविश्लेषण करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि आगामी वर्ष में हमें अपनी कमजोरियों को समझकर खुद को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने आगामी परीक्षाओं के लिए सभी को शुभकामनाएं भी दीं।

# भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी। मंगलवार को भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षता में रांची के पंडित दीनदयाल नगर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और अंत्योदय की प्रेरणा हमें सदैव मार्गदर्शन देते रहेंगे। उनका सपना सबका साथ, सबका विकास को साकार करने का संकल्प हम सभी दोहराते हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद करते हुए भाजपा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रवींद्र राय ने कहा कि पंडित जी का यह मानना था कि राजनीति केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि यह समाज की सेवा का एक साधन होना चाहिए। उनके अनुसार, राजनीति का उद्देश्य जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण होना चाहिए, न कि केवल व्यक्तिगत लाभ। भाजपा रांची महानगर जिला के अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि दिनदयाल जी जातिवाद, भेदभाव और सामाजिक विभाजन के विरोधी थे। उनका विचार था कि भारतीय समाज में सभी वर्गों को समान अधिकार और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने एकजुटता और सहिष्णुता को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यरूप से रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व विधायक समरी लाल, सुबोध सिंह गुड्डु, शोभा यादव, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, राजू सिंह, बसंत दास, रौशनी खालको, अनिता वर्मा, पायल सोनी, जितेंद्र सिंह पटेल, विकास रवि, रवि मुंडा, रणधीर सिंह, इंद्रजीत यादव सहित रांची महानगर के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### स्वच्छ भारत और पौधरोपण उप समिति की बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के स्वच्छ भारत और पौधरोपण उप समिति की बैठक मंगलवार चैंबर भवन में हुई। डॉ जाकिर हुसैन पार्क की बदहाली पर चिंता जताते हुए सदस्यों ने कहा कि देखरेख के अभाव में यह पार्क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। नागरिकों की सुविधा को देखते हुए रांची नगर निगम को पत्राचार कर, पार्क की सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य कराने की बात कही गयी। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि जीवन के लिए हरियाली व पर्यावरण का संरक्षण कितना आवश्यक है, इसे जानना हर किसी के लिए जरूरी है। इसके संरक्षण की जिम्मेवारी भी सबकी है। हरियाली हरे-भरे पौधे लगाने से ही संभव है। उप समिति चेयरमैन किशन अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम को पहल करते हुए इस पार्क को परिवार सहित बच्चों को लेकर पार्क में घूमने योग्य बनाया जाना चाहिए। बैठक के उपरांत चैंबर भवन के कार्यालयी तल पर पाम के पौधे भी लगाये गये। बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, उप समिति चेयरमेन किषन अग्रवाल और आनंद जालान उपस्थित थे।

### सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, पुंदाग, रांची में दशम वर्ग के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 8वीं एवं 9वीं के छात्रों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस क्रम में दशम वर्ग के बच्चों ने विद्यालय में बिताये गये अपने पलों को साझा किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने छात्रों को प्रेरणादायक संदेश दिये और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय निदेशक डॉ दीपक कुमार सिन्हा ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ अपने जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन एक्टीविटी इंचार्ज हिमाद्री मोहंती ने किया। इस मौके पर विद्यालय निदेशक रामप्रवेश भारती, डॉ दीपक कुमार सिन्हा, विद्यालय प्रधानाचार्या मंजू पांडेय समेत सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

### डोरंडा बाजार उजाड़ने के विरोध में करेंगे आंदोलन



रांची (आजाद सिपाही)। डोरंडा बाजार को उजाड़ने के विरोध में देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। रांची के डोरंडा बाजार में गरीब असहाय की दुकान को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण का हवाला देकर हटाया जा रहा है, पीड़ित दुकानदारों ने मंगलवार को डोरंडा जनता बाजार झंडा चौक के समीप बैठक की। इसमें सर्वसम्मति से जेएलकेएम आंदोलनकारी नेता पूर्व प्रत्याशी रांची लोकसभा देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में बाजार बचाने के लिए चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जेएलकेएम जिला सचिव अरशद अली सोनू, हटिया अध्यक्ष इरशाद आलम, शाहिद उर्फ बंटी हटिया प्रत्याशी अयूब अली के अलावा जनता बाजार डोरंडा के सैकड़ों दुकानदार लोग मौजूद थे।

# सिल्ली इलू बाइपास लाइन के सिविल कार्य की निविदा जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची रेलमंडल में सिल्ली इलू बाइपास लाइन का सिविल कार्य आरंभ करने के लिए मंगलवार को निविदा जारी होने पर दक्षिण पूर्व रेलवे के जेडआरयूसीसी सदस्य अरुण जोशी ने प्रसन्नता जताते हुए इस प्रयास को पूर्ण कराने में सहयोग के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और पूर्व सांसद (राज्यसभा) महेश पोद्दार के प्रति आभार जताया। यह कहा कि इस रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण होने से यात्रियों को काफी सुविधा होगी। यह लाइन झारखंड की राजधानी रांची से प्रदेश की औद्योगिक नगरी टाटानगर और अन्य जगह आने जाने के लिए बहुत उपयोगी। विदित हो कि यात्रियों की सुविधा हेतु तत्कालीन सांसद राज्यसभा महेश पोद्दार ने इस मामले में निरंतर रेल मंत्री से समन्वय बनाकर प्रयासों को गति दी। बजटीय राशि की स्वीकृति दिलाने में भी तत्कालीन सांसद का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

सिल्ली इलू बाइपास लाइन के निर्माण हेतु निविदा जारी किये जाने पर पूर्व सांसद (राज्यसभा) महेश पोद्दार ने रेलमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व रेलवे के इस प्रयास से रांची-हावड़ा-टाटा की दूरी कम होगी, सफर सुगम होगा, यात्रियों का किराया और समय बचेगा और ईंधन की भी बचत होगी। सुखद है कि रेलमंत्री ने मेरे सुझाव को मूर्तरूप देते हुए, इसपर पहल की है। उन्होंने इस प्रयास के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे के उच्चाधिकारियों को भी धन्यवाद दिया।

## संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती समारोह आज

**रांची।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती समारोह के अवसर पर झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा द्वारा एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम 12 फरवरी बुधवार को माघ पूर्णिमा पर संध्या 6:00 बजे से गुरुनानक स्कूल पीपी कंपाउंड में आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री राधाकृष्ण किशोर, नेहा शिल्पी तिर्की, विशिष्ट अतिथि विधायक सीपी सिंह, अमर कुमार बाउरी, सुबोधकांत सहाय, विधायक नवीन जायसवाल, सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में झारखंड के सभी जिलों से हजारों की संख्या में गुरु रविदास जी के अनुयायी भाग लेंगे।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों की प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिये। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल, लायंस क्लब ऑफ रांची दिवास के संयुक्त प्रयास से 27 अप्रैल को सामूहिक विवाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आगामी 27 अप्रैल 2025 को लायंस क्लब ऑफ रांची कैपिटल लायंस क्लब ऑफ रांची दिवास के संयुक्त तत्वावधान में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी आयोजनकर्ता श्रवण जैन और पायल जैन ने दी। मंगलवार को प्रेस क्लब रांची में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 25 अविवाहित जोड़ों का सामूहिक विवाह दिगंबर जैन भवन, हरमू रोड में संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य सौजन्यकर्ता झूमर मल जी जैन सेठी एवं परिवार की ओर से किया जा रहा है। विवाह संस्कार सनातन विधि विधान के साथ किया जायेगा। इस आयोजन में लाभ लेने के इच्छुक जोड़े अपना आवेदन कसेरा स्पोर्ट्स और राम भगत हरिप्रसाद पेट्रोल पंप में जमा कर सकते हैं। आवेदक जोड़ों को दूल्हा-दुल्हन का आधार कार्ड, माता - पिता के आधार की छायाप्रति, एड्रेस प्रूफ, पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ्स, और अन्य आवश्यक विवरणों जमा करनी होगी। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही अंतिम स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी। आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित है। इस मौके पर मुख्य रूप से श्रवण जैन, प्रियंका जैन, राजेश कसेरा, श्रेयल जैन, दीपक लोहिया, सुशील सिंह, अनूप अग्रवाल, रजनी नरूला, निधि नागपाल, फरहीन, तंजीम आलम, राखी गुलगुलिया, आशुतोष प्रामाणिक, नितेश कुमार, पंकज मिधा सहित दिवास लायंस क्लब के सदस्य उपस्थित थे।

# डोरंडा कॉलेज में सेफ इंटरनेट डे कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** डोरंडा कॉलेज, रांची में सेफ इंटरनेट डे कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ निदेशक एपी त्रिपाठी ने कहा कि इंटरनेट का उपयोग करते समय सावधानी और सतर्कता बरतनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि साइबर हाइजीन को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए और साइबर क्राइम को रोकने के लिए जागरूकता बढ़ानी चाहिए। कार्यशाला में एनजी जाफनिया, संयुक्त निदेशक एनआइसी झारखंड ने विद्यार्थियों को साइबर थ्रेट्स, ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधियों से बचने के लिए जागरूकता और सावधानी आवश्यक है। कार्यशाला में डोरंडा कॉलेज के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, एनआइसी झारखंड के पदाधिकारी और विद्यार्थी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में 350 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।





# चैंप स्क्वॉयर के 396 से अधिक छात्रों ने जेइइ मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया

## चैंप के पियूष कुमार 99.53 पर्सेंटाइल लाकर बने टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मंगलवार को जेइइ मेन परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। रांची शहर के विद्यार्थियों का इस प्रतियोगिता परीक्षा में शानदार प्रदर्शन रहा। शहर के चैम्प स्क्वॉयर के छात्र-छात्राओं ने इस परीक्षा में उत्कृष्ठ सफलता अर्जित की। इस संस्थान का अस्तित्व 2015 में आया और प्रथम वर्ष से ही यहां के विद्यार्थी जेइइ मेन और एडवांड में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। यह संस्थान सामान्य क्षमता वाले छात्र-छात्राओं को भी उच्चस्तरीय ज्ञान एवं उच्च मानक समर्थन के बल पर, उनके अंदर रिजल्ट ओरियेंटेड भावना को जागृत कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सक्षम रहा है।

चैंप स्क्वॉयर का झारखंड में सर्वश्रेष्ठ चयन अनुपात रहा। इसके साथ पियूष कुमार 99.53 पर्सेंटाइल लाकर ब्वायज, स्वयंम प्रभाकर 99.23 पर्सेंटाइल लाकर दूसरे स्थान पर रहकर संस्थान और शहर का मान बढ़ाया। कुल 396 से अधिक छात्र/छात्राओं ने इस परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया।

इसके अलावा सताक्क्षी, वेद वत्सल, सुमित कुमार, सत्यम, आदर्श हर्ष पाठक, दिव्या गुप्ता, इशान आदि बच्चों ने सफलता का परचम लहराया।




इन शिष्यों ने अपने गुरुजनों एवं चैंप स्क्वॉयर में कार्यरत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपनी सफलता को अपने अभिभावक एवं शिक्षकों को समर्पित किया है। उनका मानना है कि चैंप स्क्वॉयर संस्थान उनकी पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम रहा। उनका कहना है कि चैंप स्क्वॉयर ने उनका सर्वांगीण विकास किया है। यहां की पढ़ाई एवं टेस्ट उनके लिए काफी लाभदायक रहा। बच्चों का उत्साह अप्रतीम था। वे अपने शिक्षकों को धन्यवाद दे रहे थे। इस संस्थान ने बारहवीं पास बच्चों का सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट दिया है। अब उनका लक्ष्य जेइइ मेन का दूसरा सेशन एवं एडवांस की तरफ है।

पिछले कई वर्षों के छात्रों के अध्ययन से यह पता चलता है कि जिन छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत 85 या उससे अधिक है उनके विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत 95 रहा है।


चैंप स्क्वॉयर में छात्रों की व्यक्तिगत समस्या निराकरण हेतु नियमित रूप में सुबह 10:00 से रात के 8:30 तक भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र एवं गणित के शिक्षक उपलब्ध रहते हैं जिनसे किसी भी वर्ग के छात्र अपनी सुविधानुसार अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं। छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय चैंप स्वॉयर के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद चैंप स्क्वॉयर के द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में मददगार रहा है।

संस्थान के निदेशक ने कहा कि एक बार फिर छात्रों की सफलता ने चैंप स्क्वॉयर का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी चैंप स्क्वॉर के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा की शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों का ज्ञान और उर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखायी और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशा जनक रहा।

# श्री चैतन्य एकेडमी का जेइइ मेन 2025 में फिर से शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इस वर्ष जेइइ मेन 2025 की परीक्षा में हरिओम टावर, सर्कुलर रोड, रांची स्थित श्री चैतन्य एकेडमी के छात्रों ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन यहां के शिक्षकों के मार्गदर्शन में किया। यहां के एकेडमिक हेड इमरान अली के अनुसार इस वर्ष श्री चैतन्य एकेडमी के टॉप 100 **परसेंटाइल इन मल्टीपल सब्जेक्ट पाने वाले विद्यार्थियों के नाम इस प्रकार हैं:-** डी रुटवीक साईं, भवेश जयंती, पी साईं मुकेश, अरुणाचलम राम सत्विक, शिवन विकास तोशनिवल, उज्जवल केसरी, अविव अली इस्लाम को जेइइ मेन सेशन 1 जनवरी 2025 में बेस्ट पर्सेंटाइल मिला है। एकेडमिक हैड इमरान अली से इतने सारे छात्रों के सफल होने के सबंध में पूछने पर उन्होंने बताया कि यहां का स्टडी पैकेज जेइइ मेन एवं जेइइ एडवांस के अनुरूप ही बनाया गया है। यहां शिक्षक एवं छात्रों के बीच बहुत ही मिलनसार सबंध है। इसलिए छात्र बिना किसी संकोच के शिक्षक से अपना डाउट साल्व करते हैं। यहां डाउट साल्व करने के लिए एक अतिरिक्त शिक्षकों का दल सुबह 10.00 बजे से संध्या 7.00 बजे तक रहते हैं। प्रणव सर, पंकज सर और यहां के सभी शिक्षकों ने इन सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।




## सेफ इंटरनेट डे को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला

# इंटरनेट हमारी जीवन शैली का हिस्सा सावधानी भी जरूरी : आदित्य रंजन

**1930 पर कॉल करके और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करायें शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेफ इंटरनेट डे को लेकर जैप-आइटी सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आइटी एवं इ-गवर्नेंस निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि इंटरनेट हमारी जीवन शैली का हिस्सा हैं, परंतु हमें सावधान और सतर्क रहकर इंटरनेट का उपयोग करना चाहिए। साइबर फ्रॉड एवं अन्य साइबर क्राइम को रोकने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है। सेफ इंटरनेट डे भारत सरकार एवं राज्य सरकार की एक पहल है ताकि सभी नागरिकों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के लिए जानकारी दी जा सके।

निदेशक जेएसएसी आर रोनीटा ने भी सभी विभागों के पदाधिकारियों और कर्मियों को सेफ इंटरनेट के प्रति जागरूक होने एवं समाज में सभी वर्गों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।



दीपक कुमार, राज्य सूचना-विज्ञान पदाधिकारी एवं ओमेश प्रसाद सिन्हा के द्वारा एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से आम जन के जीवन में इंटरनेट के उपयोग करने के दौरान आने वाले साइबर खतरा, साइबर स्वच्छता एवं साइबर सुरक्षा की विस्तृत जानकारी दी गयी।

डॉ प्रशांत कुमार सिन्हा, उप निदेशक एनआइसी झारखंड के द्वारा कई महत्वपूर्ण जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गयी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी नये-नये तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश करते हैं। जिसमें डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का लालच देकर निवेश करना, विभिन्न तरह के ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफार्म इत्यादि शामिल है। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित तरीके से पैसे का ट्रांजैक्शन करें, सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग, सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल करने से बचें, बिना जाने समझें अनजान लोगों के साथ रकम की लेनदेन नहीं करें, अनजान नंबर से आने वाले व्हाट्सएप कॉल एवं व्हाट्सएप वीडियो कॉल तथा इंटरनेशनल कॉल को रिसीव करने से बचें, स्वयं जागरूक बने एवं अपने परिवार को भी जागरूक करें। साइबर अपराधी लोगों की अज्ञानता का फायदा उठाकर साइबर फ्रॉड करते हैं। साइबर फ्रॉड होने से 1930 नंबर पर कॉल करके तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शीघ्र शिकायत दर्ज करायें और ट्रांजैक्शन ब्लॉक करायें।

कार्यशाला में जानकारी दी गयी कि अनजान लोगों के साथ ओटीपी, आधार कार्ड, पैन कार्ड या बैंक की अन्य जानकारी साझा नहीं करें। ऑनलाइन फ्रॉड, डीप फेक, व्हाट्सएप्प सिक्योरिटी, डिजिटल अरेस्ट सहित अन्य मुद्दे पर चर्चा की गयी। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक शिव चरण बनर्जी, कल्याण विभाग, राजस्व विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com



## पूर्व तट रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. ETELCONBBST-361E, दिनांक : 01.02.2025

**कार्य का नाम :** पूर्व तट रेलवे के सम्बलपुर मण्डल के अधीन साशन-सरला के बीच तीसरी एवं चौथी लाइन से संबंधित शासन एवं सरला में 11/0.416KV 2X100KVA सबस्टेशन, 250 KVA सबस्टेशन का स्थानान्तरण, HT/LT लाइन के स्थानान्तरण/ रूपान्तरण, 04 संख्यक संकेत एवं दूरसंचार गुमटीओं का विद्युतीकरण, समपार फाटक, SSP बिल्डिंग, संकेत एवं दूरसंचार बिल्डिंग (G+1), फुट ओवर ब्रिज एवं साशन में प्लेटफॉर्म और पहुंच मार्ग लाइटिंग का प्रावधान।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 108.75 लाख, EMD : ₹ 2,04,400/-, कार्य पूरा होने की अवधि: 09 महीने।

**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** दिनांक 04.03.2025 को 1200 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

**निविदाकारों को निविदाकारों के लिए उद्दिष्ट सभी निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ना चाहिए एवं चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा विधिवत सत्यापित और हस्ताक्षरित अनुलग्नक-B, G एवं G1 जमा करने साथ, निविदा दस्तावेज के चैप्टर 2 के अनुलग्नक-I, निविदा फॉर्म (द्वितीय शीट) की जाँच सूची, पैरा 3.1 (जाँच सूची) सहित सभी निर्देशावली का अनुपालन करना चाहिए।**

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता (निर्माण-I)/ भुवनेश्वर

PR-154/CH/24-25


# 99.9800784 पर्सेंटाइल हासिल कर ब्रदर्स एकेडमी के साहिल आकाश बने टॉपर

## 380 से अधिक छात्रों ने जेइइ मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेइइ मेन परीक्षा में 99.9800784 पर्सेंटाइल हासिल कर ब्रदर्स एकेडमी के साहिल आकाश टॉपर बने। ब्रदर्स एकेडमी के 380 से अधिक छात्रों ने जेइइ मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय एकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्यसामग्री, क्विज संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद एकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है।



संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने एकेडमी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एकेडमी के शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों को ज्ञान और ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखायी और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशा जनक रहा।

# द पाठशाला का जेइइ मेन 2025 में शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** द पाठशाला, रांची ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित करते हुए जेइइ मेन 2025 (जनवरी प्रयास) में शानदार प्रदर्शन किया है। मंगलवार को एनटीए द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार, संस्थान के 19 छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से अधिक और 59 छात्रों ने 95 पर्सेंटाइल से अधिक स्कोर किया है। कुल 383 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है, जो पाठशाला की बेहतरीन शिक्षण पद्धति और छात्रों की कड़ी मेहनत का प्रमाण है।



### संस्थान के कुछ शीर्ष प्रदर्शन करनेवाले छात्र

**उत्कर्ष:** भौतिकी में 99.25 पर्सेंटाइल, **अक्षत** : 99.06 पर्सेंटाइल, **आदित्य आर्यन** : 99.02 पर्सेंटाइल, **अनुष्का** : 98.35 पर्सेंटाइल, **श्रेया** : 98.52 पर्सेंटाइल, **विभव** : 98.25 पर्सेंटाइल, **अनन्या** : 98.00 पर्सेंटाइल।

संस्थान के निदेशक, शिव शंकर ने इस बेहतरीन उपलब्धि पर सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा, हमारी पूरी टीम छात्रों को सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शन और रणनीति प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह सफलता पाठशाला की मजबूत शिक्षण प्रणाली और छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। हम अपने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हैं और आने वाले प्रयासों में भी उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे।

**जल्दी एडमिशन पर मिलेगी विशेष छूट**

संस्थान ने ऐसे शानदार परिणामों को दोहराने के लिए जल्दी प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसमें 25 फरवरी 2025 तक विशेष रियायती शुल्क लागू होगा। इच्छुक छात्र इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी जेइइ की तैयारी को मजबूत बना सकते हैं। द पाठशाला, रांची अपने अनुभवी शिक्षकों और प्रभावी शिक्षण पद्धति के लिए जाना जाता है। संस्थान निरंतर झारखंड और देशभर के विद्यार्थियों को जेइइ और ओलंपियाड परीक्षाओं में सफलता दिलाने के लिए कार्यरत है।

# सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने रांची में लॉन्च किया पहला एवरलाइट शोरूम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ने रांची में अपना पहला एवरलाइट शोरूम लॉन्च किया है। मंगलवार को इस शोरूम का उद्घाटन बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय ने किया। यह शोरूम पासा हाउस, सर्कुलर रोड, लालपुर में स्थित है और इसमें 1500 वर्ग फीट का भव्य और आधुनिक वातावरण है। सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी और सीइओ सुवंकर सेन ने कहा कि यह शोरूम मध्य भारत में उनके विस्तार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शोरूम में गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 30 प्रतिशत तक की छूट और गोल्ड एक्सचेंज पर 0 प्रतिशत डिडक्शन का लाभ उठाया जा सकता है। इसके अलावा, डायमंड ज्वेलरी की कीमत पर भी 15 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। रांची सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के फ्रेंचाइज पार्टनर हरी शंकर परसरामपुरिया ने कहा कि हमें फ्रेंचाइजी पार्टनर के रूप में सेंको गोल्ड और डायमंड्स परिवार का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जो अपनी गुणवत्ता, बेहतरीन कारीगरी और भरोसे के लिए जाना जाता है। इस साझेदारी के माध्यम से हमें अपने लोगों के लिए सेंको की खूबसूरत ज्वेलरी उपलब्ध कराने का शानदार अवसर मिला है, जो अपनी उत्कृष्टता की विरासत को बनाये हुए है। हम ब्रांड के विस्तार में योगदान करने के लिए उत्साहित हैं, साथ ही ग्राहकों को सर्वोत्तम डिजाइन और सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस शुरूआत को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

रांची सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के फ्रेंचाइज पार्टनर पारस चंद मोदी ने कहा कि हम सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स ग्रुप के साथ जुड़कर बहुत उत्साहित हैं। यह ब्रांड वर्षों से अपने भरोसे और उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। हमें उम्मीद है कि यह ब्रांड और उन्नति करेगा और हम ग्राहकों को शानदार सेवा और उत्पाद प्रदान करेंगे। बॉलीवुड अभिनेत्री मौनी रॉय ने कहा कि मुझे सेंको गोल्ड एंड डायमंड्स के साथ जुड़कर और रांची में उनके पहले एवरलाइट शोरूम के उद्घाटन में शामिल होकर बेहद खुशी हो रही है।


## शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. 165 दिनांक 20.01.2025 । मै विजय करमाली VIJAY KARMALI, पिता - मोहन करमाली, उम्र लगभग - 61 वर्ष निवास ग्राम - बांचास अरलडीह, आराडीह, पो0- आनन्दपुर, थाना - जारीडिह, जिला - बोकारो, राज्य झारखण्ड शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ। कि :- 1. यह कि मेरी राष्ट्रीयता भारतीय है। 2. यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या 8298 9216 8818 एवं पेन कार्ड संख्या OQAPK750Q है जिसमें मेरा नाम विजय करमाली VIJAY KARMALI है जो सही व वास्तविक है। 3. यह कि बैंक ऑफ इंडिया शाखा - जैनामोड़ जिला - बोकारो मे मेरा एक बचत खाता है जिसका खाता संख्या 479810110009110 है, जिसमें मेरा नाम BIJA KUMAR दर्ज हो गया है। जो गलत है। 4. यह कि यह शपथ पत्र में अपने उक्त बचत संख्या - 479810110009110 में अपने दर्ज गलत नाम - BIJA KUMAR के स्थान पर सही वो वास्तिविक नाम विजय करमाली VIJAY KARMALI दर्ज करने हेतु यह शपथ पत्र बना रहा हूँ। 5. यह कि उपरोक्त बाते मेरे कहने पर लिखी गई है जो सही व सत्य है अगर गलत पाये जाने पर मेरे विरुद्ध सुगत धाराओं में मे कार्यवाही की जा सकती है।



## दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नज़रअंदाज़ कर दिया जाएगा। **निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-साउथ-24-25-51, दिनांक: 10.02.2025।** **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/दक्षिण/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन झींकपानी-तालाबुरु खंड के बीच बड़ाजामदा जंक्शन-गुआ टीआरआर- (पी)-4.500 टीकिमी., पदापहाड़-बोलानीखदान- टीआरआर (पी)-5.500 टीकिमी. तथा पदापहाड़-नयागढ़- टीआरआर (पी)-28.112 टीकिमी. एवं किमी. 331.00-332.595 पर अप लाइन पर 1.595 ट्रैक्शन किमी. के लिए पीएससी-14 स्लीपर पर बिछे हुए वर्तमान 60 किग्रा. 90 यूटीएस रेल का नए 60 किग्रा. 90 यूटीएस/आर260 रेल (एलडब्ल्यूआर) द्वारा टीएफआर सहित सम्पूर्ण रेल नवीकरण (प्राथमिक)। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,51,31,596। **बयाना राशि:** ₹ 3,25,700। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** ₹ 0। **खुलने की तारीख:** 04.03.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। **द्रष्टव्य:** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को नि:शुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी - रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I / सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। **(PR-1123)**



## मेकॉन लिमिटेड

(भारत सरकार, इस्पात मंत्रालय के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)
मुख्यालय: डोरंडा, रांची- 834002 :
फोन: 0651-2483000
सीआईएन नं.: U74140JH1973GOI001199

**रोजगार अधिसूचना**

**मेकॉन लिमिटेड को नियमित वेतनमान में विभिन्न पदों के लिए अनुभवी मानव संसाधन पेशेवरों की आवश्यकता है (विज्ञापन संख्या 11.73.4.3/2025/Reg/01 दिनांक 08/01/2025)**

**अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के लिंक "careers" पर जाएँ।**

**नोट: इस विज्ञापन से संबंधित कोई भी शुद्धिपत्र / संशोधन हमारी वेबसाइट www.meconlimited.co.in के "careers" में अपलोड किया जाएगा।**

CBC 40110/12/0003/2425

# शांति की आशा

आखिरकार मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। अगर यही काम वह पहले करते तो हो सकता है उन्हें जिम्मेदारी समझने और उसे स्वीकार करने का थोड़ा-बहुत श्रेय मिलता, लेकिन जिन हालात में यह इस्तीफा हुआ है, उसमें ऐसी कोई गुंजाइश नहीं रह गयी है। बहरहाल, सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या अब प्रदेश में अमन-चैन और आपसी भाईचारा स्थापित हो सकेगा।

**शांति कायम रखने की चुनौती :** यह इस्तीफा आगे के लिए एक उम्मीद दिखाता है, लेकिन प्रदेश की मैतेई और कुकी आबादी के बीच संदेह और अविश्वास की खाई जितनी चौड़ी हो गयी है, उसे देखते हुए तत्काल सुलह-समझौते का कोई फॉर्म्यूला निकलने की संभावना नहीं दिखती। जहां कुकी समुदाय की ओर से अपने लिए अलग प्रदेश की मांग उठी है, वहीं मैतेई समुदाय राज्य के किसी भी विभाजन के सख्त खिलाफ है। बीच की कोई राह कैसे और कब तक निकलती है, यह एक अलग मसला है, मगर फिलहाल चुनौती तब तक शांति-व्यवस्था बनाये रखने की है।

**हथियारबंद आबादी :** कुकी और मैतेई दोनों तरफ के गिरोहों ने सुरक्षा बलों के हथियार लूटे हैं। जब तक ये हथियार वापस नहीं लिये जाते, तब तक शांति की संभावना भी दूर की कौड़ी रहेगी, लेकिन पुलिस और सुरक्षा बलों पर पक्षपात के आरोप दोनों ही तरफ के लोग लगाते रहे हैं। जाहिर है, लूटे गये हथियारों की जब्ती तो होनी ही चाहिए, इसके साथ-साथ पुलिस और सरक्षा बलों की विश्वसनीयता बढ़ाने पर भी काम करना होगा।

**चूंकि राज्य में विधानसभा चुनाव एक साल के अंदर ही होने हैं, इसलिए चुनावी समीकरणों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे माहौल में तनाव कम करके शांति-सौहार्द कायम करना खासा मुश्किल हो जाता है।**

**विकल्प का सवाल :** फिलहाल सभी पक्षों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद राज्य में सत्ता की बागडोर किसके हाथों में जाती है। उनकी जगह लेने वाले नेता की छवि और विश्वसनीयता पर बहुत कुछ निर्भर करेगा, लेकिन चूंकि राज्यपाल ने विधानसभा का बजट सत्र बुलाये जाने का फैसला रद्द कर दिया है। इसलिए संभावित अविश्वास प्रस्ताव की बात भी टल गयी है। ऐसे में देखना यह भी होगा कि क्या केंद्र यहां राष्ट्रपति शासन लागू करने का फैसला करता है।

**चुनावी समीकरण :** चूंकि राज्य में विधानसभा चुनाव एक साल के अंदर ही होने हैं, इसलिए चुनावी समीकरणों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। ऐसे माहौल में तनाव कम करके शांति-सौहार्द कायम करना खासा मुश्किल हो जाता है। फिर भी बीरेन सिंह के इस्तीफे ने एक अच्छा मौका तो दिया ही है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**श्री गुरु रविदास जी का जन्म ठीक उस समय हुआ, जब मनुष्य जात-पात और अमीरी-गरीबी के भ्रम में फंस कर मानवता से कोसों दूर हो गया था या कुछ ऐसा कहा जाये कि व्यक्ति अंतरात्मा के ज्ञान से अनभिज्ञ था। इस समय गुरु रविदास का जन्म होना आध्यात्मिक अस्तित्व का सबसे बड़ा संकेत था। ऐसे समय जन्म लेकर उन्होंने सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध बोल कर उस समय के शासकों को लोक हित के लिए कार्य करने के लिए ज्ञान दिया और सारी प्रजा को समानता का संदेश देकर कहा कि कोई भी मानव जन्म और जात के आधार पर ऊंचा-नीचा नहीं होता, बल्कि इंसान अपने कर्मों से जाना जाता है।**

# प्रेम के साथ रहने के लिए प्रेरित करती है श्री गुरु रविदासजी की वाणी

**सर्बजीत राय**

15वीं-16वीं सदी के दौरान धरती पर माघ मास की पूर्णिमा को एक ऐसे आध्यात्मिक गुरु का जन्म हुआस जिसने अपनी विनम्र वाणी से सामाजिक कुरीतियों पर चोट की। आज उन्हें श्री गुरु रविदास जी के नाम से जाना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि जब पृथ्वी पर सामाजिक अन्याय, भेदभाव, ऊंच-नीच जैसी सामाजिक कुरीतियों का बोलबाला बढ़ जाता है, तब इन बातों को लेकर व्यक्ति ही मानव जाति का दुश्मन बन जाता है और काम, क्रोध और लोभ में फंस कर रह जाता है, तब इन सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए एक आध्यात्मिक आत्मा मानवीय चोला पहन कर धरती पर प्रकट होती है। श्री गुरु रविदास जी का जन्म ठीक उस समय हुआ, जब मनुष्य जात-पात और अमीरी-गरीबी के भ्रम में फंस कर मानवता से कोसों दूर हो गया था या कुछ ऐसा कहा जाये कि व्यक्ति अंतरात्मा के ज्ञान से अनभिज्ञ था।

इस समय गुरु रविदास का जन्म होना आध्यात्मिक अस्तित्व का सबसे बड़ा संकेत था। ऐसे समय जन्म लेकर उन्होंने सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध बोल कर उस समय के शासकों को लोक हित के लिए कार्य करने के लिए ज्ञान दिया और सारी प्रजा को समानता का संदेश देकर कहा कि कोई भी मानव जन्म और जात के आधार पर ऊंचा-नीचा नहीं होता, बल्कि इंसान अपने कर्मों से जाना जाता है। गुरु रविदास ने प्रेम से रहने का संदेश भी दिया। गुरु जी की सारी बाणी, जो श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज है, मनुष्य को एक-दूसरे के साथ प्रेम के साथ रहने के लिए प्रेरित करती है और पाखंड से दूर रहने के लिए कहती है।

**श्री गुरु रविदास विनम्रता के पुजारी और करुणा के सागर थे। उनका जन्म 1433 ई. में पिता संतोख दास के घर माता कलसी देवी की कोख से बनारस में हुआ।**



कोई व्यक्ति जात के आधार पर ऊंचा-नीचा न समझा जाये अर्थात न किसी को शोक, न किसी को रोग, न दर्द, न दुख, न चिंता और न ही गम हो। श्री गुरु रविदास जी की ओर से जिस समाज की कल्पना की गयी उसको बाद में समाजवादी सरकारों के नाम से जाना गया जिसके आधार पर कार्ल मार्क्स तथा अन्य समाजवादी लेखकों ने अपनी किताबें लिखीं और चीन, हंगरी, रूस तथा अन्य मार्क्सवादी देशों में इस समाजवादी सोच को सराहा गया।

श्री गुरु रविदास विनम्रता के पुजारी और करुणा के सागर थे। उनका जन्म 1433 ई. में पिता संतोख दास के घर माता कलसी देवी की कोख से बनारस में हुआ। उनकी रोजमर्रा की आजीविका जूतियां बनाने के काम से चलती थी। ऐसे समय उन्होंने शांत रह कर नाम सिमरने, नेक कार्य करने और बांट कर खाने का संदेश ही नहीं दिया, बल्कि पूरी सृष्टि को आध्यात्मिकता का मार्ग भी दिखाया।

गुरु जी ने उस समय एक ऐसे समाज की कल्पना की जिसमें किसी मनुष्य को किसी किस्म का दुख न हो। कोई व्यक्ति जात के आधार पर ऊंचा-नीचा न समझा जाये अर्थात न किसी को शोक, न किसी को रोग, न दर्द, न दुख, न चिंता और न ही गम हो। श्री गुरु रविदास जी की ओर से जिस समाज की कल्पना की गयी उसको बाद में समाजवादी सरकारों के नाम से जाना गया जिसके आधार पर कार्ल मार्क्स तथा अन्य समाजवादी लेखकों ने अपनी किताबें लिखीं और चीन, हंगरी, रूस तथा अन्य मार्क्सवादी देशों में इस समाजवादी सोच को सराहा गया। श्री गुरु रविदास जी ने अपने उपदेशों को लेकर राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के कई शहरों में सत्संग किए। पुष्कर, प्रयाग, हरिद्वार, सुल्तानपुरी, पनघट आदि तीर्थ स्थलों की यात्रा की।

विद्वानों के अनुसार श्री गुरु रविदास जी ने त्रिवेणी, संगम, गोदावरी, सिंधकाबल, भरतपुर, कोठा साहिब, श्री अमृतसर साहिब और खुरालगढ़ जिला होशियारपुर इत्यादि स्थानों की यात्रा कर मानवता और आपसी सद्भावना का संदेश दिया। हम सब श्री गुरु रविदास जी का प्रकाश पर्व मनाते हुए उनके बताये मार्ग पर चल कर सामाजिक ढांचे में आयी दरारों को दूर कर प्यार का संदेश फैलायें और बेगमपुरा शहर रूपी समाज का निर्माण करें।

## संत रविदास की सीख

संत रविदास ने हमेशा जातिवाद को त्यागकर प्रेम से रहने की शिक्षा दी। उन्होंने अच्छे कर्मों और गुणों को जरूरी माना है। लोगों का भला करना और साफ मन से भगवान में आस्था रखना ही उनका स्वभाव था। संत रविदास को कभी भी धन का मोह नहीं रहा। उनके बताये दोहों को समझ कर अपनाने से जीवन में सकारात्मकता बढ़ेगी और सफलता भी मिल सकती है।

करम बंधन में बन्ध रहियो, फल की ना तज्जियो आस कर्म मानुष का धर्म है, सत भाखै रविदास।

**अर्थ –** हमें हमेशा कर्म में लगे रहना चाहिए और कभी भी कर्म के बदले मिलने वाले फल की आशा नही छोड़नी चाहिए, क्योंकि कर्म करना हमारा धर्म है तो फल पाना हमारा सौभाग्य है।

ब्राह्मण मत पूजिए जो होवे गुणहीन, पूजिए चरण चंडाल के जो होने गुण प्रवीन।।

**अर्थ –** इस दोहे में रविदास जी कहते हैं कि किसी को सिर्फ इसलिए नहीं पूजना चाहिए क्योंकि वह किसी पूजनीय पद पर है। यदि व्यक्ति में उस पद के योग्य गुण नहीं हैं तो उसे नहीं पूजना चाहिए। इसकी जगह अगर कोई ऐसा व्यक्ति है, जो किसी ऊंचे पद पर तो नहीं है लेकिन बहुत गुणवान है तो उसका पूजन अवश्य करना चाहिए।

मन ही पूजा मन ही धूप, मन ही सेऊं सहज स्वरूप।।

**अर्थ –** इस पंक्ति में रविदासजी कहते हैं कि निर्मल मन में ही भगवान वास करते हैं। अगर आपके मन में किसी के प्रति बैर भाव नहीं है, कोई लालच या द्वेष नहीं है तो आपका मन ही भगवान का मंदिर, दीपक और धूप है। ऐसे पवित्र विचारों वाले मन में प्रभु सदैव निवास करते हैं।

रविदास जन्म के कारनै, होत न कोउ नीच नकर कूं नीच करि डारी है, ओछे करम की कीच

**अर्थ –** इस दोहे में रविदासजी कहते हैं कि कोई भी व्यक्ति किसी जाति में जन्म के कारण नीचा या छोटा नहीं होता है। किसी व्यक्ति को निम्न उसके कर्म बनाते हैं। इसलिए हमें सदैव अपने कर्मों पर ध्यान देना चाहिए। हमारे कर्म सदैव ऊंचें होने चाहिए।

## कोल्हान की खबरें

# मंत्री रामदास सोरेन ने सुरदा में बाबा तिलकामांझी और मुसाबनी में सिदो-कान्हू की प्रतिमा का किया अनावरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** झारखंड के सभी जिले में देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी के 275 वा जंयती मनाया गया। मंगलवार को शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने शहीदों को मालार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सुरदा क्रासिंग स्थित बाबा तिलका चौक में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन व पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के द्वारा संयुक्त रूप से बाबा तिलका माझी के मूर्ति का अनावरण किया गया।इससे पूर्व मंत्री रामदास सोरेन ने मुसाबनी बस स्टैंड स्थित सिद्धू कान्हु चौक में स्वतत्रंता सेनानी सिदो कान्हु के नए प्रतिमा का अनावरण किया। मंत्री रामदास सोरेन ने कहा देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी रहे बाबा तिलका मांझी जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिए थे।उनके बलिदान को कभी भुलाया नही जा सकता। मंत्री ने कहा आज बाबा तिलका मांझी के जयंती पर घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज के दिन उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने की जरूरत है। मौके पर केंद्रीय सदस्य कान्हु सामंत, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत, जिला मुख्य संयोजक बाघराय मार्डी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष प्रधान सोरेन, काजल डॉन,सागेन पूर्ति, डाक्टर अवतार सिंह,जयपाल माझी, गोरांग महाली, गणेश टुडू, रोबिन सबर, सुनील किस्कु, सुभाष मुर्मू, धनंजय मार्डी, सोमाय सोरेन सहित अन्य शामिल रहे।

# बाबू दास पर फायरिंग मामले में दो गिरफ्तार



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** बीते दिनों आदित्यपुर के सांपड़ा में हुई बाबू दास पर हुई फायरिंग के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने नामजद आरोपी अजय बहादुर उर्फ अज्जू थापा और आनंद दुबे को कांड में प्रयुक्त देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी देते हुए एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया एसडीपीओ समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में टीम का गठन कारवाई के दौरान तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों ने अपनी संलिप्ता स्वीकार कर ली है। कांड में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाया



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा जमशेदपुर महानगर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि को 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाया। मंगलवार को भाजपा कार्यालय में पार्टी के वरीय नेताओं व कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।मौके पर कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय अमर रहे,भारत माता की जय का नारा लगाया।वही वक्ताओं ने कहा अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र को समर्पित करने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद व अंत्योदय के प्रणेता थे। समाज के कमजोर तबके के उत्थान के लिए वे हमेशा संघर्षरत रहे। उन्हीं के आदर्शों पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार समाज के अंतिम पंक्ति के कल्याण हेतु दर्जनों हितग्राही मूलक योजनाएं चला रही हैं।इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आत्मसात कर संगठन व समाज के उत्थान में सतत कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रामबाबू तिवारी, दिनेश कुमार, डॉ राजीव कुमार, कुलवंत सिंह बंटी, रमेश हांसदा, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, संजीव कुमार, बिनोद सिंह, उज्ज्वल सिंह, अप्पा राव, धर्मेंद्र प्रसाद, नीतीश कुशवाहा, सागर राय, रमेश बास्के, बिनोद राय, पवन सिंह, अमित मिश्रा, कमलेश सिंह, रमेश नाग, अजय सिंह, रॉकी सिंह, राहुल तिवारी, प्रकाश दुबे, दीपक तिवारी समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संजीव सरदार ने बाबा तिलकामांझी को दी श्रद्धांजलि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** बाबा तिलका माझी मिलन संघ के द्वारा जमशेदपुर प्रखंड के पोड़ेहासा में अमर शहीद बाबा तिलका माझी की 275वीं जयंती पर भव्य खेलकूद सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अथिति पोटका विधायक संजीव सरदार शामिल हुए।मौके पर विधायक ने बाबा तिलका माझी के प्रतिमा पर मालार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा भारत के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका माझी ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह कर अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनके संघर्ष व बलिदान से हमें प्रेरणा लेने की जरूरत है।वही विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय युवाओं व कलाकारों ने उत्साह के साथ बढ़चढ़ हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चंपई मुर्मू, चेतन हांसदा, मंगल टुडू सहित स्थानीय ग्रामीण,सामाजिक कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि ने अहम भूमिका निभाये।

# फुटबॉल प्रतियोगिता में शामिल हुए समाजसेवी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**आदित्यपुर।** एस एम लक्की यूथ क्लब उत्तमडीह के द्वारा एक दिवसीय कुर्मी सेना फुटबॉल प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता सह सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अथिति शहर के चर्चित समाजसेवी सह गरीबों का मसीहा अजय त्रिपाठी शामिल हुए। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों द्वारा मुख्य अतिथि को पट्टा पहनाकर व गुलदस्ता भेट कर गर्म जोशी से स्वागत किया गया। फुटबॉल प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लिया। मौके पर मुख्य अथिति अजय त्रिपाठी के द्वारा खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर व बोल में किक मारकर फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। वही अजय त्रिपाठी ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवाओ का फुटबॉल के प्रति काफी लगाव है।लेकिन खेलकूद के साथ शिक्षा बहुत जरूरी है। श्री त्रिपाठी ने कहा प्रतियोगिता में हार या जीत होना तय है। उन्होंने कहा हारने वाले टीम को घबराने की जरूरत नही है। आगे और बेहतर करने का प्रयास करे। ताकि शांति पूर्ण भाई चारे के साथ प्रदर्शन कर अपने मंजिल तक पहुच सके। वही फाइनल प्रतियोगिता में विजेता टीम को 20 हजार नगद व टॉफी, उपविजेता को 15 हजार और टॉफी, तीसरे और चौथे स्थान पर आने वाले टीम को 8 हजार और टॉफी भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में दूर दरार से आये कलाकारों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया।

# विधायक प्रतिनिधि ने विद्यानंद सरस्वती से लिया आशीर्वाद



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा के विधायक सरयू राय के मानगो नगर निगम क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पप्पू सिंह ने जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्यानंद सरस्वती से आशीर्वाद लिया। मंगलवार को पारडीह कालीमंदिर परिसर में विद्यानंद सरस्वती ने शुभकामनाएं देते हुए जनता की सेवा में लोकप्रिय होने का आशीर्वाद दिया। मौके पर जेडीयू नेता भवानी सिंह मौजूद रहे।

# एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में रक्तदान शिविर का आयोजन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मंगलवार को आयोजित शिविर में छात्रों, स्टाफ और अभिभावकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।प्रबंधन के प्रयास से आयोजित शिविर ने 50 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन विवेक सिंह ने कहा रक्तदान महादान है। जो मानवता की सेवा करने में मदद करती है।उन्होंने कहा हमें गर्व है हमारे छात्र, स्टाफ और अभिभावकों ने शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया। उन्होंने शिविर के आयोजन में रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग के लिए आभार जताया।

## इस बार 'कॉफी विद एसडीएम' में पहुंचेंगे 'थर्ड जेंडर' समुदाय के लोग

गढ़वा ()। प्रशासन-नागरिक संवाद की दिशा में प्रयास के रूप में चल रहे 1 घंटे के विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम ₹कॉफी विद एसडीएम₹ में इस सप्ताह आमंत्रित समूह के रूप में थर्ड जेंडर समुदाय के लोग भाग लेंगे। बुधवार पूर्वाह्न 11:00 से 12:00 बजे के बीच प्रस्तावित उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के ऐसे इच्छुक थर्ड जेंडर/ किन्नर समुदाय के लोगों को आमंत्रित किया गया है जो अपनी किसी शिकायत या किन्नर समूह के कल्याण से जुड़े किसी सामूहिक विषय को रखना चाहते हों। वे चाहें तो क्षेत्र की बेहतरी को लेकर अपने सुझाव भी दे सकते हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार द्वारा समाज के किसी एक वर्ग या समूह को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित कर उनकी समस्याएं और सुझावों को सुना जाता है। उसी क्रम में उक्त कार्यक्रम की यह दसवीं कड़ी है।

# खेत में मिली पति-पत्नी की लाश, जांच में जुटी पुलिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जतरो गांव में सोमवार की रात्रि में अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से अधेड़ दंपति की हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दंपति हीरा रजवार 55 वर्ष पत्नी कलावती देवी 50वर्ष प्रतिदिन की भांति शाम को भोजन करने के उपरांत गांव के दक्षिण दिशा में खेत पर फसल की देख - रेखा करने जाया करते थे। उसी क्रम में सोमवार की रात्रि में भी वे फसल की रखवाली करने गये हुए थे। मंगलवार की सुबह नौ बजे तक घर दो लोग में से कोई घर वापस नहीं लौटे, तो मृतक का छोटा पुत्र खेत पर जाकर देखा कि माता और पिता की कोई हत्या कर चादर से ढंक दिया था, वह जोर-जोर से रोने चिल्लाने लगा। इसकी सूचना आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गयी। सूचना पाकर पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी, थाना प्रभारी अविनाश राज दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच शुरू किये। पुलिस इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया जमीन विवाद में हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। बहुत जल्द हत्या का खुलासा कर दिया जायेगा। क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह घटनास्थल पहुंचकर दोषी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा दिलाने की भरोसा दिलाया। कांडी पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया।

## हाइ वोल्टेज बिजली तार की चपेट में आने से 10वीं के छात्र की मौत

केतार (आजाद सिपाही)। मंगलवार की सुबह केतार में हाई वोल्टेज विद्युत प्रभावित तार के चपेट में आने से 10वीं का छात्र नीतीश कुमार पाल पिता राकेश पाल गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों ने प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल भवनाथपुर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने नीतीश को मृत घोषित कर दिया। शव को अंत परीक्षण के लिए गढ़वा भेजा गया। मृतक लोहिया समता उच्च विद्यालय के 10वीं का छात्र बताया जा रहा है। आगामी जैक द्वारा आयोजित मैट्रिक का परीक्षार्थी था। परिजनों ने बताया कि नीतीश कपड़ा टांगने वाला स्टील का रॉड बना रहा था। ग्यारह हजार हाई बोल्टेज तार नजदीक होने के कारण रॉड से चपेट में आ गया। लोहिया समता उच्च विद्यालय के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने दो मिनट मौन रखकर शोक संवेदना व्यक्त किया।



शोक संवेदना व्यक्त करते शिक्षक और छात्र-छात्रायें।

# समाहरणालय परिसर से 'वाटरशेड यात्रा' शुरू

**उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना**




आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भूमि संसाधन विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत झारखंड राज्य जलछाजन मिशन, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित जलछाजन कार्यक्रम, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी वन प्रमंडल द्वारा चिनिया प्रखंड में क्रियान्वित किया जा रहा है। जल है तो कल है और मिट्टी है, तो जीवन है, उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 'जल लाये धन-धान्य' थीम के साथ समाहरणालय सभागार से वाटरशेड यात्रा को लेकर आये वाहन को उपायुक्त शेखर जमुआर, उपविकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी वन प्रमंडल एबिन बेन्नी एब्राह्म द्वारा सयुंक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर चिनिया प्रखंड के लिए रवाना किया।

वाटरशेड वाहन द्वारा आगामी तीन दिनों तक वाटरशेड यात्रा का कार्यक्रम किया जाना है। यह वाहन चिनिया प्रखंड में तीन दिनों तक भ्रमण करते हुए इसका प्रचार-प्रसार करेंगी। मंगलवार को यह वाहन वाटरशेड यात्रा के तहत चिनिया प्रखंड के लिए भेजा गया। जहां पर वह प्रखंड मुख्यालय में नुक्कड़ नाटक, पानी पंचायत, भूमि पूजन, वृक्षारोपण तथा श्रमदान के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी। वहीं 12-13 फरवरी 2025 को ग्राम बरवाडी तथा तहले में वाटरशेड यात्रा के साथ-साथ उपरोक्त की भांती जागरूकता कार्यक्रम चलाया जायेगा और 19 फरवरी 2025 को चिरका (आईटीआई) के मैदान में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# खनन पदाधिकारी ने बालू घाट का किया उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 8 ग्राम बकईया में बालूरघाट का उद्घाटन किया गया। बालू घाट का उद्घाटन खनन विभाग के पदाधिकारी राजेंद्र उरांव तथा माइनिंग इंस्पेक्टर बीपी महतो के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। राजेंद्र उरांव ने कहा कि नगर पंचायत सहित प्रखंडवासियों के लिए बालू को लेकर कीलत नहीं होगी। सरकारी दर 783 रुपया में ऑनलाइन रसीद कटा कर आसानी से बालू ले जा सकते हैं। वहीं उन्होंने कहा कि जेएमडीसी के द्वारा रसीद काटकर सरकारी दर पर बालू बिक्री किया जायेगा।

वहीं उन्होंने कहा कि बालू के लिए लोगों को इधर-उधर नहीं भटकना होगा, आज से ही इस घाट से बालू का उठाव शुरू हो गया है। उद्घाटन के दौरान बालू घाट के संवेदक रिंकू तिवारी, आनंद चौबे, मिलेंद्र पाठक, नितेश पाठक, सुरेंद्र चौधरी अर्जुन पाठक, विजय सिंह, बिक्की सिंह, मंटू सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 'रेडी टू इट' आहार सामग्री के गोदाम का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुवार के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजय कुमार तथा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा के द्वारा शहरी क्षेत्र के नवादा के पास बिशनपुर इलाके में अवस्थित एक खाद्य गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया। प्राप्त गोपनीय शिकायत के आलोक में उपायुक्त ने सदर एसडीओ संजय कुमार के नेतृत्व में उक्त जांच का निदेश दिया था। जांच के क्रम में गोदाम में विभिन्न प्रकार के रेडी टू ईट खाद्य पैकेटों का निरीक्षण किया गया, स्टॉक पंजी तथा आगत निर्गत विवरणी सहित अन्य तथ्यों का अवलोकन किया गया। सभी प्रकार के पैकेज्ड सामग्री का वजन भी करवाया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त खाद्य पैकेट समाज कल्याण विभाग की बाल विकास परियोजना अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्भवती माताओं, धात्री माताओं तथा शिशुओं के लिए पूरक पोषक आहार के रूप में उपलब्ध करवाये जाते हैं। राज्य स्तर की एजेंसी द्वारा जिलों के गोदामों तक उक्त पैकेट बंद सामग्रियों को आवश्यक मात्रा में भेजा जाता है। इन गोदामों से आंगनबाड़ी केंद्रों तक भंडारण और परिवहन एजेंसी द्वारा पहुंचाया जाता है। अधिकारियों द्वारा उक्त जांच भंडारण एवं परिवहन एजेंसी के विरुद्ध प्राप्त गोपनीय शिकायत के आलोक में की गई थी, यद्यपि जांच के क्रम में कोई विसंगति नहीं पायी गयी।

# भवनाथपुर में शिक्षा विभाग में चल रहा शिक्षक प्रतिनियोजन का खेला

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड में सरकार की शिक्षा प्रणाली के विरुद्ध स्थानीय बीआरसी दफ्तर में बैठे शिक्षा विभाग के बाबुओं की चलती है। यहां दफ्तर में बैठे-बैठे प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और बीपीओ नें शिक्षकों का दूसरे स्कूलों में लगातार प्रतिनियोजित किए जाने का मामला सामने आया है। जबकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतियोजन मामले संबंधित विभाग के कर्मियों द्वारा अवैध राशि की उगाही का भी बात सामने आ रही है। स्थानीय बीआरसी कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार प्रखंड के बनसानी पंचायत अंतर्गत एनपीएस रोहो में पदस्थापित सहायक अध्यापक सह प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी मेहता को बिना कारण ही उनके मूल विद्यालय से रा.बु.वि.




झगराखांड में प्रतियोजन कर दिया गया है, जबकि एनपीएस रोहो में शिक्षण कार्य कर रहे एक अन्य सहायक अध्यापक विवेक सौरभ का चयन कक्षा 6 से 8 तक के लिए हुआ है, अगर किसी शिक्षक का प्रतियोजन करना होता, तो नियमानुसार सहायक अध्यापक विवेक सौरभ को किया जा सकता था। उसी प्रकार मकरी पंचायत के एनपीएस बरवारी के सहायक अध्यापिका बिंदु कुमारी का भी प्रतिनियोजन नियम को ताक पर रखते हुए फर्जी तरीके से उनके मूल विद्यालय से एनपीएस रोहो में कर दिया गया है, जबकि एनपीएस रोहो में पर्याप्त सहायक अध्यापक पहले से ही प्रतिनियुक्त है। वहीं रा माध्यमिक विद्यालय मकरी के सहायक अध्यापक रवि प्रकाश यादव को एनपीएस बरवारी में प्रभारी के रूप प्रतिनियुक्ति किया गया है। वहीं एनपीएस भंवरिया में अध्यनरत एक सौ छात्र-छात्राओं की शिक्षण कार्य एकमात्र सहायक अध्यापक के भरोसे संचालित कराया जाना स्थानीय बीआरसी कार्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना जायज है। नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ शिक्षकों ने बताया कि इस प्रतियोजन प्रक्रिया में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और बीपीओ द्वारा अवैध राशि की उगाही की गयी है। इस संबंध में गढ़वा डीईओ कैसर रजा से पूछे जाने पर कहा कि इस मामले का मुझे भी जानकारी मिली है, जांचोंपरांत जो भी दोषी होंगे, उनपर कार्रवाई करेंगे।

## उपायुक्त ने एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम को लेकर जिला स्तरीय बैठक की

गढ़वा (आजाद सिपाही)। मंगलवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम- 1989 के अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद और विधायक सदस्यों के प्रतिनिधिगण समेत जिला स्तर के पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारीगण उपस्थित थें। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम- 1989 के अंतर्गत आहूत जिला स्तरीय इस बैठक में जिले के विभिन्न 20 प्रखंड अंतर्गत कुल 74 मामले प्राप्त हुए जिन पर अनुसंधान उपरांत पीड़ितों को सहायता अनुदान की राशि भुगतान करने का निर्णय लिया गया। मौके पर उपस्थित जिला कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश द्वारा बताया गया कि पीड़ितों को सहायता अनुदान राशि भुगतान हेतु कुल लगभग 32 लाख रुपये की आवश्यकता है, परंतु वर्तमान में कुल लगभग 16 लाख रुपये उपलब्ध हैं, जिनमें स्वीकृति प्राप्त सभी पीड़ितों को स्वीकृत अनुदान राशि देने का निर्णय लिया गया है। उक्त बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त पलामू लोकसभा के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार चौबे, विधायक भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक यशोधरा, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंका, रुद्र प्रताप अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर प्रभाकर मिर्धा समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



# कदाचार मुक्त मैट्रिक का पहले दिन का परीक्षा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार ।** जैक बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा प्रखंड के इकलौता सेंटर पीएम श्री मध्य विद्यालय केतार में प्रथम दिन का परीक्षा कदाचार मुक्त संपन्न हुई। परीक्षा व्यावसायिक विषय का हुआ, जिसमें कुल 103 विद्यार्थी में से 102 विद्यार्थी उपस्थित हुए, जबकि एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। केंद्राधीक्षक मो मोकारिन ने बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त, भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में कराया गया। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के दायरा में धारा 144 लागू रहा। विद्यालय परिसर में किसी प्रकार का अनाधिकृत प्रवेश वर्जित है। परीक्षा हॉल में किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डिजिटल घड़ी, इयरफोन, मोबाइल फोन, कल कुलेटर आदि ले जाना वर्जित है। साथ ही परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्र के परिधि में लाउडस्पीकर और वाद्ययंत्र का प्रयोग वर्जित है। इसके बावजूद भी अगर लोग परीक्षा केंद्र का नियम उल्लंघन कर कदाचार करने की कोशिश करने वाले लोगों को चिन्हित कर उन पर कठोर से कठोर कानूनी कारवाई की जायेगी। परीक्षा के दौरान दंडाधिकारी घनश्याम गुप्ता, पर्यवेक्षक तेरेखा बखला व एएसआइ वेंकेट्श शर्मा पुलिस बल के साथ मुस्तैदी से तैनात थे। मौके पर उप केंद्राधीक्षक देवेंद्र कुमार, संजय मिश्रा, प्रेम गुप्ता, धनंजय, मनोरंजन, सुधा कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## परीक्षार्थियों का स्वागत कर प्रवेश कराया गया

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में जैक की 12वीं की परीक्षा का केंद्र बनाया गया है, जिसमें प्लस टू उच्च विद्यालय के परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। इन सभी परीक्षार्थियों का विद्यालय में तिलक लगाकर मुख्य द्वार पर स्वागत किया गया, वहीं मिष्ठान खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया गया। उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने सभी बच्चों को परीक्षा की शुभकामनाएं दी।



# पत्रकार आशुतोष रंजन पंचतत्व में विलीन

**सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित मुक्ति धाम में किया गया अंतिम संस्कार**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड के सतबहिनी झरना तीर्थ स्थित मुक्ति धाम में मंगलवार को बिंदास न्यूज के संस्थापक पत्रकार आशुतोष रंजन उम्र 40 बर्ष का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गये। पत्रकार आशुतोष वरिष्ठ पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा के पुत्र व पत्रकार रामरंजन के भतीजा थे। सोमवार की शाम गढ़वा में उनका निधन हो गया था। जिसके बाद उनके पार्थिव शरीर को शाम में ही उनके पैतृक गांव कांडी प्रखंड के अधौरा लाया गया। मंगलवार को अंतिम यात्रा संपन्न हुई। जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। सभी लोगों ने नम आंखों से पत्रकार आशुतोष को विदाई दी। मृतक पत्रकार आशुतोष के पिता पत्रकार प्रियरंजन सिन्हा, मृतक की पत्नी व सात साल व पांच साल के दो लड़के व नौ साल की एक लड़की सहित सभी लोगों की आंखों से आंसू थम नहीं रहे थे। मालूम हो कि आशुतोष रंजन 2003 से ही हिन्दुस्तान अखबार के गढ़वा नगर प्रतिनिधि के तौर पर पत्रकारिता शुरू की थी। अंतिम यात्रा में विधायक नरेश प्रसाद सिंह, गढ़वा एसडीओ संजय कुमार, प्रखंड प्रमुख नारायण यादव, जिपस प्रतिनिधि दिनेश कुमार, मुखिया अनीता देवी, ललित बैठा, नीरज सहित पलामू व गढ़वा के कई गणमान्य लोग व पत्रकारों सहित गांव के सैकड़ों लोग शामिल थे।

## पत्रकार आशुतोष के निधन पर उपायुक्त ने जताया शोक



गढ़वा। उपायुक्त शेखर जमुआर ने पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शोकसंतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में जिला प्रशासन उनके परिवार के साथ है। उपायुक्त श्री जमुआर ने कहा कि गढ़वा के वरिष्ठ और समर्पित पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा का असामयिक निधन अत्यंत दु:खद और हृदयविदारक है। वे एक मिलनसार, हसमुखी तथा सुलझे हुए पत्रकार थे। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को इस दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करें।

## डीसी ने चल रहे कार्यो की समीक्षा की

गढ़वा (आजाद सिपाही)। समाहरणालय सभागार में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में आपूर्ति विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में खाद्यान्न उठाव और वितरण की स्थिति, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत माह फरवरी 2025 के खाद्यान्न वितरण की स्थिति, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत माह अप्रैल 2024 के खाद्यान्न वितरण की स्थिति, विभागीय योजनाओं की स्थिति, जन वितरण प्रणाली दुकानों की सम्बद्धता (डीलर टैगिंग) की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि खाद्य आपूर्ति मामले में प्रायः विभिन्न माध्यमों से शिकायतें प्राप्त होती रहती है, जो कि बहुत ही दु:खद और निंदनीय है। अगर किसी की भी इसमें संलिप्ता पायी जायेगी तो उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

# इंटरनेट का दुरुपयोग करने से हम सबका भविष्य खतरे में पड़ सकता है : पशुपतिनाथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देशानुसार जिला सूचना और विज्ञान गढ़वा के तत्वधान में मंगलवार को पंचायत भवन कल्याणपुर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, डीआईओ राधे गोविंद ठाकुर, ईडीएम शिवनारायण पासवान, सीएससी मैनेजर मनीष कुमार, डीपीओ यूआईडी गिरीश्वर सिंह सहित कई पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में जिला स्तरीय अधिकारियों व अन्य कर्मियों को सुरक्षित इंटरनेट इस्तेमाल करने से संबंधित जानकारी दी गयी।

उप विकास आयुक्त श्री मिश्रा ने कहा कि इंटरनेट एक तरफ वरदान है, तो दूसरी तरफ अभिशाप, इसलिए इंटरनेट का सही इस्तेमाल करना चाहिए। इंटरनेट का दुरुपयोग करने से हम सबका भविष्य खतरे में पड़ सकता है। इंटरनेट का सही इस्तेमाल कैसे हो इसका प्रचार-प्रसार करना आवश्यक है। इस उम्मीद के साथ कि हम सभी इंटरनेट का स्वच्छ एवं सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल करें, और खुद भी साइबर थ्रेड से कैसे बचें और आसपास के लोगों को भी इससे बचने के लिए जागरूक करें। कार्यशाला में जिला सूचना और विज्ञान पदाधिकारी राधे गोविंद ठाकुर और डीपीओ यूआईडी गिरीश्वर सिंह ने सफर इंटरनेट डे के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। डीआईओ श्री ठाकुर ने सर्वप्रथम इंटरनेट के उद्भव और विकास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षित इंटरनेट दिवस वैश्विक रूप से मनाया जाता है जिसका उद्देश्य ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। मौके पर उपरोक्त के अलावे पंचायत के मुखिया अशोक चंद्रवंशी, एसबीआई बैंक मैनेजर तथा एसबीआई बैंक के स्टाफ, आरके हाई स्कूल कल्याणपुर के प्रिंसिपल कृष्णा मुरारी पांडेय, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविकाएं, विद्यालय की छात्राएं, प्रज्ञा केंद्र संचालक आदि उपस्थित रहे।

# योजना को धरातल पर कराये बगैर ही लाखों रुपये की फर्जी निकासी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खरौंधी।** मनरेगा के तहत संचालित आम बागवानी योजना में पंचायत के मुखिया, मनरेगा बीपीओ और रोजगार सेवक की मिलीभगत से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है, उक्त योजना को धरातल पर कराये बगैर ही फर्जी डिमांड लगाकर मजदूरी मद का लाखों रुपये की फर्जी निकासी कर ली गयी है। मामला खरौंधी पंचायत अंतर्गत टोला नावाडीह का है। आम बागवानी योजना फर्जी तरीके से सरकारी राशि की निकासी किए जाने की मामले को लेकर लाभुक अमरनाथ पासवान पिता स्व. नकछेदी पासवान ने बीडीओ को लिखित आवेदन देकर इसमें संलिप्त दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में अमरनाथ पासवान ने जिक्र किया है, कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में मुझे आम बागवानी योजना स्वीकृत हुआ था। जिसका वर्क कोड संख्या 3407002004/ 7080903442446 हैं। परंतु उक्त योजना में पंचायत के मुखिया, बीपीओ, पंचायत सेवक और रोजगार सेवक द्वारा आम का पौधा भी नहीं दिया गया। संबंधित मनरेगा कर्मियों के द्वारा मेरे नाम से योजना अस्वीकृत होने की बात मुझसे कहते हुए धरातल पर बिना कार्य कराए बिना ही बिचौलियों के माध्यम से बड़े पैमाने पर फर्जी मजदूरों के नाम डिमांड भरकर अवैध तरीके से 1 लाख 9 हजार 72 रुपये की सरकारी राशि का गबन कर लिया गया है। कहा कि जब मैं अपने नाम से आम बागवानी योजना होने की जानकारी लिया तो पता चला कि मेरे नाम से उक्त योजना संचालित है, और मैं अभी तक योजना में डिमांड भी नहीं लगाया हूं। जब ऑन लाईन के माध्यम से जांच पड़ताल किया तो पाया कि मेरे नाम पर संचालित उक्त योजना में फर्जी तरीके से 109,072 रुपए की फर्जी निकासी हो चुकी है। बीडीओ को दिए आवेदन के माध्यम से योजना के लाभुक ने सरकारी राशि की फर्जी निकासी मामले की जांच कर इसमें संलिप्त दोषियों पर कार्रवाई की मांग किया है।

# टोल प्लाजा बुंडू में ठेकेदार की मनमानी, अवैध वसूली का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** रांची टाटा रोड बुंडू एदेलहातु टोल प्लाजा ओएमटी कांट्रेक्टर कंपनी द्वारा नी राशि नॉन फास्ट्रेक पर्ची के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। टोल ओएमटी कांट्रेक्टर कंपनी रिद्धि सिद्धि एसोसिएट के द्वारा एनएचएआइ को रोजाना चार से सात हजार का अतिरिक्त कैसे कलेक्शन का रिपोर्ट भेजी जाती है, जबकि इस कंपनी द्वारा अपना सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके रोजाना लगभग डेढ़ लाख रुपये तक की राशि की अवैध वसूली वाहनों से की जाती है। जिसकी जानकारी एनएचआइ को नहीं दी जाती है और सरकार को इस कंपनी से विगत दो वर्षों से करीब करोड़ों रुपये की राजस्व हानि हो रहा हो रहा है। इससे संबंधित टोल ठेकेदार कंपनी रिद्धि सिद्धि एसोसिएट के द्वारा निजी सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करके मोबाइल द्वारा फास्ट्रेक स्कैनिंग करके और ओवरलोड के नाम पर वाहनों से फास्ट्रेक राशि काटने के अतिरिक्त जबरदस्ती नॉन फर्स्ट टेग वाली पर्ची से अवरलोड के नाम से पैसा लिया जाता है। इसके अतिरिक्त लोकल एंट्री के नाम से फिर अलग से पैसा लिया जाता है। मतलब एक वाहन से तीन बार अलग -अलग पैसा लिया जा रहा है। फास्ट्रेक से कटे राशि की दोगुनी राशि की पर्ची और कंपनी का टोल कनेक्शन का रिपोर्ट एनएचआइ को आज दिनांक 11/02/2025 को आजसू पार्टी रांची जिला समिति के वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा ने राष्ट्रीय राजमार्ग बुंडू के टोल प्लाजा के ठिकेदार के पदाधिकारी के निर्देश पर कर्मचारीयों द्वारा अन्य राज्य से आनेवाले बड़े मालवाहक वाहनों से अवैध वसुली और सरकार को नकद वसुली की रकम को कम दिखाकर सरकार की राजस्व की चोरी की संबंध में प्रधानमंत्री भारत सरकार, राष्ट्रीय सड़क और परिवहन मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय पदाधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रोजेक्ट पदाधिकारी राष्ट्रीय राजमार्ग और उपायुक्त रांची को ज्ञापन सौंपा।




## पिपरवार महाविद्यालय कारो में बारहवीं के बच्चों को दी गयी विदाई



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार महाविद्यालय कारो में समारोह आयोजित कर बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक रूप से दीप जलाकर किया गया, जिसके बाद बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वहीं उन्हें उपहार प्रदान कर विदाई दी गयी। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा गीत, संगीत, नृत्य, कविता, भाषण सहित अन्य कार्यक्रम पेश किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बच्चों के बेहतर एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के बिना सफलता असंभव है। ऐसे में सभी को बेहतर से बेहतर एवं उच्च शिक्षा प्राप्त कर सफलता की ओर आगे बढ़ने की जरूरत है। इस मौके पर कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामचंद्र उरांव, सचिव बसंत नारायण महतो, प्राचार्या रीता कुमारी, बिनोद राम, विजय गुप्ता, द्रोपदी देवी, कुमारी मीणा सहित काफी संख्या में कॉलेज के शिक्षक शिक्षिकाएं और बच्चे उपस्थित थे।

## झामुमो ने तोरपा में चलाया सदस्यता अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झामुमो तोरपा प्रखंड संयोजक मंडली द्वारा मंगलवार को तोरपा साप्ताहिक हाट में सदस्यता अभियान चलाया गया। पार्टी के नेताओं ने शिविर लगाकर लोगों को सदस्यता रसीद देकर पार्टी से जोड़ा। मौके पर झामुमो संयोजक मंडली के रूबेन तोपनो, जयदीप तोपनो, मोजीर अंसारी, प्रदीप केशरी, सुहैल खान, अरमान तोपनो, फिरोज खान, शिशिर तोपनो आदि उपस्थित थे।

## अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें अधिकारी: डालसा अध्यक्ष



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** व्यवहार न्यायालय परिसर खूंटी में आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर व्यवहार न्यायालय में मंगलवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी शामिल हुए। जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों एसडीओ, डीटीओ, एलडीएम और बैंक पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जिनका मामला न्यायालय में लंबित है और वाद सुलहनीय है वह भी अपने-अपने वादों का निष्पादन कर सकेंगे। प्रधान जिला जज ने लोगों से अपील की है कि वे मामलों के निष्पादन के लिए व्यवहार न्यायालय पहुंचे और न्यायालय में चल रहे लंबित मामले का जल्द से जल्द निष्पादन करायें। डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत से संबंधित बैठक लगातार हो रही है। और कुछ-कुछ मामलों का निष्पादन प्री कॉसिलिएशन बैठकों के माध्यम से गत आठ जनवरी 2025 से ही जारी है। इसलिए किसी भी कार्य दिवस के दिन आकर मामलों का निष्पादन करायें। यह जानकारी डीएलएसए सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## इंटरनेट के सुरक्षित और सकारात्मक उपयोग पर कार्यशाला का आयोजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सुरक्षित इंटरनेट दिवस के तहत मंगलवार को खूंटी जिले में विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय टुगेदर फॉर बेटर इंटरनेट था, अर्थात बेहतर इंटरनेट के लिए साथ मिलकर प्रयास करें। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच इंटरनेट के सुरक्षित और सकारात्मक उपयोग को बढ़ावा देना था। कार्यशाला का आयोजन उपायुक्त लोकेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रवि रंजन द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलित कर उन्होंने कार्यशाला का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यशाला में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पुलिस विभाग के पदाधिकारी, कर्मी, डीजिटल इंडिया कार्यक्रम से जुड़े अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, छात्र-छात्रा और एसएचजी सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव, डिजिटल साक्षरता और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही, विद्यार्थियों एवं उपस्थित लोगों को डिजिटल तकनीक के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए जागरूक करने पर जोर दिया गया। प्रेजेंटेशन के माध्यम से सुरक्षित इंटरनेट के उपयोग को लेकर विभिन्न विषयों पर वीडियो क्लिप दिखाकर भी जागरूक किया गया। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी ने कहा कि इंटरनेट के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर सुरक्षा का महत्व और अधिक बढ़ गया है। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों, पुलिस विभाग के अधिकारी, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, एसएचजी सदस्य समेत उपस्थित लोगों से अपील किया कि वे इस संदेश को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं ताकि डिजिटल युग में सुरक्षित और जागरूक समाज का निर्माण किया जा सके।

## सिल्ली प्रधान कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी गयी

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** सिल्ली प्रधान कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी गयी। जिसमें मुख्य रूप में उपस्थित हुए सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक, महामंत्री हरिहर महतो, चितरंजन मंडल दिनेश महतो, वासुदेव महतो आदि उपस्थित हुए।

## वैध कृषि कार्य के लिए किसानों को हर संभव सहयोग देगा प्रशासनः उपायुक्त




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों पर अंकुश लगाने, जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे अफीम विनष्टीकरण कार्य में सहयोग सुनिश्चित करने और किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने के लिए मंगलवार को अड़की प्रखंड कार्यालय के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने की, जिसमें सभी पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधि, मुखिया, ग्राम प्रधान, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य आदि उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, उप परियोजना निदेशक आत्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी भी मौजूद रहे। बैठक में उप परियोजना निदेशक आत्मा द्वारा वैकल्पिक खेती को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैंगन समेत अन्य फसलों की खेती को अपनाने पर जोर दिया गया, जिससे किसान अच्छा मुनाफा कमा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि वे अवैध अफीम की खेती छोड़कर लाभकारी एवं वैध कृषि कार्यों से अपनी आय बढ़ा सकें।

## पिपरवार में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन एरिया कमेटी गठन के साथ मचा घमासान



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा श्रमिक क्लब में 10 फरवरी को हुए यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सम्मेलन में एरिया कमेटी गठन के साथ ही घमासान शुरू हो गया है। यूनियन के लोग दो गुटों में अलग-अलग बंट चुके हैं और बयानबाजी के साथ एक दूसरे पर हमला कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक मंगलवार को यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में युनियन के वरिष्ट नेता मुद्रिका प्रसाद के नेतृत्व में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें एरिया कमेटी को पूरी तरह से आसंवैधानिक बताया गया है। यूनियन के वरिष्ट नेता मुद्रिका प्रसाद ने बताया कि 10 फरवरी को यूनियन का सम्मेलन एवं एरिया कमेटी का जो गठन हुआ है वह पूरी तरह से वैद्य नहीं है। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि चार सदस्य मिलकर 91 सदस्यीय डेलीगेट का चयन किया,जिसमें पुराने और कर्मठ साथियों की अनदेखी की गयी। ऐसे में किस संविधान एवं कानून के तहत एरिया कमेटी का गठन किया गया है, इसका जवाब सभी मजदूर जानना चाह रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत एढोक कमिटी का गठन किया गया था,यह एढोक कमेटी एकतरफा फैसला ली है। जिसका पुरजोर तरीके से विरोध किया गया है।

## बाजारटांड़ में 25वां सालाना उर्से रफीके मिल्लत फैजाने कांफ्रेंस ने किया जलसा का आयोजन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी आजाद नगर बाजारटांड़ में 25वां सालाना उर्से रफीके मिल्लत फैजाने कांफ्रेंस के द्वारा देश में आपसी भाईचारे और मिल्लत को लेकर जलसा का आयोजन किया गया। जलसा में रांची लोहरदगा, बालूमाथ, बीजूपाडा, राय, डकरा, खलारी कोयलांचल के ग्रामीण इलाकों से मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। इस जलसे में बरैली शरीफ से हजरत अल्लामा तौसीफ नुरानी, हजरत मौलाना वाशिकुल कादरी, महाराष्ट्र से शहजादाऐ ताजऐ मिल्लत नाबरीये आलाहजरत समनानी, शायरे इस्लाम नदीम रजा फैजी मधुपुरी, मौलाना शासबान रजा, हाफिज मकसूद सहित अन्य ओलिमाएकराम उपस्थित थे। जलसा में मुख्य रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों को समाज में फैल रही बुराइयों से दूर रहने के साथ शिक्षित होने और शादी को अधिक खर्चिला नहीं करने की अपील की गयी। वही उपस्थित नात खां के द्वारा पढ़े गये नातो का लोगों ने लुत्फ उठाया। वहीं जलसा की समाप्ति में उपस्थित लोगों के बीच सीनरी बांटा गया। जलसा को सफल बनाने में अंजुमन कदीम अहले सुन्नत, अंजुमन गरीब नवाज, अंजुमन तंजीम अहलेसुन्नत कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा बाजारटांड़ के ग्रामीण उपस्थित थे।

## मदन भगत की चौथी पुण्यतिथि मनायी गयी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू में मंगलवार को समाजसेवी मदन भगत की चौथी पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी, साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। मौके पर डॉ डीएन तिवारी मदन भगत के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे उदार व्यक्तित्व के धनी, महान समाजसेवी और धार्मिक प्रवृत्ति के उजार्वान व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवन में तमाम संघर्ष करते हुए समाज के सभी वर्गों के हित के लिए हमेशा आवाज बुलंद किया। उन्होंने अपने मन वचन कर्म से कभी किसी को तकलीफ नहीं पहुंचाया। वे अत्यंत आशावादी और सद्कर्म की राह चलते रहे। इश्वर की उनपर बराबर कृपा रहती थी, तभी तो वे जीवन भर अपने दृढ़ विचारों से समाज को सही दिशा देने का काम करते रहे। आज उनके आदर्श पर चलकर उनके पुत्र सकलदीप भगत और अन्य अपने कार्यो में निपुण हैं। श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर के माध्यम से इस आदिवासी बहुल क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा की ज्योति फैला रहे हैं। मौके पर सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षिका उपस्थित थे।

# मानव अधिकार मिशन झारखंड प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ के हाई स्कूल मैदान में मानव अधिकार मिशन झारखंड प्रदेश की और से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव के हर व्यक्ति को आपने अधिकार के जानकारी होना। इस कार्यक्रम में परदेश अध्यक्ष पीके लाला ने कहा की मानव अधिकार का गठन ही इसी उद्देश्य से किया गया है की कम से कम हर मानव आपने अधिकार को जाने। इस कार्यक्रम में उपस्थित परदेश सचिव दीपक ने कहा की सभी लोगो को एकजुट होकर काम करना चाहिए ताकि सभी को अपना अधिकार ले सके। कार्यक्रम में उपस्थित मीडिया प्रभारी अजय कुमार चौबे ने कहा की कहा सभी लोग सरकारी योजना का लाभ ले क्या-क्या योजना गांव के झारखंड सरकार के और से चलाई जा रही है, इसकी जानकारी तमाड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी से ले और परिवार को आगे बढ़ाने में मदद करे। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिला थाना प्रभारी बुंडू खुशबू कुमारी के कही कि लोग नशे की आदि हो रहे है। आपने बच्चो को इससे दूर रखे शराब और सिगरेट गुटखा ही नशा नही बल्कि गांजा अफीम चरस जो इस क्षेत्र में काफी पैमाने में खेती करते है। रोज अफीम की खेती को नष्ट कर रहे है परंतु समाज के सहयोग के बिना संभव नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित खरसांवा विधायक प्रतिनिधि अनूप कुमार सिंह देव ने कहा कि सरकारी योजना का लाभ बहुत सारी है। जिसे जानकारी के अभाव में नहीं ले पाते जैसे फूलों झानो जिसमे 50 हजार रूपये लाभुक के खाते में तत्काल इलाज के लिए 25000 रुपया लाभुक के खाते में परंतु लोगो को जानकारी नहीं है, इसलिए वंचित रह जाते है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सुहानी बनर्जी ने बताया की महिलाएं समाज की एक ऐसी कड़ी है जो घर परिवार के साथ-साथ बाहर के काम में भी भाग लेती है। हर जगह इनकी भागेदारी है सामाजिक हो या और कही ये पीछे नहीं रहती सभी लोग मानव अधिकार का सदस्यता लेकर काम करे। फिर मंटु गुप्ता समीर सिंह विद्याभूषण गुप्ता को आइ कार्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## आजाद सिपाही के संवाददाताओं को कार्यक्रम में किया गया सम्मानित



**बुंडू (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश मानव अधिकार मिशन का एक दिवसीय कार्यक्रम तमाड़ हाई स्कूल मैदान में सोमवार को किया गया। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष पीके लाला और प्रदेश महासचिव दीपक कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों को विधि सम्मत बातों को समझाया गया। इस कार्यक्रम में आजाद सिपाही के ब्यूरो चीफ स्वरूप भट्टाचार्य एवं बुंडू के आजाद सिपाही के संवाददाता रोहित राम को सम्मानित किया गया। मौके पर नंदा नायक अनिमा मलिक आदि उपस्थित हुए।**

## पुलिस ने क्षेत्र में 156 एकड़ भूमि पर अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने मंगलवार को अनुमंडल क्षेत्र में कुल 156 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। बुंडू थाना क्षेत्र में लगभग 47 एकड़ भूमि, दशम फॉल थाना क्षेत्र में लगभग 18 एकड़ भूमि, तमाड़ थाना क्षेत्र में लगभग 71 एकड़, राहे थाना क्षेत्र में लगभग 14 एकड़ और सोनाहातु थाना क्षेत्र अंतर्गत लगभग 06 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट करने के साथ लोगों को जागरुक भी किया गया। इस अभियान में बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, बुंडू थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा, तमाड़ थाना प्रभारी रौशन कुमार, दशम फॉल थाना प्रभारी प्रशांत गौरव, राहे थाना प्रभारी यशवंत कुमार सिंह, सोनाहातु थाना प्रभारी चंदन कुमार विकास के अलावे जैप और सैप के जवान शामिल थे।

## बुंडू नगर क्षेत्र की सड़कों से अतिक्रमण हटाने का काम जोरों पर



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू नगर क्षेत्र की सड़कों पर अतिक्रमण इन दिनों जोरों पर है। बिरसा मुंडा चौक ओवर ब्रिज में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। ओवर ब्रिज के नीचे दोनों ओर फुटपाथ दुकानदारों के द्वारा दुकान लगा देने एवं छोटी गाड़ियों को ब्रिज के नीचे लगा देने से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं बुंडू से रांची जाने वाले सर्विस मार्ग में अवैध रूप से सड़क पर ही टेंपो स्टैंड बना दिया गया है। बुंडू से टाटा जाने वाली सर्विस सड़क पर ही बसें खड़ी रहती है, जिससे आये दिन दुर्घटना होते रहती है। सड़क किनारे दुकानों और ठेले लगे रहते हैं, मोटरसाइकिल भी खड़े रहते हैं, जिससे हर समय जाम लगा रहता है। सड़क के किनारे पार्किंग के लिए जगह है, लेकिन उस पर कब्जा कर लिया गया है। यहां के अंचलाधिकारी रोज इस सड़क से गुजरते है, लेकिन उन्हें अतिक्रमण दिखाई नहीं देता है।

## तमाड़ थाना क्षेत्र के सलगाडीह में युवक शव संदिग्ध अवस्था में बरामद

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ थाना क्षेत्र के सलगाडीह में एक युवक की संदिग्ध अवस्था में शव मिला। इसकी हत्या या आत्महत्या के बारे में अभी पुलिस छान-बीन कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका खुलासा होगा। तमाड़ थानेदार रोशन कुमार ने बताया की युवक प्रकाश साहू 23 वर्ष सलगाडीह का रहने वाला था, उसकी शव बरामद किया गया। उसके मुंह से झाग निकल रहा था, घर वालों ने आशंका जताई है की उसकी जहर देकर या गला दबाकर हत्या कर दी गयी है। इस संबंध में मृतक के पिता राजेंद्र साहू के लिखित शिकायत पर तीन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

## झामुमो चुरी मध्य पंचायत संयोजक मंडली कमेटी का किया गया गठन



कमेटी के अध्यक्ष जीवन रजवार और सचिव रवि सिंह मनोनीत किये गये।

**खलारी (आजाद सिपाही)।** चुरी मध्य पंचायत के मोहननगर बाजार में झमुमो खलारी प्रखंड संयोजक मंडली की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता खलारी प्रखंड के संयोजक प्रमुख अनिल पासवान और संचालन राजेश गोप ने किया। बैठक में चुरी मध्य पंचायत में पार्टी की सदस्यता अभियान जोर शोर से करने का निर्णय लिया गया। साथ ही चुरी मध्य पंचायत कमिटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जीवन रजवार, उपाध्यक्ष सुनील मुंडा, कार्तिक खंडित, देव मुंडा, सचिव रवि सिंह, सह सचिव अमर भोगता, कोषाध्यक्ष धर्मवीर मुंडा, सहकोषाध्यक्ष श्रीराम कुमार, संगठन सचिव पप्पू सिंह, मिथलेश चैहान, मनोज मुंडा के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में श्याम महतो, दुर्गा मुंडा, अजय कुमार, कविता कुमारी, सविता देवी, सुजंती कुमारी, मानता कुमारी, मंशा देवी को शामिल किया गया है। बैठक में मुख्य रूप से संयोजक मंडली के संयोजक प्रमुख अनिल पासवान, महेंद्र चैहान, राजेश गोप, रंथु उरांव, सुनील यादव, अरुण यादव, छोटू राम, चितरंजन सिंह, राजकुमार गंझू, श्यामजी महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज में दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों को दी गयी विदाई



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज में दसवीं एवं बारहवीं कक्षा के छात्र छात्राओं को विदाई दी गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक उपस्थित थे। स्कूल में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। वही विदा होने वाले छात्रों को उपहार भेंट किया गया। स्कुल में दसवीं कक्षा के 134 बच्चों और बारहवीं के 17 विद्यार्थियों को विदाई दी गयी। प्रधानाध्यापक आदित्य प्रसाद साहू ने बताया कि दसवीं कक्षा का 39वां बैच है जिसमे 134 में 71 छात्र एव 62 छात्राए है। वही 12वी कक्षा का पहला बैच है। जिसमे 17 विद्यार्थी आट्र्स के है। प्रधानाध्यापक ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि परीक्षा के लिए अच्छी तरह मेहनत करे ताकि बेहतर रिजल्ट लाकर स्कुल का नाम रोशन करे। वही विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थी स्कूल के दिनों में जो ज्ञान मिला है वह आपके जीवन में काम आयेगा। परीक्षा में बेहतर करे ताकि आगे और अच्छा मुकाम हासिल करें। इस अवसर पर प्रयोगशाला के लिए उपस्कर एव डेस्क बेंच के लिए विधायक प्रतिनिधि को एक ज्ञापन सौंपा गया है। जिस पर विधायक प्रतिनिधि ने आवश्यक पहल करने की बात कही। इस मौके पर लखन प्रसाद साहू, गोपाल प्रसाद, जय प्रकाश यादव, राधा देवी, निर्मल कुजुर, एडवर्ड मरांडी, अनिल यादव, जावेद अंसारी, सुधीर पांडेय, मनोज दुबे, मनोहर महतो सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 12 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# रातू में बिजली चोरी के खिलाफ छापेमारी

## 7 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज, 209712 रुपये लगा जुर्माना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रातू।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड, बिजली चोरी के खिलाफ निगम के आदेश पर विभाग की ओर से गठित टीम ने मंगलवार को इलाके के रातु चट्टी व न्यू पिर्रा में बिजली चोरी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल हिमांशु वर्मा के नेतृत्व में की गयी छापेमारी में चट्टी के 1 व न्यू पिर्रा के 6 लोग बिजली चोरी करते पकड़े गये। इन पर कुल 209712 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरोपियों में रातू चट्टी के वीरेंद्र कुमार गुप्ता पिता रामलगन साहू पर 69904 का जुमार्ना लगाया गया है। वहीं जहीर अब्बास पिता शेख अशरफ पर 43690 मोहम्मद इलियास पिता अली खान पर 26214, गुलशन बीवी पिता मोहम्मद मोबीन पर 17476 मोहम्मद तैयब पिता मोहम्मद राशिद पर 17476 सबरा खातून पति ऐनुल हक पर 17476 वह सद्दाब अंसारी पिता इलियास अंसारी पर 17476 000 का जुर्माना लगाया गया है सभी न्यू पिर्रा के रहने वाले है। सभी पर कुल 209712 का जुमार्ना लगाया गया है। मामले को लेकर कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने रातू थाने में प्राथमिक दर्ज कराई है। छापेमारी दल में सहायक विद्युत अभियंता विद्युत अवर प्रमंडल हिमांशु वर्मा, विद्युत अभियंता आपूर्ति प्रशाखा विवेक द्विवेदी, नवनीत चौबे, मिथुन कुमार सिंह कनिय सारणी पुरुष विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल रातू, तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## बेड़ो के हरिहरपुर जमटोली में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

# डायन-बिसाही की घटना रोकना ही डालसा का लक्ष्य : शिवानी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के मार्ग दर्शन में जस्टिस-ऑन-व्हिल मोबाईल वैन के द्वारा मंगलवार को दिनांक प्रखंड के हरिहरपुर जमटोली पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां एलएडीसी अधिवक्ता शिवानी सिंह ने बाल श्रम, बाल विवाह तथा डायन बिसाही पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लड़कियों का विवाह 18 वर्ष और लड़कों का विवाह 21 वर्ष के बाद ही करें। विवाह से पूर्व अपने बच्चों को समुचित शिक्षा दे, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके। बाल श्रम अपराध है। बच्चों से काम कराने या काम में लगवाने के बजाय उन्हें शिक्षित करें। डायन-बिसाही के नाम पर आम लोगों को प्रताड़ित कर उन्हें मार दिया जाता है, जो कि अपराध है। यह एक ऐसी अंधविश्वास है, जो ग्रामीण लोगों के बीच फैला हुआ है, जागरूकता के माध्यम से इसे जड़ से हटाना ही हमलोगों का उद्देश्य है। उन्होंने आगामी 22 फरवरी को आयोजित होनेवाली विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत और 08 मार्च को व्यवहार न्यायालय रांची में आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी लोगों को दी। उन्होंने कहा कि वादकारी उक्त तिथि को उपस्थित होकर निःशुल्क अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं, इससे समय व धन की बचत होगी। वहीं पीएलवी सतीश कुमार व सधनी देवी ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन,आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड, बाल श्रम एवं बाल अधिकार के बारे में जानकारी दी। मंगल तिर्की और संजय हजाम ने मोटर वाहन दुर्घटना में मिलनेवाली मुआवजा के बारे में जानकारी दी। दिनेश कुमार एवं अमरित बड़ाईक ने प्रधानमंत्री आवास योजना,विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन के बारे में जानकारी दी।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**नामकुम।** भारतीय जनता पार्टी खिजरी मंडल द्वारा मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम नामकुम बाजार स्थित सदाबहार चौक पर सांसद समाधान केंद्र कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने की। उपस्थित सभी कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद करते हुए कहा कि वे 1967 में कालीकट अधिवेशन में भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष चुने गये थे। उन्होंने जनसंघ के राष्ट्रजीवन दर्शन को आकार देने के साथ-साथ भारतीय तत्व-दृष्टि को आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत किया। एकात्म मानववाद के प्रवर्तक दीनदयाल जी स्वदेशी के प्रबल समर्थक थे और उनका मानना था कि आर्थिक विकास का मुख्य उद्देश्य आम आदमी का कल्याण होना चाहिए। इस कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिरसा पाहन, अरुण कोरियार, समीर राय, शंकर सिंह मुंडा समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बकरी चोरी के मामले में पांच गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**ईचागढ़।** थाना क्षेत्र के दयालटांड़ गांव में बकरी चोरी के मामले में ईचागढ पुलिस द्वारा पांच आरोपी को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अभियुक्तों में आजाद नगर जमशेदपुर निवासी 20 वर्षीय इमरान आलम, जवाहर नगर मानगो निवासी 21 वर्षीय फैजल अख्तर, डिमना निवासी 20 वर्षीय नंदलाल सिंह उर्फ बंटी, आजादनगर निवासी 21 वर्षीय अफरीद अंसारी और 18 वर्षीय मोहम्मद शाहीद अंसारी शामिल है। वहीं थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि सोमवार को दयालटांड़ में दिलीप महतो का एक बकरा को स्वीफ्ट डीजायार कार में उठाकर ले जा रहा था, जहां बरदाडीह में ग्रामीणों ने 5 बदमाशों को दौड़ाकर पकड़ लिया। उग्र ग्रामीणों ने जमकर धुनायी कर दिया। सुचना मिलते ही ईचागढ़, चौका और तिरूलडीह थाना की पुलिस पहुंची और ग्रामीणों से छुड़ाकर अपने कब्जे में लेकर इलाज कराया। दिलीप महतो के बयान पर बकरा चोरी के खिलाफ मामला दर्ज कर सरायकेला जेल भेज दिया गया। चोरों द्वारा चोरी में इस्तेमाल कार को भी पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि रोज-रोज चोरी की घटना से क्षेत्र के लोग परेशान हैं और बकरा चोरी का मामला आते ही ग्रामीण उग्र हो गये और पांच बदमाशों को धर दबोचा। मालूम हो कि ईचागढ, तिरूलडीह आदि थाना क्षेत्रों में दरवाजे पर लगे ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा कई गांवों में चोरी कर लिया गया है। हर गांवों में लोग रात्रि पहरा कर अपने घरों को चोरों से सुरक्षा कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन चोरी की घटना को अंजाम देने वाले को खोजने में विफल रही है। अब ग्रामीण खुद अपने सुरक्षा को लेकर पहरेदारी कर रहे हैं।

# नामकुम प्रखंड में झामुमो पंचायत समिति का गठन, ग्रामीणों ने ली सदस्यता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नामकुम।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति संयोजक मंडली की ओर से मंगलवार को नामकुम प्रखंड के दो पंचायतों चंदाघासी और सीठीयो में पंचायत समिति का गठन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर दोनों पंचायतों में सैकड़ों ग्रामीणों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। प्रखंड संयोजक मंडली प्रमुख मो. मोजाहिद हुसैन ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। चंदाघासी पंचायत के ग्राम ईटहे में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रखंड संयोजक मंडली प्रमुख मो. मोजाहिद हुसैन ने की। बैठक में पंचायत समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष सुनील मीज, उपाध्यक्ष शिव एकका, अजीत कछप, सचिव सुरेश लकड़ा, संगठन सचिव सुश्री पार्वती कश्यप, संयुक्त सचिव राज चौधरी, कोषाध्यक्ष शांति मीज, कार्यकारिणी सदस्य आठ और दोपहर बाद ग्राम पिंडारकोम रिंग रोड बाजार टांड़ के पास सीठीयो पंचायत समिति की बैठक हुई। नेतृत्व प्रखंड संयोजक मंडली प्रमुख मो. मोजाहिद हुसैन ने किया। इस पंचायत समिति में अध्यक्ष अनवर अंसारी, उपाध्यक्ष विजय लिंडा, नूतन एक्का, सचिव मानु तिग्गा, संगठन सचिव शफातुल्लाह अंसारी, संयुक्त सचिव सुमित गाड़ी, कोषाध्यक्ष शकील अंसारी, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नौ सदस्यों का गठन किया गया। बैठक में संयोजक मंडली प्रमुख मो. मोजाहिद हुसैन, संयोजक मंडली सदस्य महादेव मुंडा, ललित केरकेटा, चम्मू बेक, ओलिभा कश्यप, नफीस, महेंद्र मुंडा समेत कई वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्व. विश्वनाथ भगत की चतुर्थ पुण्यतिथि मनायी गयी

# विश्वनाथ के सपनों को साकार करना है : नीलमणि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बेड़ो।** केंद्रीय पडहा संचालन समिति ट्रस्ट, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा और 12 और 21 पड़हा के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को झारखंड आंदोलनकारी व पूर्व विधायक स्व विश्वनाथ भगत की चतुर्थ पुण्यतिथि बेड़ो स्थित बारीडीह जतरा टाड स्थित केंद्रीय पडहा भवन के प्रांगण में मनायी गयी। इस मौके पर सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने दो मिनट का सामूहिक मौन धारण कर व स्व विश्वनाथ भगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित उन्हें याद किया। मौके पर स्व विश्वनाथ भगत की पत्नी व केंद्रीय पड़हा संचालन समिति ट्रस्ट की संरक्षक नीलमणि भगत ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पूरी तंमयता से स्व विश्वनाथ भगत के बताये मार्ग पर चलकर क्रांति लाना है। उनके सपनों को साकार करना है। केंद्रीय संचालन समिति के सचिव धनंजय कुमार राय ने कहा कि स्व विश्वनाथ भगत हमारे समाज व झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के अगुआ थे। उनके सपनों को मंजिल तक पहुंचाना है। झारखंड आंदोलनकारी और समिति के उपाध्यक्ष भौवा उरांव ने कहा कि हमें अलग राज्य के संघर्ष के मूल्यों को स्थापित करना है। कार्यकारी अध्यक्ष एतवा उरांव ने कहा कि हमारे संस्कृति, समाज और अलग राज्य के प्रणेता विश्वनाथ भगत थे। प्रो सोमरा उरांव ने कहा कि गांव घर में विश्वनाथ भगत सोच को स्थापित कर नावा विहान लाना है। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी महावीर विश्वकर्मा, 12 पड़हा राजा विशाल उरांव दिवान विरूवा उरांव मुखिया सुशांति भगत 12 और 21 पड़हा के सचिव चरवा उरांव, घिनु उरांव, पीटर तिर्की, बंधना उरांव, गोयना उरांव, सुशील खाखा, सुका उरांव, जगदीश गोप, मुमताज खान सहित कई लोग मौजूद थे।

# जेवर दुकान जल कर खाक

**दुकान के बाहर खड़ी पांच बाइक, दुकान का काउंटर, बैट्री इंवेटर, तीन हजार रुपये, कुछ आभूषण समेत अन्य सामान जल गये**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र में आग लगने से स्वर्णकार मोहल्ला के रवि शंकर प्रसाद के घर में संचालित जेवर दुकान जल कर खाक हो गयी। उन्होंने बताया कि हर दिन की भांति मैं अपना काम करके घर में सो रहा था। मंगलवार की सुबह लगभग चार बजे मेरे घर दुकान में अचानक से आग लग गयी। सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया, तब तक दुकान के बाहर खड़ी पांच बाइक, जिसमें (1) यामाहा का आर 15 बाइक जिसका नंबर जेएच 01इएच 9635, (2) यामाहा कंपनी का आर 15 बाइक जेएच01एफयू 1516, (3) टीवीएस अपाचे जेएच24 एफ 6080 है जो पूर्णरूप से जलकर राख हो गयी। वहीं और दो बाइक रॉयल इन फील्ड की बुलेट गाड़ी जिसका नं. जेएच 24डी 7650 व होंडा का साइन गाड़ी न जेएच 01एयू 5038 जो क्षतिग्रस्त हो गयी। इसके अलावे दुकान का काउंटर, बैट्री, इंवेटर, कैश लगभग 3 हजार रुपये, ओप्पो कंपनी के एक मोबाइल, कुछ आभूषण, 5 हेलमेट, घर का बिजली मीटर, पुराने कागजात, पुराने आयुर्वेद की किताबें आदि जलकर राख हो गयी। उन्होंने असामाजिक तत्वों द्वारा इस घटना को अंजाम देने की आशंका जतायी है और उच्च पदाधिकारी और प्रशासन से उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए मुआवजे की मांग की है।

## नाइटिंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग ने चलाया जागरूकता अभियान

# नशे की लत इंसान को खोखला बना देती है : प्राचार्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा ।** नाइटिंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग मिलन चौक अनगड़ा के शिक्षकों और प्रशिक्षु नर्सों द्वारा मंगलवार को राजकीय उत्क्रमित मवि मासु में बच्चों के बीच स्वच्छता, स्वास्थ्य, खानपान, नशा से बचाव, ट्रैफिक रूल आदि के बारे में दो दिवसीय जागरुकता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्राचार्या लखिया लकड़ा के नेतृत्व में बच्चों को स्वच्छता, स्वास्थ्य, संतुलित आहार, मासिक धर्म स्वच्छता, मादक पदार्थों के सेवन से बचाव आदि के संबंध में विशेष रूप से जागरूक किया गया। मौके पर बच्चों को दैनिक जीवन में स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गयी। बताया गया कि नियमित रूप से नाखून काटें, भोजन से पहले और बाद में हाथ धोएं, दिन में दो बार अपने दांतों का ब्रश करें, शौच के बाद साबुन से हाथ धोएं, हर दिन स्नान करें और आसपास के इलाकों को साफ सुथरा रखें। ये स्वच्छता के सरल कदम हैं। इसकी आदत डालकर कई बिमारियों से बचा जा सकता है। किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया कि इस दौरान स्वच्छता पर ध्यान नहीं देने से कई तरह के संक्रमण और गंभीर बीमारियां फैल सकती है। ट्रैफिक रुल की जानकारी देते हुए बच्चों को स्कूल आते जाते और सड़क पार करते हुए कई तरह की सावधानियां बरतने और निर्धारित यातायात नियमों का पालन करने संबंधी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में बच्चों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाली क्षति एवं इसके बचाव के उपायों के बारे में भी जागरूक किया गया। कहा गया कि नशे की लत इंसान को खोखला बना देती है। इससे न केवल एक व्यक्ति बर्बाद हो जाता है, बल्कि परिवार और समाज भी तबाह हो जाता है। बच्चे देश का भविष्य हैं। इसलिए हर हाल में नशा से दूर रहना है और दूसरों को भी नशामुक्ति के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान में नाइटेंगल नर्सिंग की उप प्राचार्या हुलास डाडेल, शिक्षिका प्रतिभा मेहता, प्रिया एंजेल कुजुर, स्वर्णलता तेरेसा कुजूर, राज डुलेंवती आदि शामिल थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका नीलम अंजु पूर्ति, राकेश, सीताराम महतो, शिलमोहन कुम्हार, प्रकाश कुमार, प्रभा कुमारी, रश्मि मंजू टोप्पो, नीलिमा कुमारी आदि शिक्षकों का सहयोग रहा।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रिम्स रेफर

बेड़ो (आजाद सिपाही)। इटकी थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पर पलमा पेट्रोल पंप के समीप मंगलवार की रात लगभग साढ़े आठ बजे बाइक से असंतुलित होकर गिरने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में 16 वर्षीय निखिल उरांव पिता दिलीप उरांव और 18 वर्षीय दीपक उरांव पिता टोन्ना उरांव दोनों कुल्ली इटकी निवासी है। जिन्हें ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ भावना ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल निखिल उरांव को रिम्स रेफर कर दिया। इधर ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान सड़क को मिट्टी डालकर बंद कर दिया जाता है, जो रात में पता नहीं चलता है। जिसके कारण आये दिन बाइक सवार लोग इस मिट्टी से टकरा कर घायल हो जाते है।

## रांची यूनिवर्सिटी के पीजी कॉमर्स विभाग में शोकसभा का आयोजन

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के पीजी कॉमर्स डिपार्टमेंट में पूर्व हेड व डीन प्रो डॉ अमरनाथ चौबे के निधन पर मंगलवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। उनका निधन विगत 8 फरवरी 2025 को हुआ था। वे काफी लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने 40 वर्षों तक शिक्षा के क्षेत्र में योगदान दिया। वहीं 15 वर्षों तक कॉमर्स डिपार्टमेंट में अपनी सेवा दी। तथा इसी डिपार्टमेंट में हेड व डीन के पद पर रहते हुए सेवानिवृत हुए थे। शोकसभा में वर्तमान हेड व डीन डॉ अमर कुमार चौधरी ने अन्य शिक्षकों के साथ मिलकर उनके यादगार पलों को साझा किया। मौके पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्टार डॉ मुख्तार आलम, एमएन जुबैरी, डॉ आरआर शर्मा, बीएन गुप्ता, पंकज कुमार शर्मा, अविनाश कुमार सहित अन्य शिक्षकों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

## बेड़ो : दो बाइकों में टक्कर, एक घायल



बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर करांजी पुल के समीप मंगलवार की अपराह्न लगभग एक बजे दो बाइकों के बीच टक्कर में बेड़ो मनखा मुंडा निवासी 35 वर्षीय अनूप लकड़ा पिता पंखरासु लकड़ा घायल हो गया। जिसे भाजपा मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह ने ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां डॉ मेघा भगत की देखरेख में इलाज किया गया। अनूप ने बताया कि वह दिघिया से अपने घर बेड़ो आ रहा था।

## सिंचाई पंप चोरी करने के मामले में दो गिरफ्तार

बेड़ो (आजाद सिपाही)। नरकोपी थाना पुलिस ने क्षेत्र के गांव के खेतों से किसानों के सिंचाई पंप चोरी मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का पंप जब्त किया है। नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने बताया कि नरकोपी थाना क्षेत्र के ग्राम कंजगी में एक मोटर पंप चोरी की गयी थी, जिस संबंध में नरकोपी थाना कांड संख्या 05/25 दर्ज की गयी। इसके बाद वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम कंजगी से राजकुमार उरांव पिता धाधू उरांव और लोहरदगा जिला के कैरो थाना के मोजामिल अंसारी पिता मोइन अंसारी ग्राम कंजगी को गिरफ्तार किया गया, साथ ही इनके पास से चोरी की गयी मोटर पंप को भी बरामद कर लिया गया है। पूछताछ पर दोनों ने पंप चोरी करना स्वीकार किया। ज्ञात हो कि पकड़े गये चोर रात में खेतों से सिंचाई पंप को चुरा लेते थे।

## आरटीसी कॉलेज में कार्यशाला का आयोजन



ओरमांझी (आजाद सिपाही)। आरटीसी कॉलेज ओरमांझी के विवेकानंद सभागार में भारतीय अर्थव्यवस्था में ग्रामीण बाजारो के योगदान विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स की ओर से किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से कॉलेज का प्राचार्य डॉ भीम महतो उपस्थित थे। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रो मिश्रा ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में ग्रामीण बाजारों का बहुत बड़ा योगदान होता है। साथ ही कहा कि भारत की जीडीपी में ग्रामीण बाजारों का योगदान सदैव रहा है। कार्यशाला में सेमेस्टर 2 के छात्र अरसलान जैकी, सेमेस्टर 4 के छात्रा मनीषा कुमारी और सेमेस्टर 2 का छात्रा शिवानी कुमारी ने भी अपना-अपना विचार दिए। इस अवसर पर विभागीय शिक्षक मंजुमां नाजी, सरिता, गुलशन और कॉलेज के अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## लापुंग के दो केंद्रों में वोकेशनल कोर्स की परीक्षा संपन्न

लापुंग (आजाद सिपाही)। लापुंग प्रखंड के दो परीक्षा केंद्रों में वोकेशनल कोर्स की परीक्षा संपन्न हुई। राजकीय मध्य विद्यालय जातालोया में 86 और इंटर महाविद्यालय लापुंग के 90 में 87 ने परीक्षा दिया। परीक्षा शांति पूर्वक संपन्न हुआ। इसकी जानकारी राजकीय मध्य विद्यालय जातालोया के केंद्राधीक्षक प्रताप राय ने जानकारी दिया। परीक्षा 18 फरवरी से नियमित परीक्षा होगी।

## सड़क हादसे में दो घायल, एक रिम्स रेफर

मांडर (आजाद सिपाही)। नेशनल हाईवे 39 में मांडर मिशन के बीच में मंगलवार को दोपहर लगभग 4:00 बजे पिकअप और बाइक की दुर्घटना हुई। जिसमें बाइक सवार दो लोग घायल हो गये हैं। घायल दोनों लोग लुंड्री निवासी थे। एक का नाम सूरज उरांव जिसकी उम्र लगभग 21 वर्ष, वहीं दूसरे की उम्र शनि उरांव जिसकी उम्र लगभग 19 वर्ष है। बताया जाता है कि मांडर और मिशन के बीच में कट से पिकअप टर्निंग ले रहा था, उसी समय मिशन की तरफ से मुड़मा जा रहे बाइक सवार सूरज उरांव ने पिकअप को टक्कर मार दी और वहीं पर गिर गया, जिससे बाइक सवार दोनों को चोट लगी। दोनों को तुरंतमांडर स्थित रेफरल अस्पताल ले जाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद सूरज की हालत को नाजुक देखते हुए उसे रिम्स रेफर किया गया है।

## मांडर में 87 छात्रों ने दी मैट्रिक की परीक्षा

मांडर (आजाद सिपाही)। मांडर में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 को लेकर कुल चार केंद्र बनाये गये हैं, जिसमें मंगलवार को दो केंद्र उच्च विद्यालय सोसई आश्रम और संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय में आईआईटी और वोकेशनल कोर्स के कुल 87 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा। विदित हो कि इस वर्ष मांडर प्रखंड से कुल 1464 विद्यार्थी मैट्रिक की परीक्षा दे रहे हैं।

## प्रखंड स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन



पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय नगड़ी में फसल सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत मंगलवार को प्रखंड स्तरीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। बीटीएम ने सभी किसानों को मिट्टी जांच कराने, बीज उपचार करने के साथ हरा खाद का उपयोग करने का सलाह दिए। प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप ने किसानों को रसायनिक खाद का उपयोग धीरे धीरे कम करके प्राकृतिक खेती की ओर किसानों को बढ़ने का सलाह दिए। किसान गोष्ठी में ग्राम केसारो, कतरपा, चिपरा और कोटा के किसान शामिल हुए। मौके पर केसारो, कतरपा, चिपरा और कोटा के किसान शामिल हुए।

# दिव्य ज्योति कलश यात्रा का गुमला में हुआ आगमन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 11 फरवरी दिन मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत दिव्य ज्योति कलश यात्रा का गायत्री शक्तिपीठ गुमला में आगमन दोपहर 12 बजे हुआ। इसके पश्चात कलश यात्रा उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ नगर भ्रमण प्रारंभ हुआ जो शक्तिपीठ से होते हुए डेली मार्केट, पटेल चौक, मेन रोड, टावर चौक, पालकोट रोड, डीएसपी रोड होते हुए यह यात्रा गायत्री शक्तिपीठ गुमला में पहुंचकर समाप्त हुआ। इसके पश्चात गायत्री शक्तिपीठ गुमला में पूजन एवं आरती का कार्यक्रम शांतिकुंज से पधारे प्रतिनिधि दयाशंकर पंडित, प्रदीप, संतर सिंह, शेषनाथ चौधरी के द्वारा कराया गया। पूजन एवं आरती के बाद उपस्थित सभी भक्तजनों के बीच अमृतासान प्रसाद का वितरण किया गया।

संध्याकालीन कार्यक्रम में संध्या 5 बजे से दीपयज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित होकर दीप प्रज्वलित कर पूजन एवं आरती किया गया एवं लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरस्वती सिंह, अशोक शाह, ब्रह्मदेव, प्रमोद सिंह, लक्ष्मी विश्वकर्मा, विजय कुमार साहू, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार दास सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित हुए।

# जमीन विवाद और प्रेम प्रसंग में वेल्डिंग मिस्त्री की पत्थर से कूच कर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के सदर प्रखंड क्षेत्र के टोटो थाना स्थित भंडरिया गांव निवासी 25 वर्षीय वेल्डिंग मिस्त्री छोटू गोप की अज्ञात अपराधियो ने सर पत्थर से कूच कर हत्या कर दी। साथ ही साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को गांव के ही गंगा गोप के कुआं में डाल दिया। अपराधियो ने छोटू को रविवार को देर रात करीब 11 बजे घर से बुलाकर ले जाने के बाद हत्या की है। दो दिनों तक शव कुआं में ही पड़ा हुआ था। छोटू के घर मे सिर्फ उसके 70 वर्षीय वृद्ध मां पार्वती देवी के होने के कारण उसकी खोजबीन कोई नही कर सका। मंगलवार को सुबह मवेशी चराने गए लोगो ने शव देख इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही घटना की तहकीकात में जुट गयी।



शुरूवाती अनुसंधान में पुलिस को जमीन विवाद अथवा प्रेम प्रसंग को लेकर हत्या किए जाने की जानकारी मिली है। जिसके बाद पुलिस दोनो बिंदुओं को केंद्र में रखकर बारिकी से छानबीन कर रही है। पुलिस ने जल्द ही घटना का उदभेदन कर लेने का दावा किया है।

घटना के बावत बताया जाता है कि छोटू गोप गांव में अपनी वृद्ध मां के साथ रहता था। जबकि उसका बड़ा भाई कृष्णा गोप बाहर मजदूरी करने गया हुआ है। घटना की रात करीब 11 बजे वह घर पर था। साथ ही खाना खाने के लिए मछली पका रहा था। तभी रात को 11 बजे उसके घर पर कुछ अज्ञात लोग पहुंचे। जिसके बाद वे लोग छोटू का नाम लेकर दरवाजा खुलवाने के लिए दर्जनों बार आवाज लगायी। आवाज सुनने के बाद छोटू पहले डर गया।और दरवाजा नही खोलने की ठान ली।मगर लगातार आवाज देने व दरवाजा पीटे जाने के कारण उसने अंततः दरवाजा खोल दिया। इसके बाद जो लोग आये थे छोटू उन्हें पहचानते हुए तुम लोग हो कहकर बातचीत की। फिर बातचीत करते हुए अज्ञात लोगों ने उसे साथ ले गये। इसके बाद वह दुबारा घर लौट कर नही आया। उसकी वृद्ध मां कहीं मेहमानी चले जाने की बात सोचकर कही भी खोजबीन नही की। साथ ही इसकी जानकारी भी किसी को नही दिया।सोमवार को भी जब वह घर नही लौटा तो वृद्ध मां को किसी अनहोनी का डर सताने लगा। इसके बाद उसने इसकी जानकारी गांव के कुछ लोगों को दी। लेकिन गांव के लोगो ने उसकी बातों में दिलचस्पी नही दिखाया। किसी ने खोजबीन करने में मदद नही की। इधर सोमवार को पूरी रात जागकर वृद्ध मां बेटे के लौटने को लेकर राह तकते रही। मगर उसे उस रात भी निराशा हाथ लगी।इसी बीच मंगलवार को अहले सुबह गांव के ही एक किसान ने मवेशी चराने के दौरान छोटू का शव कुआं में देख उसकी मां को सूचना दी।

# किसान हाइब्रीड बीज से अच्छे उत्पादन का लाभ लें : राजनील




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** हाइब्रीड सब्जी के बीज से अच्छे उत्पादन का लाभ लें कृषक उक्त बातें राजनील तिग्गा सांसद प्रतिनिधि गुमला ने जिला उद्यान विभाग द्वारा आयोजित हाइब्रिड बीज एवं खाद्य वितरण समारोह बिशुनपूर प्रखंड के बनारी में कही। उन्होंने कहा कि पारंपरिक खेती धान के बाद कृषक रवि गरमा की खेती ना के बराबर करते हैं। क्षेत्र के किसानों को निशुल्क बीज वितरण विभाग द्वारा किए जाने से कृषकों का सब्जी उत्पादन के प्रति उत्साह बढ़ेगा आय वृद्धि से कृषकों के पास पूंजी बढ़ेगी कृषक खुशहाल होंगे। उद्यान पदाधिकारी तमन्ना प्रवीण ने कहा कि उद्यान विभाग गुमला द्वारा कृषकों को मिर्च, टमाटर, नैनो यूरिया, कीटनाशक इत्यादि का वितरण किया गया है, कृषक इसका लाभ उठाएं। जिला निगरानी एवं अनुसरण समिति सदस्य अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि रवि एवं गरमा के फसल हेतु कृषक प्रशिक्षण आवश्यक ले समय पर बीज बोए और अच्छी कीमत पर सब्जी बेच कर आय बढ़ाये और समृद्ध हो। प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव ने विभाग के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसान जिले में कृषि, उद्यान, मत्स्य और भूमि संरक्षण से जुड़कर लाभ उठाएं वहीं जिला परिषद सदस्य पवन उरांव ने फूल केला चाय की खेती हेतु विभाग को सुझाव दिया। इस अवसर पर निगरानी सदस्य रूपेश कुमार सन्नी, प्रखंड अध्यक्ष राजू भगत, दीपक सिंह जय सिंह सहित लगभग 100 कृषक उपस्थित थे।

# मदरसा फैजान ए मुस्तफा के बच्चों के बीच वार्षिक इल्मी मुकाबला

बच्चों और उनके पिता को किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जमात रजा-ए-मुस्तफा गुमला द्वारा संचालित मदरसा फैजान ए मुस्तफा, रजा कॉलोनी, गुमला मदरसा में पढ़नेवाले बच्चों का इल्मी मुकाबला किया गया। जिसका संचालन मौलाना शाकिर रजा नूरी ने की। बच्चें बारी बारी से आकर तिलावत ए कुरआन, नात ए नबी, तकरीर, सवाल जवाब के तहत एक बच्चा इस्लामिक सवाल कर जवाब लिया। वहीं दूसरा बच्चा जीके का सवाल करके जवाब लिया सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। उसके बाद उनके प्राप्त अंक के अनुसार उन्हें सम्मानित किया गया, साथ ही



उनके पिता को माला पहनाकर स्वागत कर बच्चों का प्रशस्तिपत्र दिया गया।

मौके पर जमात रजा ए मुस्तफा गुमला के सदर सैयद जाहिद हुसैन रजवी ने बताया कि मदरसा फैजान ए मुस्तफा में जैसा पिछले साल बतलाया गया था कि पूरा करते हुए अतिरिक भवन, कंप्यूटर लैब बनाया गया। साथ ही 50 बच्चों का भवन और बनाया गया। अब हमारा आगामी प्लान स्कूल में पढ़ने वालों बच्चों का ट्यूशन क्लास यहीं किया जायेगा।

आप लोग इसी तरह अपना प्यार और दान इसी तरह बनाये रखें ताकि हम और बेहतर कर पायें।

मौके पर मुफ्ती कासिद रजा नईमी, सैयद गुलाम गौस, हाजी अब्दुल वकील, हाफिज नौशाद, मौलाना ईनाम रब्बानी, हाफिज शरफराज नाजा, इजराफिल खान, हामिद रजा, सरवर खान रजवी, समुल्लाह रजवी, हाजी आजाद, कमरुद्दीन कुरैशी, कारी अहमद रजा, गुलाम मुस्तफा कादरी, अहमद रजा कादरी, मो. नईम, सैयद अहमद रजवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए ।

# कार और बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास कार के टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गये। घटना में तीनों के पैर व शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी है। जानकारी के मुताबिक टंगरा टोली घाघरा निवासी 19 वर्षीय साहिल भगत, नावाडीह कांशी टोली निवासी 18 वर्षीय सुलेद्र उरांव और 22 वर्षीय विनय एक्का दवा लेने गुमला शहर आये थे। दवा लेने के बाद सोमवार की शाम वापस अपने घर लौट रहे थे तभी पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास सामने से एक कार ऑटो को ओवर टेक करने के क्रम में जोरदार टक्कर मार दिया। लोगों ने घटना की सूचना गुमला थाना को दी जिसके बाद पेट्रोलिंग पुलिस सभी घायलों को लेकर सदर अस्पताल पहुंची और उनका इलाज कराया।

# किसानों के बीच बीज, खाद और कीटनाशक का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशनपुर।** जिला उद्यान विभाग गुमला के द्वारा एमआइडीएच योजना के तहत मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न गांव के किसानों के बीच खाद बीज एवं कीटनाशक दवा का किया गया। वितरण बीज वितरण कार्यक्रम में जिला उद्यान पदाधिकारी तमन्ना परवीन जिला तकनीकी प्रबंधक दीपक कुमार सिंह सांसद प्रतिनिधि प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव जिला परिषद सदस्य पवन उरांव एवं अन्य लोगों के उपस्थिति में अक्षज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड बनारी के कार्यालय में किया गया। वितरण से पहले तीन चरण में शशांका एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड रांची के द्वारा किसानों को प्रशिक्षण कराया गया। जिसमें बनारी पंचायत भवन में 20 जनवरी 2025 से 24 जनवरी 2025 तक अलग-अलग गांव के 78 किसान प्रशिक्षण प्राप्त किये। उसके उपरांत सेरका पंचायत भवन में 28 जनवरी 2025 से 1 फरवरी 2025 तक 70 किसान प्रशिक्षण प्राप्त किये।

# देवाकी बजरंगबली मंदिर की प्रथम वर्षगांठ मनायी



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** मनोकामना सिद्धि बजरंगबली मंदिर देवाकी का पहला वर्षगांठ मंगलवार को मनाया गया। इस दौरान आचार्य विकल्प पाठक के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करायी गयी। इस संबंध में मंदिर के पुजारी अनूप मिश्रा ने बताया कि मंदिर का आज पहला वर्षगांठ है। साथ ही उसने यह भी बताया कि सुबह में पूजा के उपरांत शाम में महाआरती की जाएगी, जिसके प्रसाद वितरण किया जायेगा। घाघरा के मंडली द्वारा हरि कीर्तन का आयोजन किया गया है। जहां गांव के अलावे दूसरे जगहों से भी लोग पहुंचेंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से अनूप मिश्रा, गौतम कुमार साहू, भूषण साहू, विपुल साहू, शुभम साहू, अमित साहू, रामधनी साहू, सीताराम साहू, सूरज साहू, विवेक कुमार, विशाल कुमार, अजीत कुमार, राजेंद्र साहू राजू, अरुण साहु अंजू व संतोष साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

# कामडारा के वटेश्वर शिवधाम जरिया में वार्षिकोत्सव पर निकाली कलशयात्रा



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र के वटेश्वर शिवधाम जरिया में मंगलवार को 9 वां वार्षिकोत्सव पर कलशयात्रा निकला गया। इसी के साथ के साथ 24 घंटे का अष्टायम अखंड हरिकिर्तन हुई शुरू। आयोजित इस कलशयात्रा में शामिल होने के लिये मंगलवार की अहले सुबह में कामडारा, जरिया, तुरबूल, पोकला, सुरहू सहित अन्य ग्रामीण इलकों से कुल 251 श्रद्धालु महिलाएं गांव जरिया स्थित वटेश्वर शिवधाम पहुंचे। इसके बाद गांव जरिया बांध में जाकर कलश मे जल का उठाव किया और कामडारा अस्पताल व ब्लॉक चौक तक जाने के पश्चात गांव की परिक्रमा करने के बाद मंदिर जाकर विधि पूर्वक जलाभिषेक किया गया।कलशयात्रा के दौरान हर-हर महादेव व जयश्रीराम के नारा से क्षेत्र गुंजयमान रहा। वही जल उठाव के दौरान गजे पंडित के द्वारा विधिपूर्वक मंत्रोच्चारण की गयी। इसके बाद दोपहर 2 बजे के आसपास कामडारा के जिला परिषद सदस्य दीपक कंडूलना के द्वारा कीर्तन मंडप पर विधवत फीता काटकर 24 घंटे के अष्टायम अखंड हरिकिर्तन कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस अखंड हरिकिर्तन में पोकला, तुरबूल, विंधिनचुवा, पकरा सहित अन्य स्थानो के कीर्तन मंडली काफी संख्या में शामिल हुए है। आयोजित इस कलशयात्रा व पूजन कार्यक्रम को सफल बनाने मे तिलक सिंह, राजकुमार सिंह,अरुण ठाकुर, संजय सिंह, बबलू रजक, संतोष साहु सहित स्थानीय युवकों के द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

# सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार जिला सूचना एवं विज्ञान विभाग द्वारा आज गुमला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के सभागार में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था।

इस कार्यक्रम में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुशील कुमार ने विद्यार्थियों को इंटरनेट के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी और साइबर अपराध, डेटा चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर बुलिंग से बचने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि इंटरनेट एक




शक्तिशाली माध्यम है, लेकिन इसका सतर्क और जिम्मेदार उपयोग ही इसे सुरक्षित बना सकता है। इस अवसर पर शिव नारायण साहू, प्रधान अध्यापक पॉलिटेक्निक कॉलेज, रानीप्रिया, एचओडी , रामचंद्र महाराज, डीआरएम गुमला एनआइसी, नेटवर्क इंजीनियर एनआइसी, जीतू उरांव और अभिषेक कुमार सहित अन्य विशेषज्ञों ने भी विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, डिजिटल प्राइवेसी और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग पर महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यशाला में गुमला पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रथम वर्ष के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। उन्हें इंटरनेट पर सतर्कता बरतने, मजबूत पासवर्ड का उपयोग करने, संदिग्ध वेबसाइटों से बचने और साइबर सुरक्षा उपाय अपनाने की सलाह दी गयी। सुरक्षित इंटरनेट दिवस हर साल फरवरी के दूसरे सप्ताह के मंगलवार को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं को इंटरनेट की सुरक्षा और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना है।

# बकरी चोरी कर भाग रहे पिकअप वाहन को ग्रामीणों ने पकड़ा, तस्कर फरार


आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला के सिविल गांव में ग्रामीणों को पिकअप वाहन से गोवंश पशु की तस्करी किये जाने का मामले का पता चला। जिसके बाद ग्रामीण गोलबंद हुए और सिविल गांव के समीप बेरीकेटिंग लगाकर वाहन को रोकने की तैयारी में जुट गये। मंगलवार की सुबह 9 बजे एक पिकअप वाहन जेएच 01 एफके 1608 बेरीकेटिंग को तोड़ते हुए तेजी से सिविल गांव से निकला। इसके बाद उरू, बरडीह, सोकराहातु होते हुए गुमला शहर के बाजार टांड़ पहुंचा। जहां पशुओं को सुरक्षित जगह पर ठिकाने लगाया गया। वही पीछा करते हुए दर्जनों बाइक से ग्रामीण



बाजार टांड़ पहुंचे और गुमला थाना को सूचना दी इसके बाद पुलिस वाहन को जब्त कर थाना ले आयी। वहीं तस्कर फरार हो गये। वही सोकराहातु गांव में ग्रामीणों ने बेरीकेटिंग लगाया। इसी बीच इंटर का एक छात्र चंद्र देव खेरवार को वाहन ने टक्कर मार दिया। चंद्रदेव इंटर का एग्जाम लिखने वाला है। वहीं सिविल गांव की छठवीं क्लास की छात्रा गीता कुमारी को भी वाहन ने टक्कर मारा। वह स्कूल जा रही थी। वही बारडीह गांव में भी एक स्कूली छात्र को वाहन ने टक्कर मार दिया। वही दर्जनों बाइक से कई गांव के ग्रामीणों ने पिकअप वाहन का पीछा करना शुरू कर दिया। रास्ते में पड़ने वाले कई गांव में वाहन को रोकने के लिए बेरीकेटिंग लगाया गया। ग्रामीण लगातार उसका पीछा करने लगे। इसके बाद वाहन गुमला के बाजार टांड़ पहुंचा।

## स्पोर्ट्स



झारखंड की झोली में अब तक 07 स्वर्ण, 06 रजत, 10 कांस्य समेत कुल 23 पदक

# 38वें नेशनल गेम्स में मॉडर्न पेंटाथलन पुरुष वर्ग और महिला टीम को कांस्य पदक

आजाद सिपाही संवाददाता

**देहरादून।** 38वें नेशनल गेम्स, उत्तराखंड में झारखंड मॉडर्न पेंटाथलन पुरुष वर्ग के प्रेम किशोर महतो ने कांस्य पदक जीता। वहीं महिला टीम प्रिया उरांव, मोनिका कुमारी एवं चांदनी कुमारी को कांस्य पदक मिला।

झारखंड राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक संदीप कुमार, अवर




सचिव राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ अध्यक्ष आरकेआनंद, जेओएकार्यकारी अध्यक्ष शेखर बोस, महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, चीफ द मिशन शिवेंद्र दुबे, भोलानाथ सिंह, धनबाद जिला पेंटाथलन संघ की अध्यक्ष पूजा पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष पप्पू सिंह, उपाध्यक्ष वैभव सिन्हा एवं डॉ जयंती कश्यप, जिला खेल पदाधिकारी, धनबाद उमेश लोहरा विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी अनिल जायसवाल, हरभजन सिंह, गुलाम रब्बानी, जय कुमार सिन्हा, अर्चित आनंद, आनंद बिहारी दुबे, विजय सिंह, चंचल भट्टाचार्य, सीडी सिंह, एसके पांडेय, वरुण कुमार, सुरेश कुमार, संजेश मोहन ठाकुर, केके सिंह समेत खेल विभाग के अधिकारियों, प्रशिक्षकों ने बधाई दी।

# बैठक में 2 मार्च को प्राथना सभा करने का लिया निर्णय



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड क्षेत्र के कुगांव पंचायत में सरना प्रार्थना सभा आयोजन के लेकर चर्चा किया गया। बैठक में सर्व समिति से कई प्रस्ताव पारित किये गये जिसमें आगामी 2 मार्च दिन रविवार को पंचायत स्तरीय सरना प्रार्थना सभा कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सभी सदस्यों के द्वारा सरना प्रार्थना सभा का सफल संचालन में आर्थिक सहयोग करने, सरना धर्म के अगुवा पंचायत के सभी गांव के पहान, पुजार, महतो शामिल होंने. इसके साथ ही सरना प्रार्थना सभा प्रखंड कमेटी घाघरा और सरना प्रार्थना सभा जिला कमेटी गुमला को बुलाने, साथ ही कार्यक्रम में झारखंड के आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा को मुख्य अतिथि के रूप कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण देने का निर्णय भी लिया गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य श्रवण उरांव ने कहा कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होंगे। ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। जिसे लेकर जोर शोर से तैयारी की जा रही है। मौके पर धनेश्वर उरांव, अमृत उरांव, परमेश्वर उरांव, पुनई उरांव, दशरथ उरांव, केशव उरांव, लिली उरांव, जयंती उराइन, देवमणि उराइन, बसंती उरांव, चंद्रमुनि उराव सहित कई महिला पुरुष उपस्थित थे।

# अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को रायडीह थाना कांड संख्या 02/2024, दिनांक 31/01/2024, धारा - 364अ/ 302/ 201 भादवि के अप्राथमिकी अभियुक्त अमित टोप्पो, ग्राम नवाडीह, थाना डुमरी, जिला गुमला के घर पर डुगडुगी बजाकर विधिवत रूप से इश्तिहार चिपकाया गया।

# भाजपा हिंदुओं को सिर्फ वोट बैंक समझती है : रामनिवास



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव रामनिवास प्रसाद ने कहा कि भाजपा सरकार हिंदुओं की सबसे बड़ी दुश्मन है। ये हिंदुओं को सिर्फ वोट बैंक समझती है। हिंदुओं की भलाई से इसका दूर-दर तक कोई लेना-देना नहीं है। इन लोगों के लिए सनातन सिर्फ.वोट की राजनीति का नाम है। आगे कहा कि अगर भाजपा का हिंदुओं के प्रति जरा सा भी लगाव रहता तो प्रयागराज महाकुंभ में देश के करोड़ों हिंदुओं की ऐसी दुर्गति नहीं होती।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 12 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in
11

# दो गुटों में मारपीट और फायरिंग मामले में एक युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार।** धनसार थाना क्षेत्र हल्दी पट्टी मे दो गुटों के बीच मारपीट और फायरिंग मामले में धनसार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस ने छापेमारी कर हल्दी पट्टी स्थित एक स्कूल के समीप छुपाये गये पिस्टल बरामद कर लिया है। पिस्टल चमका रहे आकाश को भी पुलिस ने जेल भेज दिया है। एक पक्ष के सुशीला देवी का आरोप है कि छोटू ओझा, राजु यादव, सूरज कुमार यादव, विपिन यादव और कुंदन यादव मेरे घर पर आये और मेरे घर मे घूसकर मारपीट करने लगे। छोटू ओझा ने पिस्टल निकालकर फायरिंग कर दी। इसी बीच राजू यादव ने मेरी छोटी बेटी के साथ दुर्व्यवहार किया। वहीं दूसरे पक्ष के पिंकी कुमारी का आरोप है कि आकाश साव, विकास साव, नितिश और राहुल साव मेरे घर के पास आये और हमलोगों के साथ मारपीट की। इसी बीच आकाश ने पिस्टल चमकाने लगा। बता दे कि सोमवार को अवैध धंधे मे वर्चस्व को लेकर आकाश साव और छोटू ओझा के बीच मारपीट हुई थी। इस दौरान फायरिंग भी हुई थी। जहां धनसार पुलिस ने पिस्टल चमकाने वाले आकाश को हिरासत में लिया था। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ फायरिंग करने की शिकायत धनसार थाना में की थी।

**तीस टन कोयला बरामद**

मंगलवार को धनसार पुलिस और सीआइएसएफ ने चांदमारी रोड मे छापेमारी कर तीस टन कोयला बरामद किया है। सभी कोयला हाइवा से उतारकर सड़क किनारे जमा करके रखा था। इस छापेमारी से कोयला चोरों के बीच हड़कंप मच गयी। जब्त कोयला को पुलिस ने बस्ताकोला प्रबंधन को सौंप दिया है।

## मजार पर दबंगों का कब्जा करने की शिकायत



धनबाद (आजाद सिपाही)। जनता दरबार का आयोजन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी गयी। इसमें प्रमुख रूप से धनबाद रेलवे स्टेशन रोड, हिल कॉलोनी स्थित मजार की देखरेख करने वाली कमेटी के सचिव ने मजार पर दबंगों द्वारा जबरन कब्जा करने की शिकायत की है। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि उपरोक्त संपत्ति वक्फ बोर्ड की है। वक्फ बोर्ड ने इसकी देखरेख के लिए वर्ष 2017 में एक कमेटी गठित की है। कमेटी द्वारा देखभाल कर वहां विकास कार्य भी किया जा रहा है। परंतु कुछ दबंगों द्वारा कमिटी को दरकिनार कर वहां जबरन कब्जा कर मनमानी की जा रही है। वहीं चरक कला से आइ शहीद बीएसएफ जवान की धर्मपत्नी ने अनुकंपा के आधार पर नियोजन देने का आवेदन दिया। उपायुक्त ने सभी आवेदनों का निष्पादन करने के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद भी मौजूद थे।


## सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा (भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र VII

### झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
### (भू-अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार

### अधिघोषणा

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा सं0 .............................. दिनांक..............................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि ग्राम – गोरारजोर, थाना नं0 – 28 थाना – केरसई, अंचल – केरसई में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – ठेठाईटांगर–बोलबा–केरसई–किनकेल पथ (**MDR-041**) (कुल –लंबाई–57.9 कि0मी0) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोषित किया जाता है कि ग्राम – गोरारजोर, थाना नं0 – 28, थाना – केरसई, अंचल – केरसई जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए कमोवेश **9.327** एकड़ यानि **3.77450** हेक्टेयर मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या | | | | वृक्ष | | संरचनाएँ | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प.0 | किस्म | संख्या | प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 77 | 299 | रैयती | टांड़ दो | 0.044 | सोमरा प्रधान | अमरनाथ | तालमली देवी | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 2 | 71 | 300 | रैयती | टांड़ तीन | 0.028 | सोबरन मांझी | जोसेफ एक्का | तालमली देवी | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 3 | 47 | 301 | रैयती | टांड़ तीन | 0.003 | बिरसा उरांव वगैरह | जोसेफ एक्का | अमरनाथ मांझी | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 4 | 47 | 302 | रैयती | टांड़ तीन | 0.009 | बिरसा उरांव वगैरह | जोसेफ एक्का | अमरनाथ मांझी | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 5 | 26 | 305 | रैयती | टांड़ तीन | 0.05 | विश्राम मांझी वगैरह वल्द मनजीत मांझी | | | | | | | | |
| 6 | 45 | 317 | रैयती | टांड़ तीन | 0.153 | घाघु मांझी | रजून प्रधान | रजनू प्रधान | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 7 | 68 | 318 | रैयती | टांड़ तीन | 0.035 | कन्दरा प्रधान वगैरह | नीज | नीज | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 8 | 68 | 319 | रैयती | परती कदीम | 0.018 | कन्दरा प्रधान वगैरह | नीज | नीज | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 9 | 68 | 321 | रैयती | दोन एक | 0.004 | कन्दरा प्रधान वगैरह | नीज | नीज | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 10 | 68 | 328 | रैयती | टांड़ तीन | 0.008 | कन्दरा प्रधान वगैरह | रजून प्रधान | रजनू प्रधान | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 11 | 68 | 330 | रैयती | टांड़ दो | 0.016 | कन्दरा प्रधान वगैरह | तालमली देवी | तालमली देवी | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 12 | 41 | 351 | रैयती | टांड़ तीन | 0.217 | बुढ़ा मांझी वगैरह | सीमाना | तालमली देवी | नीज | नीज | | | | |
| 13 | 41 | 352 | रैयती | टांड़ तीन | 0.008 | बुढ़ा मांझी वगैरह | भरत उरांव | जोसेफ | सड़क | नीज | | | | |
| 14 | 36 | 353 | रैयती | दोन तीन | 0.001 | फौदा उरांव वगैरह | देवलु | सुमित | सड़क | नीज | | | | |
| 15 | 77 | 357 | रैयती | टांड़ तीन | 0.194 | सोमरा प्रधान | सुरेन्द्र मांझी | रजून प्रधान | नीज | नीज | | | | |
| 16 | 68 | 361 | रैयती | परती कदीम | 0.03 | कन्दरा प्रधान वगैरह | 362 | 362 | नीज | रास्ता | | | | |
| 17 | 68 | 362 | रैयती | टांड़ तीन | 0.073 | कन्दरा प्रधान वगैरह | रजून प्रधान | नीज | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 18 | 74 | 365 | रैयती | टांड़ तीन | 0.02 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | मनोहर | नीज | सड़क | नीज | | | | |
| 19 | 64 | 370 | रैयती | टांड़ तीन | 0.006 | भूखल मांझी | सड़क | लक्ष्मण प्रधान | नीज | रास्ता | | | | |
| 20 | 68 | 371 | रैयती | टांड़ तीन | 0.014 | कन्दरा प्रधान वगैरह | मगना | रजून प्रधान | नीज | रास्ता | | | | |
| 21 | 68 | 373 | रैयती | दोन तीन | 0.01 | कन्दरा प्रधान वगैरह | सड़क | नीज | नीज | सड़क | | | | |
| 22 | 68 | 375 | रैयती | दोन तीन | 0.044 | कन्दरा प्रधान वगैरह | नीज | 376 | नीज | सड़क | | | | |
| 23 | 70 | 377 | रैयती | टांड़ दो | 0.005 | सोबरन मांझी | झारखण्ड सरकार | रास्ता | नीज | सड़क | | | | |
| 24 | 70 | 379 | रैयती | टांड़ दो | 0.035 | सोबरन मांझी | रास्ता | झारखण्ड सरकार | नीज | सड़क | | | | |
| 25 | 45 | 416 | रैयती | परती कदीम | 0.05 | घाघु मांझी | झारखण्ड सरकार | फिरन | नीज | सड़क | | | | |
| 26 | 74 | 418 | रैयती | टांड़ तीन | 0.025 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | झमन | नीज | नीज | सड़क | | | | |
| 27 | 74 | 419 | रैयती | टांड़ तीन | 0.146 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | सड़क | | | | |
| 28 | 74 | 420 | रैयती | दोन तीन | 0.007 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | सड़क | | | | |
| 29 | 74 | 529 | रैयती | टांड़ तीन | 0.003 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | सड़क | नीज | सड़क | | | | |
| 30 | 29 | 530 | रैयती | दोन एक | 0.014 | हरदुगन उरांव वो सामेल उरांव | सड़क | सड़क | नीज | सड़क | | | | |
| 31 | 28 | 531 | रैयती | दोन एक | 0.021 | हरदुगन उरांव वो सामेल उरांव जकरीयस उरांव | नीज | सड़क | रास्ता | रास्ता | | | | |
| 32 | 36 | 537 | रैयती | टांड़ तीन | 0.037 | फौदा उरांव वो जैमसी उरांव पे0 – महली उरांव | नीज | नीज | बलमदीना | बांध | | | | |
| 33 | 35 | 538 | रैयती | टांड़ तीन | 0.077 | फौदा उरांव वो जैमसी उरांव पे0 – महली उरांव | विज्ञान एक्का | इसाहक एक्का | नीज | सड़क | | | खपरैल मकान (विश्राम एक्का) | |
| 34 | 47 | 617 | रैयती | टांड़ तीन | 0.161 | बिरसा उरांव वगैरह | नीज | सड़क | झारखण्ड सरकार | जोनसन एक्का | | | | |
| 35 | 35 | 618 | रैयती | टांड़ तीन | 0.167 | फौदा उरांव वगैरह | नीज | सड़क | विज्ञान एक्का | नीज | | | | |
| 36 | 35 | 623 | रैयती | परती कदीम | 0.014 | फौदा उरांव वगैरह | मनसिद | नीज | नीज | सड़क | | | | |
| 37 | 36 | 627 | रैयती | टांड़ तीन | 0.012 | फौदा उरांव वगैरह | नीज | सड़क | जोनसन | सड़क | | | | |
| 38 | 28 | 628 | रैयती | दोन एक | 0.046 | हरदुगन उरांव वो सामेल उरांव जकरीयस उरांव | नीज | जोनसन | नीज | सड़क | | | | |
| 39 | 26 | 630 | रैयती | मोटा आर | 0.022 | विश्राम मांझी वगैरह वल्द मनजीत मांझी | नीज | नीज | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 40 | 4 | 638 | रैयती | दोन एक | 0.01 | आशरीत उरांव वो मीखाइल उरांव अलफेरेड उरांव, मंगरा उरांव वो इशहाक उरांव मंगलदास उरांव | बसंता एक्का | विज्ञान एक्का | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 41 | 28 | 639 | रैयती | मोटा आर | 0.011 | हरदुगन उरांव वो सामेल उरांव, जकरियस उरांव | सुमित | फिरन | सड़क | नीज | | | | |
| 42 | 74 | 681 | रैयती | टांड़ तीन | 0.014 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 43 | 74 | 683 | रैयती | टांड़ तीन | 0.04 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 44 | 74 | 685 | रैयती | टांड़ तीन | 0.075 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | सड़क | | | | |
| 45 | 13 | 686 | रैयती | टांड़ दो | 0.02 | बुधराम पाहन वल्द पीतरु पाहन वो रामनाथ पाहन वो जहुरन पाहन वो हरी पाहन पे0 गोंझु पाहन | बलमदीना उरांव | नीज | नीज | सड़क | | | | |
| 46 | 4 | 687 | रैयती | टांड़ दो | 0.047 | आशरीत उरांव वो मीखाइल उरांव अलफेरेड उरांव, मंगरा उरांव वो इशहाक उरांव मंगलदास उरांव | मनोज | फिरन | नीज | सड़क | | | | |
| 47 | 4 | 688 | रैयती | टांड़ दो | 0.029 | आशरीत उरांव वो मीखाइल उरांव अलफेरेड उरांव, मंगरा उरांव वो इशहाक उरांव मंगलदास उरांव | अमरनाथ | बलमदीना | नीज | सड़क | | | खपरैल मकान (मनोज खेस्स) | |
| 48 | 70 | 689 | रैयती | टांड़ तीन | 0.071 | सोबरन मांझी | अमरनाथ | मनोज | नीज | सड़क | | | | |
| 49 | 77 | 712 | रैयती | टांड़ दो | 0.002 | सोमरा प्रधान | नीज | सड़क | नीज | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 50 | 74 | 721 | रैयती | दोन तीन | 0.05 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | सड़क | नीज | सड़क | | | | |
| 51 | 74 | 722 | रैयती | दोन तीन | 0.002 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | सड़क | | | | |
| 52 | 74 | 724 | रैयती | दोन दो | 0.029 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 53 | 74 | 725 | रैयती | दोन एक | 0.006 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 54 | 74 | 726 | रैयती | दोन तीन | 0.013 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 55 | 74 | 727 | रैयती | दोन तीन | 0.013 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 56 | 74 | 729 | रैयती | दोन तीन | 0.022 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | नीज | | | खपरैल मकान (दशरथ मांझी) | |
| 57 | 74 | 731 | रैयती | टांड़ तीन | 0.022 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 58 | 74 | 732 | रैयती | दोन तीन | 0.014 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 59 | 4 | 734 | रैयती | टांड़ तीन | 0.054 | अशरीत उरांव मिखाएल उरांव अलफेरेड उरांव मंगरा उरांव वो इशहाक उरांव मंगलदास उरांव | नीज | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 60 | 74 | 735 | रैयती | दोन तीन | 0.028 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | नीज | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 61 | 74 | 747 | रैयती | टांड़ तीन | 0.039 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | तालमली देवी | नीज | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 62 | 74 | 748 | रैयती | टांड़ तीन | 0.016 | शीखर पाहन, अभरन पाहन चीनतु पाहन वो गोंझु पाहन | फीस मांझी | नीज | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 63 | 26 | 1195 | रैयती | टांड़ तीन | 0.016 | विश्राम मांझी वगैरह वल्द मनजीत मांझी | देवलु मांझी | जनसन एक्का | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 64 | 88 | 1218 | रैयती | टांड़ | 0.011 | मकन मांझी वल्द बुगला मांझी | देवली मांझी | जनसन एक्का | पक्का सड़क | नीज | | | | |
| 65 | 100 | 1219 | रैयती | परती कदीम | 0.011 | परसराम गोंझु वो हीराराम गोंझु वगै0 | | | | | | | | |
| 66 | 112 | 1220 | रैयती | टांड़ तीन | 0.079 | सुखमनी कुमारी जौजे स्व0 दशरथ प्रधान | 1220 | 1241 | 1241 | 1220 | | | | |
| 67 | 112 | 1221 | रैयती | परती कदीम | 0.224 | सुखमनी कुमारी जौजे स्व0 दशरथ प्रधान | नीज | सड़क | नीज | मनोहर | | | | |
| 68 | 85 | 1239 | रैयती | टांड़ तीन | 0.054 | बन्धना खड़ीया वो मसीप्रकाश खड़ीया | नीज | सड़क | ईसवी | झारखण्ड सरकार | | | | |
| 69 | 97 | 1240 | रैयती | टांड़ तीन | 0.041 | रामचन्दर साव पिता खेदन साव | नीज | रास्ता | 1423 | 1240 | | | | |
| 70 | 120 | 1241 | रैयती | टांड़ तीन | 0.105 | दाउद खड़ीया वगैरह | नीज | रास्ता | 1239 | 1241 | | | | |
| 71 | 85 | 1243 | रैयती | टांड़ तीन | 0.03 | परसराम गोंझू | | | | | | | | |
| 72 | 129 | 1244 | रैयती | टांड़ तीन | 0.036 | महानन्द उरांव वगै0 पे0 शोनीआ उरांव | रास्ता | लोटेम केरकेट्टा | नीज | सड़क | | | | |
| 73 | 97 | 1398 | रैयती | टांड़ तीन | 0.015 | लछुमन गोंझू वल्द भौवा गोंझू | | | | | | | | |
| 74 | 93 | 1399 | रैयती | टांड़ तीन | 0.038 | जीरात | | | | | | | | |
| 75 | 89 | 1402 | रैयती | टांड़ दो | 0.057 | लखन गोंझू | | | | | | | | |
| 76 | 91 | 1403 | रैयती | टांड़ दो | 0.047 | छकन गोंझू वो बिछारु गोंझू पे0 महिन्द्र गोंझु | | | | | | | | |
| 77 | 91 | 1404 | रैयती | परती कदीम | 0.013 | छकन गोंझु वो बिछारु गोंझु | रास्ता | नीज | रास्ता | 1243 | | | | |
| 78 | 88 | 1405 | रैयती | टांड़ दो | 0.039 | मकन मांझी | नीज | नीज | नीज | नीज | | | | |
| 79 | 97 | 1406 | रैयती | टांड़ दो | 0.032 | मोती साव वगै0 | | | | | | | | |
| 80 | 98 | 1409 | रैयती | टांड़ दो | 0.004 | लछन गोंझू वल्द भौवा गंझू | | | | | | | | |
| 81 | 116 | 1410 | रैयती | टांड़ दो | 0.251 | सुईया खड़ीआ | नीज | सड़क | नीज | नीज | | | एस्बेस्टस मकान (नारायण केरकेट्टा) | |
| 82 | 116 | 1411 | रैयती | टांड़ तीन | 0.056 | सुईया खड़ीआ | नीज | सड़क | नीज | नीज | | | | |
| 83 | 101 | 1515 | रैयती | टांड़ दो | 0.019 | पारासराम गोंझु वगै0 | 1408 | 1406 | 1406 | 1398 | | | | |
| 84 | 133 | 1516 | गै0म0 | टांड़ दो | 0.026 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 85 | 116 | 1518 | रैयती | टांड़ तीन | 0.018 | सुईया खड़ीआ | | | | | | | | |
| 86 | 105 | 1519 | रैयती | टांड़ तीन | 0.126 | चरन उरांव वो प्रेम उरांव वो नुअश उरांव वो इलियाजर उरांव वो जोहन उरांव वो दाउद उरांव वो पतरस उरांव पे0 लछुमन उरांव बांडा उरांव वो डेबरा उरांव पे0 शीरु उरांव | नीज | जीवन मिंज | पक्का मकान | नीज | | | | |
| 87 | 105 | 1521 | रैयती | टांड़ दो | 0.039 | चरन उरांव वो प्रेम उरांव वो नुअश उरांव वो इलियाजर उरांव वो जोहन उरांव वो दाउद उरांव वो पतरस उरांव पे0 लछुमन उरांव बांडा उरांव वो डेबरा उरांव पे0 शीरु उरांव | तिन्तुस | नोवेल मिंज | नीज | पक्का सड़क | | | | |
| 88 | 105 | 1522 | रैयती | टांड़ दो | 0.101 | चरन उरांव वो प्रेम उरांव वो नुअश उरांव वो इलियाजर उरांव वो जोहन उरांव वो दाउद उरांव वो पतरस उरांव पे0 लछुमन उरांव बांडा उरांव वो डेबरा उरांव पे0 शीरु उरांव | तिन्तुस | नोवेल मिंज | नीज | पक्का सड़क | | | | |
| 89 | 105 | 1523 | रैयती | टांड़ दो | 0.015 | चरन उरांव वो प्रेम उरांव वो नुअश उरांव वो इलियाजर उरांव वो जोहन उरांव वो दाउद उरांव वो पतरस उरांव पे0 लछुमन उरांव बांडा उरांव वो डेबरा उरांव पे0 शीरु उरांव | तिन्तुस | नोवेल मिंज | नीज | पक्का सड़क | | | | |
| 90 | 97 | 1525 | रैयती | टांड़ दो | 0.08 | मोती साव वगै0 | | | | | | | | |
| 91 | 105 | 1551 | रैयती | टांड़ तीन | 0.008 | चरन उरांव वो प्रेम उरांव वो नुअश उरांव वो इलियाजर उरांव वो जोहन उरांव वो दाउद उरांव वो पतरस उरांव पे0 लछुमन उरांव बांडा उरांव वो डेबरा उरांव पे0 शीरु उरांव | अनिल | रास्ता | अनिल | नीज | | | | |
| 92 | 105 | 1552 | रैयती | टांड़ दो | 0.026 | चरन उरांव वो प्रेम उरांव वो नुअश उरांव वो इलियाजर उरांव वो जोहन उरांव वो दाउद उरांव वो पतरस उरांव, बांडा उरांव वो डेबरा उरांव | नीज | रास्ता | सहाय | सहाय | | | | |
| 93 | 105 | 1553 | रैयती | टांड़ तीन | 0.017 | चरन उरांव वो प्रेम उरांव वो नुअश उरांव वो इलियाजर उरांव वो जोहन उरांव वो दाउद उरांव वो पतरस उरांव, बांडा उरांव वो डेबरा उरांव | सहाय | निझारेस | रास्ता | नीज | | | | |
| 94 | 105 | 1555 | रैयती | टांड़ दो | 0.036 | चरन उरांव वो प्रेम उरांव वो नुअश उरांव वो इलियाजर उरांव वो जोहन उरांव वो दाउद उरांव वो पतरस उरांव, बांडा उरांव वो डेबरा उरांव | सहाय | रास्ता | नीज | पक्का | | | | |
| 95 | 105 | 1556 | रैयती | टांड़ तीन | 0.038 | चरन उरांव वो प्रेम उरांव वो नुअश उरांव वो इलियाजर उरांव वो जोहन उरांव वो दाउद उरांव वो पतरस उरांव, बांडा उरांव वो डेबरा उरांव | निझारेस | सुमित | पक्का | नीज | | | | |
| 96 | 111 | 1660 | रैयती | टांड़ दो | 0.054 | फानुवेल उरांव वल्द मंगरा उरांव | सुमित | मनोहर | पक्का | नीज | | | | |
| 97 | 111 | 1661 | रैयती | टांड़ दो | 0.091 | फानुवेल उरांव वल्द मंगरा उरांव | सुमित | नवल | पक्का | नीज | | | | |
| 98 | 129 | 1683 | रैयती | टांड़ दो | 0.088 | महानन्द उरांव वगै0 पे0 शोनीआ उरांव | मनोहर | श्याम | पक्का | नीज | | | | |
| 99 | 108 | 1685 | रैयती | टांड़ दो | 0.092 | छेदी साव वो मथुरा साव | रामजी | नीज | पक्का | नीज | | | | |
| 100 | 41 | 1722 | रैयती | टांड़ दो | 0.017 | बुढ़ा मांझी वगैरह | 2190 | नदी | 2314 | 2188 | | | | |
| 101 | 38 | 2189 | रैयती | परती गढहा | 0.027 | सुकरु मांझी | 2314 | 2189 | 2314 | 2191 | | | | |
| 102 | 38 | 2190 | रैयती | परती कदीम | 0.018 | सुकरु मांझी | 2318 | 2315 | 2324 | 2315 | | | | |
| 103 | 54 | 2316 | रैयती | टांड़ तीन | 0.043 | सिरु मांझी वगैरह | 2310 | 2316 | 2318 | 2315 | | | | |
| 104 | 38 | 2317 | रैयती | टांड़ तीन | 0.015 | सुकरु मांझी | 2310 | 2316 | 2324 | 2317 | | | | |
| 105 | 38 | 2318 | रैयती | टांड़ तीन | 0.024 | सुकरु मांझी | 2320 | 2324 | 2323 | 2310 | | | | |
| 106 | 54 | 2319 | रैयती | टांड़ तीन | 0.018 | सिरु मांझी वगैरह | 2322 | 2324 | 2324 | 2319 | | | | |
| 107 | 38 | 2323 | रैयती | परती कदीम | 0.014 | सुकरु मांझी | | | | | | | | |
| 108 | 38 | 2324 | रैयती | टांड़ तीन | 0.155 | सुकरु मांझी | | | | | | | | |
| 109 | 108 | 2332 | रैयती | टांड़ दो | 0.057 | छेदी साव वो मथुरा साव | नवल किशोर | पक्का मकान | नीज | नीज | | | | |
| 110 | 83 | 306 | गै0म0 मालिक | परती गढ़हा | 0.048 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 111 | 83 | 363 | गै0म0 मालिक | परती कदीम | 0.014 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 112 | 84 | 364 | गै0म0 मालिक | रास्ता | 1.415 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 113 | 83 | 376 | गै0म0 मालिक | परती कदीम | 0.022 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 114 | 83 | 415 | गै0म0 मालिक | परती कदीम | 0.065 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 115 | 83 | 536 | गै0म0 मालिक | परती कदीम | 0.028 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 116 | 83 | 629 | गै0म0 मालिक | परती कदीम | 0.072 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 117 | 83 | 633 | गै0म0 मालिक | परती कदीम | 0.049 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 118 | 83 | 636 | गै0म0 मालिक | परती कदीम | 0.026 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 119 | 83 | 637 | गै0म0 मालिक | परती कदीम | 0.028 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 120 | 83 | 640 | गै0म0 मालिक | परती पथल | 0.068 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 121 | 84 | 684 | गै0म0 आम | रास्ता | 1.131 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 122 | 84 | 713 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.01 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 123 | 84 | 723 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.009 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 124 | 84 | 730 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.038 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 125 | 84 | 733 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.009 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 126 | 96 | 1205 | गै0म0 मालिक | परती कदीम | 0.054 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 127 | 133 | 1242 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.259 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 128 | 133 | 1412 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.012 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 129 | 133 | 1524 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.263 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 130 | 133 | 1684 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.523 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 131 | 83 | 1721 | गै0म0 मालिक | परती कदीम | 0.01 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 132 | 83 | 2314 | गै0म0 मालिक | नाला | 0.014 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 133 | 83 | 2315 | गै0म0 मालिक | परती गढहा | 0.033 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 134 | 83 | 2326 | गै0म0 मालिक | नदी | 0.102 | गैरमजरुआ मालिक | | | | | | | | |
| 135 | 84 | 1556/2328 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.143 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| 136 | 84 | 724/2347 | गै0म0 आम | रास्ता | 0.007 | गैरमजरुआ आम | | | | | | | | |
| कुल | | | | | 9.327 | | | | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों को सुनने और अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा– 15(1) में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन सिमडेगा

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा

अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा

उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 346215 Simdega (24-25)_D

# ओड़िशा की अक्षय ऊर्जा में निवेश को इच्छुक है एचआइएफ

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** उत्कर्ष ओड़िशा कॉन्क्लेव के बाद भी ओड़िशा में निवेश करने के लिए अवि भी आगे आ रहे है। चिली की बहुराष्ट्रीय कंपनी एचआइएफ ग्लोबल इंडिया ने ओडिशा में अक्षय ऊर्जा में निवेश करने में रुचि व्यक्त की है। मंगलवार को लोक सेवा भवन सभाकक्ष में उपमुख्यमंत्री एवं कृषि एवं किसान सशक्तिकरण, ऊर्जा मंत्री कनक वर्धन सिंहदेव के समक्ष ई-ईंधन उत्पादन पर एक प्रस्तुति दी।

आज कल बायोफ्यूल की काफी मांग है। पर्यावरण की रक्षा और पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाये रखने के लिए ई-ईंधन की आवश्यकता है। एचआइएफ ग्लोबल इंडिया कंपनी वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका, चिली, उरुग्वे, ऑस्ट्रेलिया आदि में मेथनॉल सिंथेसिस के क्षेत्र में काम कर रही है। ओड़िशा ने भी लगभग 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मेथनॉल सिंथेसिस परियोजना शुरू करने में रुचि व्यक्त की है। वह सरकार द्वारा दिये गये नियमों के अनुसार निवेश करने के लिए बहुत इच्छुक हैं। सरकार से 50 एकड़ जमीन, जलापूर्ति और बिजली आपूर्ति जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।

ओड़िशा अब 100 प्रतिशत निवेश अनुकूल है। हम सरकार की गाइडलाइन के अनुसार हर तरह की सुविधा उपलब्ध कराने को तैयार हैं। हमारे पास निवेश-अनुकूल सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम है। उपमुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि आप भी इसका उपयोग कर सकते हैं।

अनुमान है कि इस परियोजना से शुरू में 250 से अधिक लोगों के लिए और बाद में 500 से अधिक लोगों के लिए रोजगार पैदा होगा और 3,50,000 टन का वार्षिक ई-मेथनॉल उत्पादन होगा। कार्बन उत्सर्जन में 95 प्रतिशत की कमी आयेगी। बैठक में ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव विशाल देव, इपिकल के एमडी भूपिंद्र सिंह पूनिया, टाटा पावर और ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# जयदेव बिहार से नंदनकानन तक फ्लाईओवर का काम जल्द शुरू होगा

- टेक्निकल कार्य जल्द ही शुरू किया जायेगा : पृथ्वीराज हरिचंदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** राजधानी के निवासियों को ट्रैफिक समस्या से राहत मिलेगी। जयदेव बिहार-नंदनकानन फ्लाईओवर का काम जल्द शुरू होने वाला है। यह जानकारी परिवहन मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने मंगलवार को दी। मंत्री ने कहा कि सरकार पहले ही इस परियोजना को मंजूरी दे चुकी है। जल्द ही टेक्निकल कार्य शुरू हो जायेगा। मंत्री हरिचंदन ने कहानया फ्लाईओवर जयदेव बिहार राष्ट्रीय राजमार्ग के मौजूदा फ्लाईओवर को जोड़ते हुए नंदनकानन तक जायेगा। इसके अलावा प्रमुख चौराहों के बीच में एस्केप वे भी होंगे। इससे ओवरब्रिज पर जाने वाले लोगों को उतरने में आसानी होगी, जो रास्ता नीचे चल रहा है, वह जारी रहेगा। इसके अलावा इसके साथ ऊपर 4-लेन सड़क का निर्माण किया जायेगा, जो आने वाले दिनों में भुवनेश्वर की जीवन रेखा बन जायेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि परियोजना का एक बड़ा हिस्सा वित्तीय वर्ष 2027-28 के अंत तक पूरा हो जायेगा।

# जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन को मिला पुरस्कार

- संबलपुर और झारसुगुड़ा जिलों में असाधारण सीएसआर पहल के लिए किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के समग्र विकास की दिशा में अपने निरंतर प्रयासों की एक महत्वपूर्ण मान्यता में, जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन को 23 जनवरी को भुवनेश्वर के होटल एक्सेलेंसी में आयोजित 15वें भारत सीएसआर शिखर सम्मेलन और पुरस्कारों में प्रतिष्ठित भारत सीएसआर विकसित ओड़िशा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार ओड़िशा के संबलपुर और झारसुगुड़ा जिलों में जेएसडब्ल्यू समूह की उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल की स्वीकृति में प्रदान किया गया था, जहां कंपनी जेएसडब्ल्यू भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड (बीपीएसएल), जेएसडब्ल्यू एनर्जी उत्कल लिमिटेड सहित अपनी प्रमुख सुविधाएं संचालित करती है।

इंडिया सीएसआर विकसित ओड़िशा पुरस्कार उन संगठनों को मान्यता देता है, जिन्होंने ओड़िशा के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विकास में असाधारण योगदान का प्रदर्शन किया है। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की सीएसआर पहल ने स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, बुनियादी ढांचे, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक कल्याण में सतत विकास कार्यक्रमों के माध्यम से संबलपुर और झारसुगुड़ा में लोगों के जीवन को प्रभावित करते हुए क्षेत्रों में परिवर्तनकारी परिवर्तन किया है। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की प्रमुख परियोजनाओं में जेएसडब्ल्यू उड़ान छात्रवृत्ति, मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र और मो-स्कूल अभियान समर्थन जैसी प्रमुख पहल शामिल हैं। स्वास्थ्य सेवा में, निक्षय मित्र पहल के माध्यम से प्रधान मंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के समर्थन के साथ-साथ झारसुगुड़ा जिला अस्पताल में मोबाइल मेडिकल यूनिट, सामुदायिक औषधालय का संचालन और ट्रॉमा केयर सेंटर की स्थापना।

बुनियादी ढांचे के विकास में, जेएसडब्ल्यू ने उद्योग विहार, गोलेबाजार और संबलपुर का निर्माण किया है। संबलपुर बस स्टैंड का नवीनीकरण किया है और प्रसन्ना पटनायक चौक से बीजू पटनायक चौक तक स्ट्रीट लाइटें लगायी हैं। चल रही परियोजनाओं में रेंगाली में एक टाउन हॉल और थेलकोलोई कल्याण मंडप शामिल हैं। फाउंडेशन ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकास भी करता है, जिलों में सामुदायिक केंद्रों, सामुदायिक शौचालयों का निर्माण करता है। इसके अतिरिक्त, खरह स्थानीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वच्छता, उद्यमिता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देता है।

15वें भारत सीएसआर शिखर सम्मेलन और पुरस्कार, जिसका विषय ओड़िशा में सीएसआर को बढ़ावा देनाः ओडिशा की अग्रणी सीएसआर पहल का प्रदर्शन है, ने ओड़िशा के समुदायों के सामने आने वाली प्रमुख चुनौतियों के समाधान में सीएसआर की परिवर्तनकारी क्षमता पर प्रकाश डाला। शिखर सम्मेलन ने ओड़िशा के स्थायी भविष्य को आकार देने में सीएसआर की भूमिका पर चर्चा करने के लिए नीति निर्माताओं, कॉर्पोरेट नेताओं और सामुदायिक हितधारकों को एक साथ लाया। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन का पुरस्कार दीर्घकालिक सकारात्मक बदलाव लाने और राज्य के सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास में योगदान देने की उसकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

शिखर सम्मेलन में जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की मान्यता सीएसआर में अग्रणी के रूप में इसकी स्थिति को और मजबूत करती है, जो ओड़िशा के विविध समुदायों की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किये गये अभिनव, टिकाऊ समाधानों के माध्यम से स्थायी परिवर्तन लाती है।

# बरपाली में नयी 11 केवी फीडर लाइन चार्ज की गयी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बुर्ला ओवरलोडिंग और लो-वोल्टेज समस्याओं के समाधान के लिए बरपाली शहर के बिजली उपभोक्ताओं के लिए टीपीडब्ल्यूओडीएल द्वारा एक नयी और समर्पित 11 केवी फीडर लाइन स्थापित और चालू की गयी है। इस नयी 11 केवी फीडर लाइन का निर्माण आधुनिक तकनीक से किया गया है।

इस फीडर लाइन स्थापना से बरपाली शहर को बिजली सप्लाई करने वाली वर्तमान फीडर लाइन दो भागों में बंट गयी है। इसके फलस्वरूप बरपाली शहर में लंबे समय से उत्पन्न होने वाली ओवरलोडिंग एवं लो-वोल्टेज संबंधी समस्याओं का समाधान हो सकेगा। इस नयी 11 केवी फीडर लाइन से बरपाली क्षेत्र के लगभग 5000 उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।

टीपीडब्ल्यूओडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण बर्मा ने कहा कि बरगढ़ जिले के प्रमुख क्षेत्र बरपाली क्षेत्र के लिए इस नयी 11 केवी फीडर लाइन के सफलतापूर्वक पूरा होने से ओवरलोडिंग और लो-वोल्टेज जैसी समस्याएं दूर हो जायेंगी, जिससे हमारे बिजली उपभोक्ताओं को उनकी दैनिक जरूरतों के लिए अधिक विश्वसनीय बिजली सेवा प्रदान की जायेगी। इस परियोजना पर कंपनी द्वारा एक करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं।

# भक्त चरण दास बने पीसीसी के अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रदेश कांग्रेस को नया मुखिया मिला। एआइसीसी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता भक्त चरण दास को नया पीसीसी प्रमुख नियुक्त किया गया है। एआइसीसी साधारण संपादक केसी बेनुगोपाल ने इसकी जानकारी दी। हालांकि 2024 के आम चुनावों में कांग्रेस की करारी हार के बाद, हाइकमान ने कांग्रेस की सभी समितियों को भंग कर दिया था। इसके बाद शरत पटनायक ने पीसीसी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। लंबे समय बाद भी कांग्रेस अपना अध्यक्ष नहीं चुन सकी। इस बात की काफी चर्चा थी कि कांग्रेस का नया ओड़िशा प्रमुख कौन होगा। इस बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता भक्त चरण दास को कांग्रेस हाइकमान ने नयी जिम्मेदारी दी है।

# कटक रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास जोरों पर

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** कटक रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंच गयी है। स्टेशन गेट नंबर वन के सामने स्थित स्टेशन बाजार क्षेत्र में अनधिकृत दुकानों और निर्माणों को हटाना आवश्यक था। इसअभियान ने स्टेशन पुनर्विकास परियोजना को सुव्यवस्थित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, जिसका उद्देश्य कटक रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं के साथ एक विश्व स्तरीय स्टेशन में बदलना है।

कटक स्टेशन के सामने परिवहन सुविधाओं और आसपास के क्षेत्र में 32 दुकानों को हटाने की आवश्यकता थी। इसके लिए पूर्व तट रेलवे द्वारा कार्यकारी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के संयुक्त सहयोग से अनधिकृत बेदखली अभियान चलाया गया। इस अभियान के परिणामस्वरूप 30 दुकानों को सफलतापूर्वक हटाया गया, जिनमें से 2 दुकानों को नहीं हटाया जा सका क्योंकि वे अदालत के आदेश की प्रतीक्षा कर रहे थे। इन अनधिकृत बेदखली के परिणामस्वरूप, स्टेशन के सामने की अब सकुर्लेटिंग एरिया का विकास और सड़क निर्माण शुरू हो सकेगा। यात्रियों के लिए उचित यातायात और आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा 10 मीटर चौड़ी सड़क को 18 मीटर तक चौड़ा किया जायेगा। इस अनधिकृत बेदखली परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करना महत्वपूर्ण माना जाता है। कटक रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं, आधुनिक बुनियादी ढांचा और वैश्विक सेवाएं प्रदान की जायेंगी। इस महत्वपूर्ण कदम से कटक स्टेशन का पुनर्विकास तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

## एनटीपीसी तालचेर थर्मल का सामुदायिक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

# अरहाट विजेता और कुलेई टीम उपविजेता रही





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** तालचेर सामुदायिक विकास पहल के तहत, एनटीपीसी तालचेर थर्मल ने 6 से 10 फरवरी तक बंतोल गांव में एक भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस आयोजन में चार ग्राम पंचायतों–बंतोल, संथपड़ा, गुरुजांगुली और जगन्नाथपुर की टीमों ने भाग लिया। इससे खेल भावना और समुदायिक सौहार्द को बढ़ावा मिला।

इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों के बाद अरहाट विजेता बना, जबकि कुलेई उपविजेता रहा। इस आयोजन ने न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को अपने क्रिकेट कौशल को दिखाने का अवसर दिया, बल्कि गांवों के बीच एकता को भी मजबूत किया।

एनटीपीसी तालचेर थर्मल के परियोजना प्रमुख विजय चंद ने इस अवसर पर कहा कि एनटीपीसी तालचेर थर्मल में हम खेलों की शक्ति में विश्वास करते हैं, जो समुदायों को एकजुट करने और युवाओं को प्रेरित करने का कार्य करता है। यह क्रिकेट टूर्नामेंट न केवल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित करता है, बल्कि ग्राम पंचायतों के बीच संबंधों को भी मजबूत करता है। हम ऐसे आयोजनों को निरंतर समर्थन देते रहेंगे, जो क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान करते हैं।

एनटीपीसी तालचेर थर्मल सामाजिक कल्याण और सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए विभिन्न सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से संलग्न रहता है।

# एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने ओड़िशा के मुख्यमंत्री से मुलाकात की



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ओड़िशा में हैं। उन्होंने मंगलवार को भुवनेश्वर में ओड़िशा महिला आयोग के 32वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक विशेष समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर राज्य की उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा, आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की प्रधान सचिव शुभा शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा विशेष आमंत्रित सदस्य उपस्थित थे। बाद में रहाटकर ने ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान एनसीडब्ल्यू प्रमुख ने विवाह-पूर्व परामर्श केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने इसके लिए अपनी मंजूरी दे दी। समारोह के बाद उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि ओड़िशा में महिलाओं के लिए अच्छा समय आने वाला है, क्योंकि ओड़िशा में मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के साथ विवाह पूर्व कार्यशाला शुरू होने जा रही है। महिला एवं बाल विकास मंत्री होने के नाते मैं इस प्रस्ताव के लिए राष्ट्रीय महिला आयोग प्रमुख को धन्यवाद देती हूं। युवा जोड़े अक्सर काउंसलिंग के अभाव में तलाक ले रहे हैं। इसलिए इस साल महिला आयोग मातृ न्यायालय की तरह काम करेगा और महिलाओं में वैवाहिक जीवन के प्रति जागरूकता पैदा करेगा। इस संबंध में गांव-गांव में बैठकें आयोजित की जायेंगी। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष इस यात्रा के दौरान ओड़िशा महिला आयोग के कार्यों की समीक्षा करेंगी तथा कैंप कोर्ट का आयोजन करेंगी।

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture
LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

POPKORN cinemas
SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing




Schedule For 08th Feb., 2025 onwards!

| | |
|---|---|
| at Screen-1 (Sujata) | |
| Sanam Teri Kasam | : 11.00, 1.45, 4.45, 7.30 |
| at Screen-2 (Miniplex) | |
| Badass Ravi Kumar | : 10.15, 6.30 |
| Sanam Teri Kasam | : 12.45, 3.45 |
| at Popkorn Cinemas | |
| Badass Ravi Kumar | : 11.45, 1.30, 2.30, 4.15, 5.15, 7.15 |
| Sanam Teri Kasam | : 10.45, 8.00 |

*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
• Only Female.
• Age 30 to 45 Years.
• Minimum Qualification Graduation
• Married only.
• Experience को वरियता
Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly)
+Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है..
ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS-XI 2025
With OMR Sheet for Practice
JCERT द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित
ARTS, SCIENCE, COMMERCE एवं विज्ञान के लिए अलग-अलग पुस्तक
मूल्य ₹190
All Subjects Combined in ONE BOOK
Arts Subject: Hindi (Core), English (Core), Hindi (Elective), English (Elective), Economics, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Philosophy and Home Science
Science Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Physics, Chemistry, Mathematics, Biology and Computer Science
Commerce Subject: Hindi (Core), English (Core), Economics, Accountancy, Business Studies, Commercial Arithmetic, Entrepreneurship and Computer Science
विज्ञान विषय: हिन्दी (कोर), अंग्रेजी (कोर), अर्थशास्त्र, भौतिकी, रसायन, गणित, जीवविज्ञान एवं कम्प्यूटर साईंस
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें!

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**